माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 176, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 16

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 15

## सोनिया ने लिखी रायबरेली को चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली



▸▸ अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास

**अमृत विचार** : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी जी को जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

## पंजाब में पटरियों पर बैठे किसान, ट्रेनों का मार्ग बदला

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था।

**कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव**



पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रह सकता है। हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कई टोल प्लाजा पर प्रदर्शन भी किया। होशियारपुर में किसानों ने जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया। दोआबा किसान कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने चोलांग और हरसे मानसर में टोल प्लाजाओं का घेराव किया और वहां धरना दिया। उन्होंने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारे लगाए और किसानों के लिए न्याय की मांग की।

### हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान में आप की भागीदारी को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी करना सही नहीं है लेकिन उनके (किसानों के) व्यवहार से पता चलता है कि उन्हें किसी तरह का समर्थन प्राप्त है।

### एक नजर

#### किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

#### यूएपीए संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले व्यक्तियों और समूहों ने गुरुवार को अचानक उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिकाएं वापस ले लीं और कहा कि उन्होंने उचित मंचों पर जाने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने बुधवार को आठ याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दे दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड पर लगाई रोक

## योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।



▸▸ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन

▸▸ 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

### ऑडिट रिपोर्ट : भाजपा को मिला सबसे अधिक चंदा

फैसले में 2017-18 से 2022-23 तक राजनीतिक दलों की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट का हवाला दिया गया, जिसमें ऐसे बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त पार्टी-वार चंदे को दर्शाया गया है। इस दौरान भाजपा को 6,566.11 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस को 1,123.3 करोड़ रुपये मिले। इसी अवधि के दौरान तृणमूल कांग्रेस को 1,092.98 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। फैसले में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना चुनाव में काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र साधन नहीं है।

### फैसले से लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा : कुरैशी

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस. वाई. कुरैशी ने इस फैसले पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों का लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता था। यह उच्चतम न्यायालय की ओर से पिछले पांच-सात वर्ष में दिया गया सबसे ऐतिहासिक निर्णय है। यह लोकतंत्र के लिए वरदान है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड को असंवैधानिक करार दिया। उच्चतम न्यायालय जिंदाबाद।

### शीर्ष कोर्ट के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है।

### फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

## लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

श्रीनगर, एजेंसी

▸▸ पार्टी प्रमुख एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने की घोषणा

▸▸ आप व टीएमसी ने भी किया है अकेले लड़ने का एलान

जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और केंद्र शासित प्रदेश में संभावित विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला ने यहां यह घोषणा की। इसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के अलावा क्षेत्रीय गठजोड़ पीएजीडी के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव एकसाथ होंगे। जहां तक सीटों के बंटवारे की बात है तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है।



नेशनल कॉन्फ्रेंस पिछले साल गठित इंडिया गठबंधन का हिस्सा रही है। इसमें कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद, शिवसेना (यूबीटी), टीएमसी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम और वामपंथी दल शामिल हैं। 'आप' और तृणमूल कांग्रेस ने भी कहा है कि वे क्रमशः पंजाब और पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी।

### सीटों को लेकर कांग्रेस से बातचीत जारी : उमर



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का घटक दल है और वह जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की छह लोकसभा सीटों में से तीन को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है। उमर अब्दुल्ला का स्पष्टीकरण नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के लोकसभा व विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने के बयान के कुछ ही देर बाद आया है।

## एसटीएफ ने असलहा तस्कर को दबोचा 10 पिस्टल बरामद, सरगना रक्षित फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अन्तर्जनपदीय स्तर पर असलहा की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई

▸▸ इंदौर से असलहा मंगाकर दिल्ली उत्तराखंड में भी करते थे सप्लाई

**अमृत विचार** : एसटीएफ ने बुधवार की रात सहारनपुर से एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 पिस्टल बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में सरगना और अन्तरराज्यीय असलहा तस्कर रक्षित त्यागी फरार हो गया। एसटीएफ उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है।



विनय त्यागी

एसटीएफ टीम ने सहारनपुर के मवाना बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पम्प के पास से असलहा तस्कर विनय त्यागी को गिरफ्तार किया। देवबंद (सहारनपुर) के रहने वाले विनय ने पूछताछ में बताया कि फरार साथी चरथावल मुजफ्फरनगर का रक्षित त्यागी था। उसके रूहाना मुजफ्फरनगर स्थित टोल पर कार्य करने के दौरान उसकी मुलाकात रक्षित त्यागी से हुई थी। उसके बाद से वह उसके द्वारा सौंपा गया कार्य करता था। वह मध्य प्रदेश से असलहा लाकर रक्षित को सौंप देता था। ऐसा दो बार वह कर चुका है। तीसरी बार वह इंदौर से असलहा लाया था। मेरठ में किसी को देना था। रक्षित उसी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एसटीएफ टीम पहुंच गई। इस दौरान वह पकड़ा गया जबकि रक्षित फरार होने में कामयाब रहा।

एसटीएस के मुताबिक विनय ने बताया कि रक्षित त्यागी कुख्यात अपराधी विक्की त्यागी का बेटा है तथा उसकी मां मीनू त्यागी जिला कारागार अम्बेडकरनगर में निरुद्ध है। विक्की त्यागी गैंग को रक्षित त्यागी ही संचालित कर रहा है। विनय त्यागी ने यह भी बताया कि रक्षित त्यागी इन्दौर (मप्र) से पिस्टल मंगवाकर मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड में सप्लाई करता है।

## तहखाने में पूजा पर रोक के लिए दायर याचिका पर 28 को सुनवाई

**ज्ञानवापी मामला**

**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है। वाराणसी की जिला अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में प्रतिमाओं के सामने प्रार्थना कर सकता है। मस्जिद समिति ने इस फैसले के खिलाफ अदालत का रुख किया था। ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की थी।

## पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 17-18 फरवरी को होगी सिपाही के लिए लिखित परीक्षा

▸▸ उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार** : उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय अथवा उसमें संशोधन करते समय खुद से या साइबर कैफे द्वारा फार्म में विभिन्न तरह की त्रुटि हो गई हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए। उसके बाद बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि जरूरी औपचारिकता पूरी कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराना सुनिश्चित किया जाए।

## फेमा मामले में टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 49 वर्षीय मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा के पेश होने पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जा सकता है। मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच कर रही है। वह लोकपाल द्वारा मामला भेजे जाने पर मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की प्राथमिक जांच कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।



▸▸ पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया

## रजिस्ट्रार जनरल को मिला बम की धमकी वाला ईमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ धमकी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की बढ़ाई गई सुरक्षा

दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को बुधवार को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है कि यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जाएगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** रांची में एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ईडी की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम उनके लिए जमानत याचिका दायर करेंगे।

## राम लला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।



एसपीएमसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सिक्का जारी करतीं वित्तमंत्री।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। इन्हें भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष-विश्व बैंक की द्विपक्षीय बैठकों के दौरान उपहार में दिया था। वित्तमंत्री ने कहा कि हाल ही में आप जिन विषयों को लेकर आ रहे हैं, चाहे वह स्मारक टिकट हों या सिक्के, यह बताता है कि आप दुनियाभर की गतिविधियों से अवगत हैं। आप पर्यावरण और दिव्यांगों के लिए चिंताओं को समझते हैं। साथ ही इसे इतना आकर्षक बनाना चाहते हैं जिसे किसी को उपहार दिया जा सके।

▸▸ रंगीन सिक्के में एक ओर रामलला तो दूसरी ओर उकेरी गई है श्रीराम मंदिर की आकृति

▸▸ वित्तमंत्री ने महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी जारी किए स्मारक सिक्के



वर्चुअली आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता सीतारमण ने की।

राम लला और अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर जारी स्मारिका सिक्का को 50 ग्राम के 999 शुद्ध रजत से बनाया गया है। इसकी कीमत 5 हजार रुपये से अधिक है।

# भाजपा का 25 फरवरी से लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान

## एक करोड़ लाभार्थी परिवारों के घरों में दस्तक देगी भाजपा

**जीत की जुगत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 80 सीटों पर जीत हासिल करने के लिये भाजपा को एक करोड़ लाभार्थी परिवारों के घरों में दस्तक देगी। पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी परिवारों को पीएम नरेंद्र मोदी का पत्र भी देंगे। इसके लिये पार्टी 25 फरवरी से लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान शुरू करेगी। यह बातें गुरुवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई लोकसभा क्षेत्र की लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान की जिला कार्यशाला में सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहीं।

सांसद पचौरी ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब कल्याण को ध्यान रखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई थी। 2014 से 2024 के 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ता लाभार्थियों से मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस्ड कॉल करायेंगे और प्रधानमंत्री का पत्र सौंप कर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने, लाभार्थी के साथ सेल्फी लेकर उनके अनुभव के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप पर अपलोड करेंगे। प्रत्येक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क कर उनकी फोटो वीडियो सरल पोर्टल पर अपलोड करना है। उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 18 से 23 मार्च तक मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। लाभार्थियों की बूथवार सूची पार्टी की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि एक से तीन मार्च तक विशेष लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सांसद, विधायक, मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, महापौर, ब्लॉक प्रमुख ,पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश, क्षेत्र, जिला,मोर्चा पदाधिकारी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता लाभार्थी संपर्क करेंगे। कार्यशाला में लोकसभा संयोजक मणिकांत जैन, राजेश भदौरिया, संजय कटियार, गुंजन शर्मा, गिरीश चंद्र बाजपेई, योगेंद्र सिंह डॉ तेज बहादुर सिंह, अमित गुप्ता मौजूद रहे।

- लोकसभा चुनाव में 80 सीटें जीतने की रणनीति के तहत भाजपा चलाएगी अभियान



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सत्यदेव पचौरी। अमृत विचार

### एक नजर

**रायबरेली एम्स को दान की गई देह**

**कानपुर।** जूही के गुलमोहर विहार निवासी मदनलाल एलावादी (88) आयुध निर्माणी फैक्ट्री से सेवानिवृत्त थे। उनका गुरुवार तड़के करीब तीन बजे निधन हो गया। उनके बेटे सुरेश ने देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान कराने का आग्रह किया। सेंगर दंपति ने एंबुलेंस से देह एम्स रायबरेली ले जाकर दान की। वहां एनाटमी विभागाध्यक्ष डॉ.रजत शुभ्र दास ने सहयोगियों के साथ देह को स्वीकार किया। युग दधीचि देहदान अभियान द्वारा छठवीं देह एम्स रायबरेली को दान कराई गई है। इस दौरान दिवंगत मदनलाल को उनकी पत्नी शकुंतला, पुत्र और पुत्रवधू सुरेश और शैलजा, अंजू भाटिया, शानवी, सुमेश व परिजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।



**दो युवकों ने फांसी लगाई**

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में खुर्द निवासी 34 वर्षीय हरिबाबू किराये के मकान में रहता था। परिजनों ने बताया कि वह पनकी थानाक्षेत्र में स्थित एक गैस प्लांट में गाड़ी चलाता था। बुधवार रात में उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद पत्नी सोनिका व बच्चे सान्वी, श्रुति व अधर्व का रो-रोकर बुरा हाल है। इसी तरह हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में हमीरपुर थाना सुमेरपुर के गांव चंदपुरवा के रहने वाले 32 वर्षीय ट्रक ऑपरेटर शिवपूजन सिंह ने पंखे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह यहां पर एक अपार्टमेंट में रहता था।

## सपा-कांग्रेस ने बाबा साहेब का किया अपमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के तत्वावधान में 'बस्ती संपर्क अभियान' के अन्तर्गत बैठक हुई। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि सभी 17 जिलों में छात्रावास सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा। बस्ती संपर्क अभियान व युवा संवाद का कार्यक्रम भी मोर्च के द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक कार्यक्रम का जिले से कार्यक्रम प्रमुख व उनके 5 लोगों की कमेटी भी गठित हो गई है।

राहुल बच्चा ने कहा कि कांग्रेस तथा सपा की सरकारों में आंबेडकर जी के साथ कितना अन्याय हुआ है यह हम सब जानते हैं। गांव के गरीब निर्बल व्यक्तियों की सरकारी जमीन पर मिलने वाला पट्टा आवंटन खत्म कर दिया गया, संत रविदास जी के नाम से बना जिला भी अखिलेश यादव ने बदल दिया, माता रमाबाई अंबेडकर जी के नाम से बना जिला भी अखिलेश यादव ने बदल दिया, अंबेडकर पार्क लखनऊ का नाम भी बदल दिया, अखिलेश यादव ने संसद के अंदर आरक्षण विधेयक बिल भी अपनी पार्टी के सांसदों से फड़वा दिया था। अनुसूचित वर्ग के अधिकारियों का डिमोशन अखिलेश यादव की ही देन है। इस दौरान अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री सलिल कांत श्रीवास, क्षेत्रीय महामंत्री सर्वेश कठेरिया, ओम प्रकाश आर्य, विनीत सोनकर, प्रमोद वर्मा, हरि राम गौतम, दिनेश सुदर्शन, चंद्र शेखर कोल, महिपाल, सुधीर कठेरीया, रीता कठेरिया, जय नारायण, नरेश कठेरिया रहे।

- अनुसूचित मोर्चा की 'बस्ती संपर्क अभियान' बैठक


क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राहुल बच्चा सोनकर का स्वागत करते पदाधिकारी।

**सोनी मिश्रा समर्थकों संग भाजपा में शामिल हुईं**

**कानपुर।** भाजपा पार्षद नवीन पंडित ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनी मिश्रा और उनके संगठन एक्शन फ़ॉर वोमन एंड रूरल डेवलपमेंट से जुड़ी भारी संख्या में महिलाओं को भाजपा में शामिल कराया। सोनी मिश्रा ने बताया कि मोदी और योगी के कार्यकाल में देश प्रगति पर है। महिला उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चल रही हैं।


तमाम लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। अमृत विचार

**25 महिलाओं का सम्मान किया**

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से जुड़ी महिलाओं के बीच अपना जनाधार मजबूत करने के लिये शक्ति वंदन अभियान चला रही है। गुरुवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय कार्यालय में किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र का शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ प्रमुख की 25 महिलाओं को किट एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि नारीशक्ति अधिनियम महिला सशक्तीकरण के लिये मील का पत्थर है।

**सैनिकों के सम्मेलन भी**

**कानपुर।** भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की कार्यशाला क्षेत्रीय संयोजक महेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। तय किया गया कि सैनिक प्रकोष्ठ क्षेत्र के सभी 17 जिलों में पूर्व सैनिकों के सम्मेलन आयोजित करेगा। पूर्व सैनिक हर तहसील पर बैठक कर मोदी जी के लिए संकल्प के साथ काम करेगा। एमएलसी सलिल विश्नोई, सांसद सत्यदेव पचौरी, प्रदेश सह संयोजक अनूप तिवारी लोकसभा विस्तारक मणिकांत जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व प्रकोष्ठ प्रभारी ने सैनिकों को संबोधित किया। दिनेश मौर्या, कुलदीप सेंगर, अवधेश चौहान, अनिल चतुर्वेदी आदि रहे।

## महिला ने की दनादन फायरिंग, रील बनाई

कायालर्य संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समारोह में शामिल होने आई महिला ने पिस्टल से एक के बाद एक पांच राउंड गोलियां हवा में चलाईं। गुरुवार को महिला की फेसबुक आईडी से सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जमकर वायरल हुआ। वायरल वीडियों बर्रा थानाक्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस का बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।

हम राजपूतों का संस्कार भी एक हिस्सा है, पर अगर हमारा स्वाभिमान आड़े आए तो हम संहार करने का भी सामर्थ्य रखते हैं... इस डॉयलाग के साथ शिप्रा राजौरिया नाम की महिला की फेसबुक आईडी से सोशल मीडिया पर एक रील पोस्ट की गई, जो गुरुवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। वायरल वीडियो में समारोह में महिला के हाथ में पिस्टल है। महिला एक गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी हुई है, पीछे एक पुरुष खड़ा है जो महिला को पिस्टल चलाने की जानकारी दे रहा है। इसके बाद महिला एक के बाद एक पांच राउंड पिस्टल से हवाई फायरिंग करती नजर आ रही है। दावा किया जा रहा है कि वायरल वीडियो बर्रा थानाक्षेत्र के एक गेस्ट हाउस का है।

- बर्रा थानाक्षेत्र के गेस्ट हाउस के समारोह का मामला
- पिस्टल से एक के बाद एक दागीं गोलियां

## हत्या का आरोप लगा रुकवाई अर्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनके साले ने एक रिश्तेदार पर हत्या का आरोप लगाकर बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार के लिए ले जाने का आरोप लगाया। साले के अनुसार अर्थी को रास्ते में रोक लिया गया। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने अर्थी को सीधे पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया।

मूलरूप से जिला बांदा के थाना चिल्ला के ग्राम धोतरा के रहने वाले 70 वर्षीय राजबहादुर विश्वकर्मा लवकुश विहार में रह रहे थे। उनके साले भगवानदीन ने बताया कि चार माह पहले उनकी पत्नी राजरानी का बीमारी से निधन हो गया था। इसके बाद वह अकेले रहते थे। आरोप लगाया कि बर्रा निवासी एक रिश्तेदार जबरन घर में देखभाल के बहाने घुसना चाहते थे। उनकी संपत्ति पर नजर थी। 12 फरवरी को रात तक उनकी फोन पर उनसे बात हुई थी। उस समय तक वह बिल्कुल ठीक थे। आरोप लगाया कि 13 फरवरी को बर्रा में रहने वाले रिश्तेदार उनके घर रुक गए थे। आरोप लगाया कि रात में उन्होंने संपत्ति के लालच में मुंह दबाकर हत्या कर दी। 14 फरवरी को सुबह रिश्तेदार ने उन्हें जीजा की मौत की जानकारी दी। कुछ घंटे बाद वह उनके घर पहुंचे जहां अर्थी जा चुकी थी। इसके बाद रास्ते में दासु कुआं के पास अर्थी को रुकवा लिया। फिर पुलिस ने शव को वहीं से पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। इस संबंध में हनुमंत विहार प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- हनुमंत विहार थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी


राजबहादुर।


जानकारी देते भगवानदीन।

## दुकानदार पर ईंटों से हमला कर किया घायल

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में उधारी का तगादा करने पर आरोपियों ने युवक को ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज के परमियापुरवा निवासी फर्नीचर दुकानदार गोविंद सोनकर ने पुलिस को बताया कि इलाके में रहने वाले सौरभ सिंह को एक हजार रुपये उधार दिए थे। रुपये वापस मांगे तो नौ फरवरी को सौरभ ने सुखऊपुरवा स्थित अपने घर बुलाया। वहां राहुल निषाद, सूजल निषाद, लाला आदि ने गाली-गलौज की और ईंटे से सिर पर कई वार कर दिए। छोटे भाई मनु को भी घायल कर दिया और बाइक तोड दी। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया।

## टीडीएस कटौती को लेकर बताईं बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** न्यू कानपुर सिटी योजना में रजिस्ट्री के दौरान टीडीएस कटौती न किए जाने को लेकर आयकर विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। आयकर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता ने इसकी शिकायत डीएम व प्राधिकरण उपाध्यक्ष राकेश सिंह को दी। जिसके बाद डीएम ने आयकर विभाग और केडीए लेखा व इंजीनियरिंग विभाग की कार्यशाला केडीए के सभागार में आयोजित की।

डीएम ने आयकर व टीडीएस के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान भी उन्होंने साफ कहा कि केडीए के कर्मचारी इन नियमों की बारिकियों को अच्छे से समझ लें। दोबारा गड़बड़ियां होने पर कार्रवाई की जाएगी। कार्यशाला में उप आयकर आयुक्त दीपक यादव, केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य भी मौजूद रहे। बता दें कि न्यू कानपुर सिटी योजना में जमीन अधिग्रहण के लिए रजिस्ट्री की गई। किसानों को जमीन का 4 गुना मुआवजा देने के साथ बिना टीडीएस काटे 55 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया। ये मामला शासन तक पहुंचा तो टीडीएस काटने की प्रक्रिया को किसानों द्वारा पूरा कराया गया।

- केडीए में कार्यशाला, आयकर आयुक्त ने बताए नियम

## होमगार्ड ने झापड़ मारा अधिवक्ता भड़के

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घंटाघर चौराहे पर बिना हेलमेट के जा रहे अधिवक्ता को एक ट्रैफिक होमगार्ड ने रोक लिया। आरोप है कि होमगार्ड ने हेमलेट न होने पर 500 रुपये मांगे। अधिवक्ता का आरोप है कि विरोध करने पर होमगार्ड ने थप्पड़ मारे, गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद कई अधिवक्ता पहुंच गए और हंगामा कर दिया। पुलिस ने समझाबुझाकर शांत कराया। होमगार्ड ने माफी मांगी, लेकिन अधिवक्ता ने उस पर रिपोर्ट दर्ज करा दी।

केशव नगर के रहने वाले अधिवक्ता बृज कुमार भारतिया ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर करीब एक बजे वह कोर्ट से केशव नगर बाइक से जा रहे थे। घंटाघर चौराहे पर हेलमेट न होने की वजह से होमगार्ड वीरेंद्र कुमार ने रोक लिया और विवाद करने के बाद 500 रुपये में समझौता कर छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने विरोध किया तो होमगार्ड ने थप्पड़ मार दिया। जिस पर उन्होंने अपने कई साथियों को मौके पर बुला लिया और घंटाघर चौराहे पर हंगामा शुरू हो गया। एसीपी कलक्टरगंज, हरबंश मोहाल, फीलखाना और मूलगंज समेत पूर्वी जोन का पूरा फोर्स पहुंच गया। काफी जद्दोजहद के बाद पीड़ित ने होमगार्ड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि थाने से अधिवक्ता की बाइक गायब हो गई है। इसके बाद फिर हंगामा होने लगा। इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जांच की जा रही है।

- हेलमेट न लगाने पर होमगार्ड पर 500 रुपये मांगने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज


थाने में शिकायत दर्ज कराते अधिवक्ता। अमृत विचार

## पूर्व मंत्री जनसेवक का निधन, अंत्येष्टि आज

**दुखद**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व मंत्री भाजपा नेता अमरजीत सिंह जनसेवक का गुरुवार को एसजीपीजीआई लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। 72 वर्षीय जनसेवक लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंत्येष्टि शुक्रवार पूर्वाह्न पैतृक गांव आदमपुर बिंदकी (फतेहपुर) में की जाएगी। वह वर्तमान में पांडु नगर स्थित आवास में रह रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी प्रमिला सिंह एवं दो पुत्रों आशीष और अमित को छोड़ गए हैं।

भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी, उत्तर और दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व शिवराम सिंह, विधायक सुरेंद्र मैथानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज सिंह, कांग्रेस के पूर्व विधायक भूधरनारायण मिश्रा, गणेश दीक्षित, नेकचंद्र पांडे ने श्रद्धांजलि दी है।


अमरजीत सिंह जनसेवक।

**कांग्रेस से रखा राजनीति में कदम**

वर्ष 1988 में कांग्रेस से राजनीतिक सफर शुरू किया और विकलांग कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 1991 में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामकर बिंदकी विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़े, लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा। कल्याण सिंह सरकार की बर्खास्तगी के बाद 1993 में सपा-बसपा ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा। जनसेवक बिंदकी से दोबारा भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे और जीत हासिल की। लेकिन 1996 के चुनाव में पराजित हो गए। 2002 में जीतने पर प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री बनाए गए। 2007 में वह सपा के टिकट से चुनाव लड़े पर बिंदकी की जनता ने नकारा दिया। 2012 में लोकदल से चुनाव लड़ा पर जीत नहीं पाए। वर्ष 2014 के बाद से वह भाजपा में ही रहकर राजनीति में सक्रिय रहे।

**वाहन में आल्हा बजाते थे, 12 साल नौकरी भी की**

अमरजीत सिंह जन सेवक का क्षेत्र में भ्रमण करने का अलग अंदाज था। वह अपने चार पहिया वाहन में हमेशा आल्हा बजाते निकलते थे, इससे लोग दूर से जान जाते थे कि जन सेवक आ रहे हैं। उनके मित्र रहे कर्मचारी नेता राजेश शुक्ला ने बताया कि 1978 से 1990 तक जनसेवक ने कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में कार्य किया। वह यूनियन में भी रहे।

**कड़ा विरोध** 36 एमएलडी सीईटीपी के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर काम किया बंद, अधिकारी पहुंचे और मनाया

## जाजमऊ एसटीपी में की हड़ताल, आश्वासन पर माने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ स्थित 36 एमएलडी कामन इफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का संचालन बुधवार को कर्मचारियों ने बंद कर दिया। इसके साथ ही पम्पिंग स्टेशन के बाहर हड़ताल का पोस्टर चस्पा कर दिया। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक चार महीने का बकाया भुगतान नहीं होगा तब तक कार्य नहीं करेंगे।

कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से जलनिगम व प्लांट का संचालन कर रही कंपनी गंगा इंफ्राबिल्ड प्रा. लि. के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि 18 फरवरी तक बकाया भुगतान कर दिया जायेगा। इस आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर वापस लौट आए। इससे पहले प्लांट का संचालन कर रही कंपनी ने बकाया पैसा न मिलने पर 15 फरवरी से संचालन न करने को कहा था। जिसके बाद जलनिगम ने नगर निगम से सीईटीपी के संचालन कार्य को जारी रखने के लिये बकाया रुपये देने को कहा था। लेकिन कुछ नहीं दिया गया।

जलनिगम के अधिशाषी अभियंता विशाल सिंह ने बताया कि दिसंबर 2023 तक टेनरी स्वामियों पर 17 करोड़ 36 लाख 65 हजार रुपये और नगर निगम पर 24 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। भुगतान समय पर नहीं होने से 36 एमएलडी सीईटीपी का संचालन सुचारू नहीं हो पा रहा है। अधिशाषी अभियंता ने नगर निगम को कहा है कि यदि प्लांट बंद हुआ और गंगा में प्रदूषण गया तो उसकी जिम्मेदारी नहीं होगी। इसके साथ ही यूपीपीसीबी, सीपीसीबी और एनजीटी द्वारा कोई पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाई जाती है उसकी भी हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

- अधिकारियों ने 18 तक भुगतान का किया वादा





एसटीपी गेट पर लगाया गया हड़ताल का बैनर और बंद पड़ा ट्रीटमेंट प्लांट। अमृत विचार

**चेतावनी के बाद भी भुगतान नहीं**

कंपनी की चेतावनी के बाद भी भुगतान न होने पर गुरुवार को कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। पंपिंग स्टेशन को बंद कर दिया गया। पम्पिंग स्टेशन संजय नगर पीएस-3 वाजिदपुर के आपरेटर अमर चंद्र ने बताया कि अधिकारियों ने 18 तक भुगतान का वादा किया है। इसलिये हम लोग कार्य करेंगे।

**पानी होता शोधित**

सीईटीपी में नौ एमएलडी टेनरी का पानी और 27 एमएलडी सीवर का पानी शोधित होता है। केमिकल, बिजली और डीजल की कमी से प्लांट लगातार नहीं चल पा रहा है। इससे टेनरी का दूषित पानी सीधे गंगा में जा रहा है। जलनिगम के अधिशाषी अभियंता विशाल सिंह ने बताया कि प्लांट बंद न हो इसके लिये कम से कम 6 करोड़ रुपये जारी किये जाने जरूरी हैं।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय-4-सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :-अध्यक्ष: मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष:-मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव: मो0 शायबा हम्फी ऐ-504/1-बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष: मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सूचना

सूचित हो कि मैं **राागिनी पत्नी रघुवीर, निवासी- ग्राम परसेहरा नाथ, थाना-हरगांव, जिला- सीतापुर,** मेरे पुत्र प्रदीप कश्यप एवं पुत्रवधू नीलू कश्यप का चाल-चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मारपीट तथा मुझे तंग करते है मना करने पर भी नहीं मानते हैं वह लोगों से पैसा लेकर उन्हें वापस नहीं करते है। उनके इन हरकतों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूॅ। आज से मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

NOTICE

Please be informed that I completed my high school education from Saint Norbert School under the ICSE Board in the year 2020. My unique ID number is 7202308. Unfortunately, the ID card with this ID number was actually lost on January 15, 2024. Samrat Bishwas, son of Shivnath BishwasResident of Aasaam Chowraha Mohalla Salarpur, Police Station Dargah, Bahraich.

**आज का मौसम**
तेज धूप के बीच हवा बहेगी, बादल भी आ सकते हैं।

| 27.0⁰ | 10.6⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 44 | सूर्यास्त 06 : 01 |

## एक नजर

### चलती ट्रेन से गिरी बिहार की महिला, मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के सुरार रेलवे स्टेशन के पास बिहार के फुलरिया बरौनी निवासी 50 वर्षीय जुलेखा खातून की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।

पुलिस को गुरुवार को महिला का शव भाऊपुर और पनकी के बीच रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। महिला के पास से मिले फोन की मदद से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद सिपाही आदेश कुमार ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए मृतका के पास से 55 हजार रुपये नगद, मोबाइल और सोने के कानों के कुंडल परिजनों को सौंप दिये। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पति मोहम्मद कलीम ने बताया वह डेरापुर निवासी बेटी के घर ट्रेन से जा रही थीं तभी हादसा हो गया। वह ट्रेन से किन हालात में गिरीं, यह पता नहीं चल सका। पुलिस जांच कर रही है।

# पांच लाख लोगों को दो दिन नहीं मिलेगा पानी

## दक्षिण के 10 क्षेत्र ज्यादा प्रभावित होंगे, बर्रा 2 में लीकेज के कारण गुजैनी वाटर वर्क्स प्लांट रहेगा बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के दक्षिण क्षेत्र में जलसंकट गहराने वाला है। अगले दो दिनों 16 से 17 फरवरी तक दक्षिण के 10 क्षेत्रों में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। बर्रा-2 स्थित भोलेश्वर मंदिर के पास में लाइन में दो जगहों पर लीकेज हो गए हैं। इन लीकेज को बनाने के लिए गुजैनी वाटर वर्क्स बंद रहेगा। वहीं, मकबर्राटगंज में लीकेज के चलते पहले ही ढाई लाख आबादी की जलापूर्ति ठप है।

जलकल ने गुजैनी वाटर वर्क्स से रोज होने वाली 2.8 करोड़ लीटर जलापूर्ति बंद कर दी है। जलकल के अधिशासी अभियंता ने बताया कि लीकेज ठीक करने के बाद प्लांट चालू कर दिया जाएगा। यहां 700 एमएम पाइप लाइन में लीकेज हो गया है। जिसकी मरम्मत कार्य की वजह से रतनलाल नगर, दबौली, गुजैनी, उस्मानपुर, साकेत नगर, गोविंदनगर, बर्रा एक से सात तक, शास्त्रीचौक, महादेव नगर, निराला नगर समेत कई इलाकों में गुजैनी वाटर प्लांट से जलापूर्ति नहीं हो सकेगी। इन इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। कार्य के दौरान जलकल विभाग द्वारा अन्य स्त्रोतो के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों मे सायंकाल जलापूर्ति सुनिश्चित करवायी जायेगी।

**700** एमएम पाइप लाइन में लीकेज

**2.8** करोड़ लीटर जलापूर्ति बंद कर दी

**10** क्षेत्रों में दो दिन रहेगा जलसंकट

**16** से 17 फरवरी तक रहेगा संकट

### मकराबर्टगंज में भी लीकेज से ढाई लाख परेशान

मकराबर्टगंज में लाइन में लीकेज होने से ढाई लाख आबादी को 17 फरवरी के बाद जलापूर्ति शुरू होगी। पहले 15 फरवरी को जलापूर्ति शुरू होनी थी, लेकिन लाइन में खोदाई के बाद कई लीकेज सामने आ गए। इन लीकेज को बनाने में दो दिन का वक्त और लगेगा, जिसके चलते जलापूर्ति बंद रहेगी।

# लाइनें ठीक नहीं कराईं तो होगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जूही में मेट्रो और केस्को की खोदाई से सीवर व पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिससे लोगों को समस्या है। पूर्व पार्षद सुनील कनौजिया व पार्षद शालू कनौजिया के साथ जलनिगम के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। उन्होंने मेट्रो व केस्को से कहा कि सीवर व पेयजल लाइनों को जल्द दुरुस्त करायें नहीं तो एफआईआर कराने पर विवश हो जाएंगे।

जलनिगम के सहायक अभियंता राहुल तिवारी, जलनिगम के अवर अभियंता, यूपीएमआरसी के अधिकारी ने जूही में मेट्रो द्वारा पेयजल व सीवर लाइनों को क्षतिग्रस्त पाया। सुनील कनौजिया ने कहा कि इसकी वजह से जुही के बड़े हिस्से में लगभग बीस हजार लोगों को पानी नहीं उपलब्ध हो पा रहा है। कहीं, पेयजल लाइन के अंदर ही मेट्रो ने विद्युत लाइन डालकर लाइन क्षतिग्रस्त कर दी।



जूही में पेयजल लाइन टूट गई। अमृत विचार

- जलनिगम के अधिकारियों ने जूही क्षेत्र का किया निरीक्षण
- मेट्रो व केस्को कार्य में लाइनें हुईं क्षतिग्रस्त

कहीं-कहीं पुरानी चलती सीवर लाइन के चैम्बर को बंद कर दिया गया, जिसकी वजह से सीवर का जलभराव है। जलनिगम ने तीन दिन के अंदर क्षतिग्रस्त लाइनों को सही कराने को कहा है, जलनिगम के सहायक अभियंता राहुल तिवारी ने कहा कि समस्या निवारण न होने पर एफआईआर कराने को विभाग बाध्य होगा।

# छात्रा से दुष्कर्म में दोषी को सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** स्कूल से घर छोड़ने के बहाने इंटर की छात्रा को ले जाकर दुष्कर्म करने वाले युवक को विशेष न्यायधीश पॉक्सो कोर्ट ने दोषी पाया। कोर्ट ने युवक को सात साल की सजा व 42 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। दोषी युवक किशोरी को नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर हरियाणा ले गया था, जहां कमरे में बंद कर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था।



गोविंद नगर थानाक्षेत्र निवासी 16 वर्षीय इंटर की छात्रा को 13 फरवरी 2017 को उसका भाई स्कूल छोड़ने गया था। दोपहर को छुट्टी के बाद भाई स्कूल लेने पहुंचा, लेकिन छात्रा की कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने छात्रा की सहेली से पूछताछ की तो पता चला कि दादा नगर कच्ची बस्ती निवासी पंकज किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया। किशोरी की मां ने गोविंद नगर थाने में पंकज व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के करीब 15 दिन बाद किशोरी को पुलिस ने बरामद किया था। मामला विशेष न्यायाधीश पाक्सो 25 चंद्रगुप्त की कोर्ट में विचाराधीन था। किशोरी ने कोर्ट में अपने बयान में बताया था कि पंकज घर छोड़ने के बहाने उसे उसकी सहेली के साथ ले गया था। सहेली को घर छोड़ने के बाद पंकज ने उसे बहाने नशीला पदार्थ मिलाकर कोल्डड्रिंक पिलाई, जिसके बाद वह बेसुध हो गई। आंख खुलने पर खुद को हरियाणा के एक कमरे में पाया। किशोरी के मुताबिक पंकज ने डरा धमका कर करीब 15 दिन तक उसके साथ दुष्कर्म किया। मुकदमे की जानकारी होने पर पंकज उसे छोड़ गया। एडीजीसी सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि सबूतों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने पंकज को दोषी पाते हुए सात साल की सजा व 42 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माने के 30 हजार रुपये पीड़िता को देने के निर्देश दिए हैं।

## जनता को काला पानी पीने की सजा...



देशवासियों को स्वच्छ जल आपूर्ति का संकल्प लेने वाली केंद्र सरकार की परियोजना को कलंकित कर रहा कानपुर स्मार्ट सिटी में जाजमऊ स्थित वाजिदपुर क्षेत्र में लगा सरकारी हैंडपंप जिससे काले रंग के बदबूदार दूषित पेय जल की आपूर्ति हो रही है। जिसे आस पास की आबादी की क्षेत्रीय जनता काला पानी पीने को मजबूर है। हैंडपंप से पानी लेती किशोरी नीता ने बताया कि पानी को पहले उबाल कर फिर कपड़े से छान कर पाने के योग्य बनाना पड़ता है। सोने लाल व अशोक कुमार का कहना है कि दूषित पानी की समस्या को कई बार क्षेत्रीय पार्षद व जनप्रतिनियों तथा अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन सभी ने समस्या को अनसुनी कर रखी है।

फोटो – मनोज तिवारी

# रंगदारी न देने पर धमकाया, रिपोर्ट

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र के द्वारिकापुरी के रहने वाले संदीप पासवान ने दबंगों पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है।

उन्होंने पुलिस को बताया कि मछली बाजार द्वारिकापुरी निवासी बबिल सोनकर और जवाहर नगर निवासी सौरभ मूसा ने पचास हजार रुपये रंगदारी मांगी। देने से मना किया तो आरोपी 12 फरवरी को साथी अंकित गुप्ता के साथ घर आ पहुंचे और गाली गलौज की। वह डरकर अंदर घुस गए तो आरोपियों ने रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। मुहल्ले के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रंगदारी मांगने व धमकाने संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शहर की समस्याएं सीएम को बताएंगे उद्योगपति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के साथ कारोबारियों की बैठक
- पार्किंग, उद्योग बंदी पर मनमर्जी पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** शहर की समस्याओं पर उद्योगपति व कारोबारी भी मुखर हो गए हैं। उनका कहना है कि सरकारी लीपापोती की वजह से शहर का औद्योगिक स्वरूप खोता जा रहा है। प्रशासन जब चाहता है उद्योगों को बंद कर देता है। शहर में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही उद्योगों के फलने फूलने के लिए माहौल। अब हम लोग खुद समस्याओं को सूचीबद्ध कर उसे मुख्यमंत्री को देकर आएंगे।

शहर के विकास का खाका खींचने के लिए उद्योगपतियों की बैठक हुई। मर्चेंट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में कई प्रोफेशनल्स और कारोबारी शामिल हुए। आर्किटेक्ट संगठन से अनिल वर्मा ने कहा कि बिरहाना रोड को सैंपल डिजाइन किया गया है। कानपुर के सुंदरीकरण के लिए जो हो सकता है वह वे करेंगे। उद्योगपति बलराम नरूला ने कहा कि गंगा सफाई के नाम पर कानपुर की टेक्सटाइल और लेदर इंडस्ट्री को प्रशासन जब चाहता है बंद कर देता है। इससे उद्योग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। बैठक में सामूहिक चर्चा में पार्किंग, डिवाइडर, चौराहों की बंदी पर चिंता व्यक्त की गई।



उद्यमियों ने शहर की समस्याओं पर बैठक की। अमृत विचार

कहा गया कि शहर की 50 लाख की आबादी में 5 लाख चौपाहिया वाहनों की पार्किंग की जरूरत है। जिसे नगर निगम, केडीए को जमीन खरीद कर बनाना चाहिए। शहर से छिनने वाले मैच पर भी चिंता जताई गई। कहा गया कि भविष्य में कभी भी कानपुर को टेस्ट मैच नहीं मिलेगा।

इसके अलावा ट्रैफिक के सुगम संचालन के लिए शहर में कम से कम 20 ओवर ब्रिज की जरूरत समझी गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर की समस्याओं को मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें लिखित जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा केंद्र से जुड़ी समस्याओं पर प्रधानमंत्री व संबंधित विभागों को पत्र लिखा जाएगा। बैठक का संचालन मर्चेंट चेंबर सेक्रेटरी महेंद्र मोदी व विजय पांडे ने किया।

### ये हुए बैठक में शामिल

बैठक के दौरान किराना अध्यक्ष अवधेश बाजपेई, इंडस्ट्री से दिनेश विरासिया, टेक्सटाइल से बलराम नरूला, लेदर से प्रेसिडेंट नय्यर जमाल, कैट से पंकज अरोड़ा, कपड़ा बाजार से श्रीकृष्ण गुप्त, सराफा बाजार से मंजूरी दीक्षित, सीए अमित पांडे, बर्तन बाजार से ईश्वर वर्मा, शेयर मार्केट से नवीन परवानी, झकरकटी व्यापार मंडल से अनिरुद्ध अग्निहोत्री, महिला व्यापार मंडल से गीता गुप्ता, मार्बल पॉइंट से विजय गुप्ता, कन्फेक्शनरी संगठन से निखिल गुप्ता ने बैठक में सुझाव दिए।

# 17 को बताएंगे पिछले सदनों की कार्यवाही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 31 जनवरी को हुये स्थगित नगर निगम सदन को फिर से बुलाया गया है। महापौर ने 17 फरवरी को सुबह 10.30 बजे सदन की बैठक बुलाई है। महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि बैठक में 26 अगस्त 2023 और 9 अक्टूबर 2023 को पूर्व सदन में दिये गये निर्देश और प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही से पार्षदों को अवगत कराया जायेगा।

नगर निगम ने 26 अगस्त को कार्यकाल का पहला सदन बुलाया था। कुल 22 अरब से ज्यादा के बजट को हरी झंडी दी गई। हालांकि, इस दौरान सदन स्थगित किया गया और 9 अक्टूबर को स्थगित सदन को फिर से बुलाया गया, इस दौरान पार्षदों के मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन, इस सदन के बाद से ही तीन महीने बीत गये।

महापौर की ओर से कार्यकारिणी की बैठक तो बुलाई गई पर सदन की बैठक को नहीं बुलाया गया। जब महापौर ने 31 जनवरी को सदन की दूसरी बैठक बुलाई तो यह शुरू होने से पहले ही खत्म हो गई।

### नये प्रस्ताव नहीं कर पाएंगे पेश

महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि नये प्रस्ताव पार्षद अनुमति के बाद ही सदन के पटल पर प्रस्तुत कर सकेंगे। हालांकि, पार्षदों को नियम से अपनी बात रखने का मौका दिया जायेगा। सदन में नये प्रस्तावों को पेश करने पर लगी रोक के खिलाफ हंगामा भी हो सकता है।

# दंगा नियंत्रण का मुख्य केंद्र गुरुदेव चौकी

**मुस्तैदी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर क्षेत्र को तीन जोन और तीन सेक्टरों में बांटा गया
- दंगा नियंत्रण रिहर्सल कर कमिश्नर ने किया जागरूक

**अमृत विचार।** शहर में अमन-चैन बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) हरीश चन्दर ने अफसरों के साथ रावतपुर थानाक्षेत्र में दंगा नियंत्रण का रिहर्सल किया। रावतपुर थाने की गुरुदेव चौकी को दंगा नियंत्रण का मुख्य केन्द्र बनाया गया है। थाना रावतपुर को तीन जोन और तीन सेक्टरों में बांटा गया है।

प्रत्येक जोन के प्रभारी नोडल अधिकारी के रूप में पुलिस उपायुक्त स्तर व सेक्टर प्रभारी के रूप में अपर पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी नियुक्त होंगे। दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अपराध विपिन कुमार मिश्र, पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल, अपर पुलिस उपायुक्त अभिसूचना राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल संतोष कुमार मीना, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध मनीष चन्द्र सोनकर, एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार, एसीपी स्वरूपनगर शिखर, एसीपी सीसामऊ श्वेता कुमारी ने पुलिस फोर्स को दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराते हुए अति संवेदनशील और संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया।



रावतपुर क्षेत्र में दंगा नियंत्रण रिहर्सल के दौरान अफसरों को निर्देश देते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार। अमृत विचार

साथ ही लोगों को अमन शांति बनाए रखने के लिए कहा। जुमे की नमाज देखते हुए डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने थाना बेकनगंज व अनवरगंज क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस मौके पर एसीपी अनवरगंज आईपी सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनवरगंज नीरज ओझा मय पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

### ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जा रही नजर

जुमे को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने चारों जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी, थानेदारों को अतिसंवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बरतने के साथ गश्त करने के निर्देश दिए हैं। खुफिया भी पूरी तरह से सक्रिय कर दी गई है। पूरे शहर की ड्रोन और कमांड सेंटर से सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है।

# कलक्टरगंज का गल्ला व्यापारी लापता, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारियों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में रहस्यमय ढंग से एक गल्ला व्यापारी लापता हो गए। न लौटने पर पिता ने साथी व्यापारियों को जानकारी दी जिससे बाजार में हड़कंप मच गया। पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कलक्टरगंज के गल्ला व्यापारी 35 वर्षीय रमेश चंद्र गुप्ता 14 जनवरी को शाम 6:30 बजे मातेश्वरी ट्रांसपोर्ट में अपनी गद्दी से बिना बताए कहीं निकल गए। पहले तो पिता विनय गुप्ता ने सोचा कि वह किसी काम से चले गए हैं। लेकिन रात 11 बजे तक घर न लौटने पर और मोबाइल बंद होने पर पिता को चिंता हुई। नाते रिश्तेदारों के घर पता किया लेकिन कुछ नहीं पता चला। जिसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी क्षेत्रीय संयोजक बीजेपी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ विनोद गुप्ता को दी। देर रात लगभग 12 बजे वह लोग कलक्टरगंज पहुंचे और व्यापारी की गुमशुदगी दर्ज कराई। गुरुवार को विनोद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी, पीड़ित पिता रमेशचंद गुप्ता और अन्य परिजनों के साथ डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह से मिले। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कलक्टरगंज को तलाश करने के लिए निर्देशित किया।

**तैयारी** एल्डर कमेटी ने डीएवी कॉलेज का किया निरीक्षण

# 14 बूथ होंगे, 64 कैमरों की निगरानी में चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लायर्स चुनाव को लेकर डीएम संग बैठक भी की

**अमृत विचार।** 20 फरवरी को लायर्स एसोसिएशन के मतदान को लेकर एल्डर कमेटी ने पुलिस अधिकारियों के साथ मतदान स्थल डीएवी कॉलेज का जायजा लिया। निर्णय लिया गया कि डीएवी डिग्री व इंटर कॉलेज के मध्य की दीवार तोड़ी जाएगी, जिससे वोटरों को लंबी दूरी न तय करनी पड़े। साथ ही 14 बूथ बनाए जाएंगे और 64 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में वोट डलवाएं जाएंगे।

निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए एल्डर कमेटी ने भी कमर कस ली है। गुरुवार को एल्डर कमेटी के चेयरमैन विजय आचार्य, सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी व मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव ने पुलिस अधिकारियों के साथ डीएवी डिग्री कॉलेज का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों को परखा। सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी ने बताया कि मतदान के लिए 14 बूथों का निर्माण कराया जाएगा। पूरे परिसर में 64 सीसीटीवी कैमरे लगवाएं जाएंगे। इसके साथ ही डिग्री कॉलेज व डीएवी इंटर कॉलेज के मध्य की दीवार को तोड़ा जाएगा। बताया कि मतदान के दिन एक तरफ से प्रवेश व दूसरी तरफ से निकास होता था। निकास वाले रास्ते से वोटर बहुत दूर से निकलते थे, जिस कारण बुजुर्ग अधिवक्ताओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ता था। दीवार को तोड़ने से काफी बहुत राहत होगी। मतदान के बाद दीवार का निर्माण करा दिया जाएगा। इसके साथ ही बेरीकेडिंग, लाइट व साउंड सिस्टम की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। एल्डर कमेटी ने चुनाव के दिन एक हजार पुलिस बल तैनात किए जाने के मांग की। गुलाम रब्बानी ने बताया कि इसके साथ ही 41 रिटायर्ड सैनिकों की तैनाती कराई जाएगी।



### डीएम संग बैठक कर मजिस्ट्रेट की मांग

एल्डर कमेटी ने डीएम राकेश कुमार सिंह से मुलाकात कर मतदान के दिन एक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की मांग की। इसके साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए एंबुलेंस व निर्बाध बिजली, पानी की आपूर्ति की मांग की। जिस पर डीएम ने कमेटी पदाधिकारियों को आश्वस्त किया।

### पूर्व जेसीपी भी आएंगे, न लगाए कैंप

सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी ने बताया कि पूर्व ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने मतदान के मद्देनजर सारी तैयारियां करवाईं। चुनाव को सकुशल कराने के लिए कमेटी ने पूर्व ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर को शहर आने का प्रस्ताव दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया है। बताया कि मतदान सुबह नौ बजे से पांच बजे तक होगा। मतदाता सीओपी कार्ड लेकर आएं। साथ ही निर्देश दिए कि प्रत्याशी चुनाव के दिन किसी प्रकार का कैंप न लगाएं।

# टक्कर मारने के विरोध पर ऑटो चालक को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में विपरीत दिशा से आ रही कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। चालक के विरोध करने पर कार सवार आरोपियों ने चालक से मारपीट की। रेलबाजार निवासी नसरुद्दीन ऑटो चालक हैं। बताया कि 12 फरवरी की दोपहर वह कानपुर सेंट्रल से सवारी लेकर करौली जा रहे थे। इस दौरान श्याम नगर में हरिहर धाम के पास विपरीत दिशा से आ रही कार ने उनकी ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे आटो क्षतिग्रस्त हो गया। वह भी सवारी समेत चुटहिल हो गए। जिसका उन्होंने विरोध किया। इस पर नशे की हालत में कार सवार दो युवकों ने उन्हें मारापीटा। साथ ही धमकाते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 10 साल-अन्याय काल, पत्रिका जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से यहां दस साल अन्याय काल (2014-2024) नामक पत्रिका जारी की गयी। पत्रिका में मोदी सरकार की नाकामियों का जिक्र है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 21 फरवरी को कानपुर आएगी। इससे पूर्व यात्रा के उद्देश्य व महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने '10 साल अन्याय काल' 2014-2024 पत्रिका जारी की है। शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने प्रेसवार्ता में कहा कि बढ़ती बेरोजगारी, भयंकर आर्थिक कुप्रबंध, किसानों का संकट, श्रमिकों को उनके हाल पर छोड़ा जाना, लोकतंत्र की जगह गोदी राज, अनुसूचित एवं जनजाति और पिछड़ो के खिलाफ हो रहे अत्याचार, महिलाओं के साथ अन्याय, सामाजिक सद्भाव का बिखराव, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ जैसे मुद्दों को लेकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नगर आगमन से पहले पत्रिका को वार्ड स्तर पर घर-घर पहुंचाकर यात्रा के उद्देश्य एवं महत्व को बताया जायेगा।



जानकारी देते नौशाद आलम, नरेश चंद्र त्रिपाठी आदि। अमृत विचार

- पत्रिका में मोदी सरकार की नाकामियों का जिक्र है
- राहुल गांधी की न्याय यात्रा का माहौल बनाने की तैयारी

नौशाद ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए जहां शहर के समान विचारधारा वाले दलों को आमंत्रित किया जायेगा वहीं, सामाजिक संगठनों, साहित्यकारों, कहानीकारों, रंगकर्मियों, लेखकों, समाजसेवियों सेनानियों के परिवारीजनो को भी आमंत्रित किया जायेगा। पत्रकारवार्ता में मदन मोहन शुक्ल, पवन गुप्ता, नरेश चन्द्र त्रिपाठी, शंकर दत्त मिश्र, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, सिराज कुरैशी, दिनेश बाजपेई आदि थे।



नयागंज बाजार में फुटपाथ पर रखा दुकानों का सामान। अमृत विचार



नयागंज बाजार में रोज लगता है जाम। अमृत विचार

# जाम और अतिक्रमण से घटा नयागंज का व्यापार

## घी, तेल का रोजाना 10 करोड़ का व्यापार 50 फीसदी घटा, देहात, उन्नाव व अन्य जनपदों के व्यापारियों ने आना छोड़ा

**बेजार बाजार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 10 करोड़ अनुमानित का रोजाना व्यापार करने वाला नयागंज किराना बाजार जाम व अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। बाजार में चारों ओर अतिक्रमण ही अतिक्रमण है। कब्जे के कारण फुटपाथ पूरी तरह से विलुप्त हो चुके हैं। नयागंज पुराने कुआं पर बीच सड़क पर पूरी रोड पर पार्किंग होती है। सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण से हर दो मिनट में लोगों को जाम से समस्या से जूझना पड़ता है। जाम के कारण आसपास के जनपदों से आने वाले फुटकर व्यापारियों ने बाजार आना कम कर दिया है, जिससे थोक व्यापार में काफी गिरावट आई है।



पुराने कुआं पर बीच सड़क पर खड़े वाहन। अमृत विचार

आजादी के समय का थोक बाजार नयागंज किराना मार्केट शहर का सबसे पुराना किराना थोक बाजार है। घंटाघर से नयागंज तक की करीब 1.25 किलोमीटर की सड़क पर चारों ओर अतिक्रमण है, जिस कारण चार पहिया वाहन बाजार में आसानी से नहीं गुजर सकता।

नयागंज बाजार में करीब 500 दुकानें किराना व्यापारियों की, 600 छोटे बड़े सराफा की हैं। नयागंज पुराने कुआं से शक्कर पट्टी वाली सड़क के दोनों ओर करीब तीन से चार सौ दुकानें होंगी। बाजार में सराफा व थोक किराना व्यापारियों का रोजाना 10 करोड़ से भी अधिक का व्यापार होता है, लेकिन बाजार में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर शून्य पर खड़ा है। बाजार की सबसे बड़ी समस्या जाम व अतिक्रमण की है। पार्किंग व अतिक्रमण के कारण 40 फिट चौड़ी सड़क मात्र 10 फिट की बचती है।

- शहर का सबसे पुराना किराना थोक बाजार है

**1.25** किमी की सड़क पर भारी कब्जे

**1100** से अधिक दुकानें हैं बाजार में

**10** करोड़ का व्यापार होता रोजाना

**15** हजार लोगों का रोजाना आवागमन

### गुम हो चुके हैं फुटपाथ

पुराने कुआं से नयागंज मुख्य बाजार की ओर जाने पर सड़क के दोनों ओर तीन-तीन फिट के फुटपाथ हुआ करते थे, जो अब गुम हो चुके हैं। 40 साल से व्यापार करने वाले एक व्यापारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने फुटपाथ देखा तक नहीं है। बताया कि अतिक्रमण का सबसे प्रमुख कारण फुटकर व्यापारी हैं। थोक बाजार में फुटकर कारोबारियों ने सड़क पर तख्त डाल कर कब्जा कर रखा है। जिससे माल लोड व अनलोड नहीं हो पाता है। धनीराम, सीताराम, होटल आर्यावर्त में करीब 200 दुकानें हैं। नागेश्वर मंदिर के पास 300 से अधिक फल वालों की दुकानें लगती हैं, अगर एक भी व्यापारी की दुकान में माल भरने के लिए ट्रक खड़ा हो जाए तो कुछ ही देर में पूरी रोड पर जाम लग जाता है।

### सब्जी मंडी के कारण नहीं लोड हो पाता माल

नयागंज किराना बाजार के पीछे वाली रोड पर पूरी सड़क सब्जी वालों ने कब्जा कर रखी है। आधी सड़क तक सब्जी वाले घेरे रहते हैं जिससे वाहन नहीं निकल पाते और जाम लगा रहता है। आस-पास के व्यापारियों ने बताया कि सब्जी मंडी के कारण बाजार के थोक व्यापारियों को माल लोड व अनलोड कराने में भारी दिक्कतें होती हैं। नयागंज से फूलबाग तक वनवे व्यवस्था को लागू किया गया है, लेकिन कई बार मांग करने के बावजूद घंटाघर से नयागंज तक वनवे लागू नहीं किया गया। अगर बाजार में वनवे लागू कर दिया जाए तो जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाए।

### ............ क्या बोले व्यापारी ............



एक्सप्रेस रोड पर पार्किंग में सिर्फ कारों की पार्किंग की व्यवस्था है। बाइकों की पार्किंग नहीं करने दी जाती। पुराने कुआं से शक्कर पट्टी रोड पर बाइक सवार बीच सड़क पर वाहनों को खड़ा कर नौघड़ा, जनरलगंज, काहूकोठी खरीदारी करने चले जाते हैं और घंटों बाद वापस आते हैं। पार्किंग की व्यवस्था हो जाए तो जाम से निजात मिल सकता है।

**-लाल सिंह, अध्यक्ष मुद्रा विनियम व्यापार मंडल**



पिछले 10 सालों से बीच सड़क पर गाड़ियां खड़ी हो रही हैं। कई बार ट्रैफिक, नगर निगम के अधिकारी आए और मौका मुआयाना कर चले गए, लेकिन समस्या का कोई समाधान नही निकला। सड़क पर बाइक से निकलना तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार है। बाजार में एक भी सुलभ शौचालय नहीं है। एक्सप्रेस रोड पर आधा-अधूरा शौचालय पड़ा हुआ है। समस्याएं जल्द निस्तारित की जानी चाहिए।

**-सनी सिंह, मनी एक्सचेंजर**



नयागंज बाजार थोक व्यापारियों की बाजार थी। फुटकर व्यापारियों ने फुटपाथ से लेकर सड़क पर कब्जा कर रखा है। जाम व अतिक्रमण के कारण ऑयल व रिफाइंड का कारोबार लगभग आधा हो गया है। उन्नाव, कानपुर देहात, औरैया, इटावा समेत कई जनपदों से फुटकर कारोबारी माल खरीदने आते थे, लेकिन अब जाम के कारण सीधे मिल मालिकों से संपर्क कर माल खरीद लेते हैं।

**-पकंज गुप्ता, ऑयल व रिफाइंड कारोबारी**



घंटाघर से नयागंज तक वनवे लागू करने के लिए कई बार मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी अधिकारियों से मिल कर मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुध नहीं ली गई। बाजार में वनवे व्यवस्था लागू करने से ही जाम से निजात दिलाया जा सकता है। अगर वनवे लागू हो जाए तो व्यापारियों को माल लोड व अनलोड करने में भी आसानी रहेगी। बाजार में ई-टायलेट की व्यवस्था हो।

**-अंलकार ओमर, उपाध्यक्ष, किराना मर्चेंट एसोसिएशन**

### एक्सप्रेस रोड पर होने वाली पार्किंग ध्वस्त

संकरी गलियों में बाजार होने के कारण करीब 15 वर्ष पूर्व वाहनों को खड़ा करने के लिए एक्सप्रेस रोड व मंजूश्री टॉकीज के सामने पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। मंजूश्री टॉकीज के सामने रेलवे ने नगर निगम व केडीए को जगह उपलब्ध कराई थी, लेकिन वर्तमान समय में जगह पर मॉडल शाप व होटल बन चुके हैं। एक्सप्रेस रोड पर भी पूरी तरह से स्ट्रीट वेंडर्स का कब्जा हो गया है।

# एआई के जरिये टेक्सटाइल की बारीकी सीखेंगे युवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपीटीटीआई में जुलाई से एआई की पढ़ाई
- युवा पहली बार रोबोट के जरिये कर सकेंगे पढ़ाई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान 'यूपीटीटीआई' में युवा अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई भी कर सकेंगे। इसके लिए संस्थान में सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जुलाई से संस्थान में इसके लिए कक्षाएं भी संचालित होंगी। युवाओं को यह पढ़ाई टेक्सटाइल की पहचान नई तकनीक की सहायता से करना सिखाया जाएगा। संस्थान का कहना है वैश्विक बदलाव को देखते हुए संस्थान की ओर से यह निर्णय लिया गया है।

प्रदेश के इकलौते संस्थान में युवा यह कोर्स 'माइनर डिग्री कोर्स' के तहत कर सकेंगे। कोर्स को शुरू करने के लिए संस्थान में दो फैकेल्टी को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा प्रयोशालाएं और कक्षाओं के संचालन के लिए भी तैयारी पूरी कर ली गई है। यूपीटीटीआई अपने छात्रों को टेक्सटाइल प्रौद्योगिकी के साथ दूसरी फील्ड की भी जानकारी देना चाहता है। टेक्सटाइल उद्योग में जांच के साथ ही गुणवत्ता, परख और मापन का कार्य में एआई का भरपूर प्रयोग हो रहा है। ऐसे में एआई जैसी टेक्नॉलजी की जानकारी होनी युवाओं को बहुत जरूरी है। युवाओं को एआई के साथ ही रोबोट संचालन सिखाया जाएगा। प्रयोगशाला में इन रोबोट के जरिए कार्य लेने, उनके रखरखाव, रोबोट की कार्य क्षमता, जैसे विषय से युवाओं को जानकारी दी जाएगी। टेक्सटाइल उद्योग में फिलहाल ज्यादातर क्वालिटी चेक मेन्युवली होता है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से यह सभी कार्य 'स्मार्ट' हो गया है।



हर क्षेत्र में तकनीकी विकास हो रहा है। इसमें जल्दी-जल्दी बदलाव भी होते हैं। ऐसे में खुद को अपडेट रखने की जरूरत होती है। इसी को ध्यान में रखकर छात्रों को तकनीकी ज्ञान देने की तैयारी है। इससे छात्र बढ़ती तकनीकी के साथ मुकाबला कर सकें।

**प्रो. डॉ. जितेन्द्र प्रताप सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज, यूपीटीटीआई**

# ट्रैफिक सुधारने के लिए एक मंच पर आएंगे विभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद पचौरी की अध्यक्षता में सभी दलों के विधायकों की पुलिस कमिश्नर से बैठक

**अमृत विचार।** शहर में जाम को खत्म करने के लिए गुरुवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने जनप्रतिनिधियों, सभी जोन के डीसीपी, एसीपी व ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी ने अपने-अपने विचार रखे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि रोडमैप तैयार कर लिया गया है। शहर को जल्द ही जाम से मुक्त किया जाएगा। पुलिस के साथ ही ट्रैफिक से जुड़े सभी विभाग एक मंच पर आकर काम करेंगे।

बैठक में विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक महेश त्रिवेदी, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई और हसन रूमी ने अपने-अपने क्षेत्र की ट्रैफिक की समस्याओं के बारे में जानकारी देकर सुझाव पुलिस कमिश्नर को बताए। विधायक महेश त्रिवेदी ने बताया कि बसंत विहार, नौबस्ता बाईपास, यशोदा नगर बाईपास में जाम की भीषण समस्या रहती है, लेकिन पुलिसकर्मियों की तैनाती कहीं नहीं दिखती है।

बताया कि बारादेवी चौराहे पर ऑटो, टेंपों व ई-रिक्शा की अराजकता व मेट्रो निर्माण कार्य के चलते लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। 112 की गाड़ियां चिन्हित स्थानों पर नहीं दिखाई पड़ती है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर शहर के जाम को खत्म करने के लिए खाका खींचा गया है।



पुलिस कमिश्नर और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। अमृत विचार

### भारी ट्रैफिक लोड, मनोज पान चौराहा पर बेरीकेडिंग

**कानपुर।** डबल पुलिया, लापजत नगर, नरेंद्र मोहन सेतु व फजलगंज से आने वाले ट्रैफिक के कारण जेके मंदिर के पास स्थित मनोज पान शॉप चौराहे पर लोगों को भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। टीआई सेंट्रल मनोज कुमार सिंह ने जिसको देखते हुए चौराहे को बेरीकेडिंग गुरुवार को बंद किया गया।

### ऐसे जाएंगे वाहन

- डबल पुलिया से आने वाले वाहन जिनको जेके मंदिर से फजलगंज की ओर जाना है, वे मनोज पान भंडार से बाएं मुड़कर आगे बने कट से यूटर्न लेकर जाएंगे।
- नरेंद्र मोहन सेतु की तरफ से डबल पुलिया की ओर जाने वाले वाहन मनोज पान भंडार से आगे जाकर यू टर्न लेकर जाएंगे।
- जेके मंदिर से डबल पुलिया और नरेंद्र मोहन सेतु की ओर जाने वाले वाहन चौराहे से बाएं मुड़कर हास्पिटल के सामने से यू टर्न लेकर जा सकेंगे।
- फजलगंज, मरियमपुर से जेके मंदिर की ओर जाने वाले वाहन चौराहे से आगे जाकर कैंडी फ्लॉस स्कूल के आगे बने कट से यू टर्न लेकर जाएंगे।

# बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में चोरों ने भतीजी की शादी में शामिल होने गए एक परिवार को निशाना बनाकर लाखों की नकदी और जेवरात पार कर दिए।

नवाबगंज के सुखऊपुरवा निवासिनी ममता साहू ने बताया कि उनके पति एक कंपनी में अयोध्या में काम करते हैं। एक बेटा मानविक है। बताया कि 14 फरवरी की रात वह भतीजी की शादी में गई थीं। जब वह शादी से रात 1.30 के आस पास वापस आईं तो देखा कि घर का मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। गेट की कुंडी अन्दर से बन्द थी। बताया कि इस दौरान उनके भाई ज्ञानचन्द्र गुप्ता पड़ोसी की छत से अपनी छत पर पहुंचे, तब एक लड़का छत से कूदकर भाग निकला। बताया कि चोर आठ से दस लाख की नकदी, सोने की चेन, मंगलसूत्र, हार, अंगूठी, चूड़ी, चांदी का पायल, चांदी की गिलास कटोरी आदि सामान चोरी कर ले गए।

### केडीएमए के छात्रों ने लहराया परचम

**कानपुर।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2024 के पहले सत्र के नतीजों में केडीएमए के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। परीक्षा के दौरान केडीएमए इंटरनेशनल विद्यालय के चार छात्र शाश्वत प्रताप सिंह ने (99.78), सात्विक सोनी ने (99.49), कार्तिकेय सिंह ने (97.23) व कृष यादव ने (98.86) परसेंटाइल हासिल किए हैं। छात्रों की सफलता पर स्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका सहगल ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## सार-संक्षेप



आनंद बिहारी धाम में मना वसंतोत्सव। अमृत विचार

### भक्तों ने मनाया वसंतोत्सव

**कानपुर।** ठा. श्रीआनन्द बिहारी धाम में वसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्री बिहारी जी का भव्य श्रृंगार कर आरती की गयी। कार्यक्रम में धाम के उपासक आचार्य अंकित शुक्ला ने बिहारी जी को बसंती पोशाक धारण कराई। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि पर्व से ही श्री बांके बिहारी वृंदावन में होली उत्सव प्रारंभ होता है। बिहारी जी के विग्रह में गालों में गुलाल का गुलचा लगाया जाता है। आवास विकास हंसपुर स्थित श्री आनंद बिहारी धाम में हुए आयोजन में मुख्य रूप से चकरपुर आलू मंडी के अध्यक्ष पंकज कुशवाहा, रजनीश त्रिवेदी, पं राहुल शुक्ला, सूरजअवस्थी गुड्डन श्रीवास्तव, राघव अवस्थी सहित अन्य भक्त मौजूद थे।



स्कूल में डांस करते बच्चे। अमृत विचार

### उत्साह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** स्टेपिंग स्टोन्स इंटरमीडिएट कॉलेज गोविंद नगर ने गुरुवार को वार्षिक 'उत्साह' आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए माहौल को भव्य किया गया। लाजपत भवन में हुए आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सत्यदेव पचौरी ने शिरकत की। इसी तरह विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीव पाठक मौजूद रहे। समारोह में अध्यक्ष विशाल वाधवा और कृतिका वाधवा, संस्थापक अध्यक्ष कृष्णा वाधवा भी मौजूद रहीं। समारोह में रतन लाल नगर स्थित न्यू स्टेपिंग स्टोन्स इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष राकेश वाधवा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेशवंदना से हुई। कार्यक्रम में मान्या मिश्रा, प्राची यादव, पलक गुप्ता सहित अन्य स्कूली बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के जरिए सभी का मन मोह लिया।

**पुलिस भर्ती परीक्षा** 17-18 फरवरी को सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से 5 दो पालियों में होंगी परीक्षा

# 110 सेंटरों पर सवा दो लाख परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तरप्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा शहर में 17 और 18 फरवरी को होगी। इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने सारी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। कुल 110 सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों पर दो दिन में सवा दो लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। ये परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से 5 बजे के बीच होगी।

1000 या इससे ज्यादा क्षमता वाले केंद्रों पर एसीपी तैनात रहेंगे। दो मुख्य आरक्षी, तीन पुरुष और दो महिला आरक्षी तैनात रहेंगी। 501 से 1000 तक की क्षमता के केंद्रों पर इंस्पेक्टर तैनात होंगे। एक मुख्य आरक्षी, तीन पुरुष और दो महिला पुलिस कर्मी तैनात रहेंगी। 500 तक की क्षमता वाले परीक्षा केंद्रों पर सब इंस्पेक्टर तैनात होंगे। सेंटर के मुख्य गेट पर एक मुख्य आरक्षी, दो पुरुष और एक महिला पुलिस कर्मी रहेंगी। उन्हीं परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनकी उस पाली में परीक्षा होगी। प्रवेश द्वार पर ही एक्सेस कंट्रोल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। चेहरे और मूल पहचान पत्र से ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थी अपने साथ आधार कार्ड, ई आधार कार्ड, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस लेकर आएं। पहचान की पुष्टि न होने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ दो पुलिस सशस्त्र पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। गोपनीय सामग्री ले जाने वाले वाहन पर एक मुख्य आरक्षी तैनात रहेगा। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम में एक दरोगा होगा।



परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक करते जेसीपी हरीश चन्दर। अमृत विचार

### चारों डीसीपी को सौंपी गई जिम्मेदारी

परीक्षा के नोडल अधिकारी बनाए गए अपर पुलिस उपायुक्त कानून एवं व्यवस्था मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि परीक्षा कराने के लिए कमिश्नरेट के चारों जोन सेंट्रल, पश्चिम, दक्षिण, पूर्वी के डीसीपी को पत्र भेज दिया गया है। वे लोग अपने-अपने यहां के केंद्रों में व्यवस्था करने में जुट गए हैं।

### संयुक्त पुलिस आयुक्त ने ली बैठक

उप्र पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर की अध्यक्षता में जीआरपी, आरपीएफ, रोडवेज़, ट्रांस्पोर्ट, यातायात के अधिकारियों के साथ कार्यालय में बैठक की गई। परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मीटिंग में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आशीष श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात शिवा सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी केसीटीएसएल, रोडवेज एआरएम उपस्थित रहे।

### 17,18 को नहीं होगा मेट्रो का काम

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस पदों की भर्ती को लेकर 17 व 18 को परीक्षा होनी है, जिसमें सवा दो लाख परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा के दौरान यातायात प्रभावित न हो इसके लिए मेट्रो निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है। एडीसीपी शिवा जी ने बताया कि 17 फरवरी की रात से अगले दिन सुबह छह बजे तक मेट्रो का काम पूरी तरह से बंद रहेगा।

KANPUR NAGAR NIGAM
Motijheel, Kanpur, Phone- 2551416, 2531215, Fax- 2531662
E-mail: Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in, Website: kmc.up.nic.in

ई-निविदा सूचना

Kanpur Nagar Nigam invites bids for **"Empanelment of vendors for road marking with hot Applied Thermoplastic compound with reflectorizing glass beads on bituminous surfaces (Repeated/Tranvers bar)"** through E-tender tender in Nagar Nigam Kanpur, Date up to 27.02.2024 at 03:00 PM. Details of the tender can be seen on **http://kmc.up.nic.in. / http:/etender.up.nic.in** and The Office of Executive Engineer (Project), 1 Floor, Kanpur Nagar Nigam. **Tender Cost R.s. 5000.00+18% GST & Earnest Money R.s. 100000.00** EMD & Tender cost for tender having can be deposited **https://easypay.axisbank.co.in/easyPay/makePayment?mid=NTg2NzQ%3D**

Ro no 370

Chief Engineer
Nagar Nigam Kanpur

Municipal Commissioner
Nagar Nigam Kanpur

## एक नजर

### रामादेवी चौराहा सुधारने के लिए किया निरीक्षण

**कानपुर।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने जोन 2 के अंतर्गत रामादेवी चौराहे के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। चौराहे पर अस्थाई सब्जी मंडी को जेएम पैलेस रूमा के समीप बनाई गई सब्जी मंडी पर स्थानांतरित किए जाने के निर्देश जोनल अधिकारी को दिये। जाम की समस्या से मुक्ति के लिए रामादेवी ओवरब्रिज के नीचे से से हरजिंदर नगर की ओर वैकल्पिक स्थल तलाशने के निर्देश दिए।

### पहली अप्रैल से शुरू होगी बेंगलुरु की उड़ान

**कानपुर।** कानपुर से बेंगलुरु की सीधी विमान सेवा पहली अप्रैल से दोबारा शुरू हो जाएगी। विमानन कंपनी इंडिगो ने अपनी इस उड़ान को जनवरी माह में बंद कर दिया था। शिक्षा और रोजगार के लिए बड़ी संख्या में शहर के युवा बेंगलुरू में रह रहे हैं। सीधी उड़ान बंद होने से उनके साथ कारोबार के सिलसिले में बेंगलुरू जाने वाले लोगों को लखनऊ से आना-जाना पड़ रहा है। अब पहली अप्रैल से कानपुर से बेंगलुरु की फ्लाइट मिल सकेगी। वर्तमान में चकेरी से दिल्ली और मुंबई के लिए ही उड़ान की सुविधा मिल रही है।

# कंक्रीट के बैरियर से कसेंगे यातायात अराजकता पर नकेल

## यू-टर्न और वन-वे व्यवस्था में अस्थाई बैरिकेडिंग की जगह किया जाएगा इस्तेमाल

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** गुमटी क्रासिंग से यदि आपको जीटी रोड पार करके 80 फीट रोड या मोतीझील की ओर जाना हो तो अभी यू-टर्न लेना होता है। ऐसी ही व्यवस्था आगे कोकाकोला क्रासिंग पर की गई है। दोनों जगह अस्थाई बैरिकेडिंग लगाई गई हैं। शहर में तमाम चौराहों या सड़कों पर वन-वे और यू-टर्न के लिए अस्थाई बैरिकेडिंग करके ही यातायात संचालित किया जा रहा है। कई बार लोग इन बैरिकेडिंग को खिसकाकर रास्ता बना लेते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस समस्या को दूर करने के लिए शहर के सभी जोन में कुल 31 सौ मीटर लंबी कंक्रीट के बैरियर लगाने की योजना बनाई गई है।

कानपुर कमिश्नरेट में स्थित पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिण और मध्य जोन में पुलिस विभाग ने मार्गों पर सुगम यातायात के लिए कई परिवर्तन किए हैं। दक्षिण में गोविंदपुरी पुल को वन-वे किया गया है। पुल के दोनों ओर उतरते ही बैरियर लगा दिए गए हैं ताकि सिर्फ चौराहे से ही लोग एक तरफ से दूसरी ओर जा सकें। सड़क पर यहां कई जगह रांग कट भी बंद किया गया है। इसी तरह सर्वोदय नगर में आरटीओ के बाहर अस्थाई बैरियर लगाकर मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। यहां यू टर्न के साथ ही वन-वे भी किया गया है। रावतपुर चौराहे की ओर जाने के लिए भी वन-वे है। यहां भी पुलिस ने बैरियर लगाकर एकल मार्ग कर रखा है। आईआईटी से रामादेवी तक कई जगह अवैध कट और चौराहों को बंद किया गया है। इन सभी स्थानों पर यू-टर्न से ट्रैफिक का संचालन किया जा रहा है। हर जगह अभी अस्थाई बैरियर लगे हैं, जिनके स्थान पर स्थाई रूप से कंक्रीट के बैरियर लगाए जाएंगे।



अस्थाई बैरियर लगाकर बंद की गई रावतपुर क्रासिंग जाने वाली सड़क से निकलता दोपहिया वाहन सवार। अमृत विचार

### जोन और कंक्रीट बैरियर (मीटर में)

| | |
|---|---|
| पूर्वी | 500 |
| पश्चिम | 800 |
| दक्षिण | 1050 |
| मध्य | 760 |

■ नो ई-रिक्शा जोन, नो पार्किंग, नो एंट्री के साथ शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे



| जोन | नो ई-रिक्शा जोन | यू-टर्न | वन-वे | नो-पार्किंग | नो-इंट्री |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्वी | 20 | 10 | 10 | 80 | - |
| पश्चिम | 15 | 05 | 10 | 80 | - |
| दक्षिण | 10 | 10 | - | 80 | 10 |
| मध्य | 25 | 20 | 20 | 150 | - |

### 650 स्थानों पर लगाए जाएंगे साइनेज बोर्ड

■ ट्रैफिक विभाग ने शहर में अनेक स्थानों पर वन-वे, नो पार्किंग, नो एंट्री, यू-टर्न और नो ई-रिक्शा जोन तो लागू कर दिया है, लेकिन इसके लिए कहीं भी साइनेज बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। इस कारण वाहन सवारों को परेशान होना पड़ता है। अब ऐसे 650 स्थानों पर साइनेज लगाए जाएंगे।



### नगर निगम से व्यवस्था करने को कहा गया

पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह ने नगर निगम को पत्र लिखकर कंक्रीट के बैरियर और यातायात साइनेज बोर्ड लगाने की व्यवस्था करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि शहर में यातायात सुचारू करने के लिए बैरियर और साइनेज बोर्ड यातायात पुलिस लाइन में उपलब्ध कराएं जाएं ताकि चिह्नित स्थानों पर इन्हें जल्द से जल्द स्थापित कराया जा सके।

## 181 बेटियों के हाथों में सजी मेहंदी


समाजसेवी अजीत अग्रवाल अपनी 27 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर 18 फरवरी को 181 बेटियों की शादी कराने की तैयारी शुरू की है। गुरुवार को मेहंदी रस्म एवं श्याम बाबा का कीर्तन रिचा मंगलम बैंक्वेंट हॉल में किया गया। 181 कन्याओं के हाथों में सगुन की मेहंदी लगाई गई। मुस्कान, सलोनी, गुंजन, तानुष, यश अग्रवाल ने इस दौरान जमकर नृत्य किया। कन्याओं का विवाह दशहरा सीएसए ग्राउंड पत्थर कालेज नवाबंगज में किया जाएगा। ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानन्द : सरस्वती वर- वधु को आशीर्वाद देंगे। अमृत विचार

# विशेष ट्रेडिंग सत्र में शहर से 100 करोड़ के कारोबार का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में शनिवार, दो मार्च को विशेष ट्रेडिंग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस दिन शहर में शेयर ब्रोकर्स के दफ्तर खुले रहेंगे। विशेष ट्रेडिंग सत्र के दौरान कानपुर शहर से करीब 100 करोड़ रुपये के शेयर कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। विशेष ट्रेडिंग को लेकर ब्रोकर्स के साथ निवेशकों में भी उत्साह है।

स्टाक एक्सचेंज में इससे पहले शनिवार 20 जनवरी को विशेष ट्रेडिंग सत्र आयोजित करने की घोषणा की गई थी, लेकिन बाद में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर इस दिन को पूरे समय की सामान्य ट्रेडिंग में परिवर्तित कर दिया गया था। विशेष ट्रेडिंग सत्र निरस्त करने के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को शेयर बाजार बंद रखा गया था। अब दो मार्च को होने वाले विशेष ट्रेडिंग सत्र में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) दोनों ही खुलेंगे। विशेष सत्र में निवेशक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से हिस्सा ले सकेंगे।



स्टाक एक्सचेंज (फाइल फोटो)।

### गिरावट में खरीदारी करें लेकिन टुकड़ों में


राजीव सिंह

■ आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार शेयर बाजार में जारी उठा-पटक के बीच आम चुनाव से पहले बाजार एक बार फिर नए हाई का रिकार्ड बना सकता है। निवेशकों को गिरावट में खरीदारी करनी चाहिए लेकिन एक साथ की जगह किश्तों में। उन्होंने बताया कि विशेष ट्रेडिंग सत्र के दौरान किसी बड़े उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। चुनावी बांड खत्म होने से वित्तीय लेनदेन में और पारदर्शिता बढ़ेगी जो लंबी अवधि में शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर साबित होगा।

### यह रहेगा कारोबार का समय

एनएसई के सर्कुलर के मुताबिक डिजास्टर रिकवरी साइट को टेस्ट करने के लिए को दो सत्रों में कारोबार होगा।

- पहला सेशन-सुबह 9.15 से 10 बजे तक (प्री-ओपनिंग सुबह 9.00 से 9.08 बजे तक)
- दूसरा सेशन -पूर्वाह्न 11.30 से 12.30 बजे तक (प्री-ओपनिंग 11.15 से 11.23 बजे तक)
- प्री क्लोजिंग सेशन-मध्याह्न 12:40 से 12:50 बजे तक

### एक दिन में कमाए 575 करोड़

■ शेयर बाजार में गुरुवार को सरकारी बैंकों के शेयरों का दबदबा रहा। चुनावी बॉन्ड्स स्कीम खत्म करने की खबरों के बीच पीएसयू और बैंकिंग शेयरों में निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई। शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुए। गुरुवार को हुए कारोबार में शहर के निवेशकों की पूंजी में 575 करोड़ की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है।

### साइबर अटैक, सर्वर क्रैश से भी नहीं रुकेगी ट्रेडिंग

सेबी के आदेशानुसार स्टॉक एक्सचेंजों को विषम परिस्थितियों में भी बिना किसी रुकावट के ट्रेडिंग जारी रखनी है। विशेष सत्र में किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना के मद्देनजर डिजास्टर रिकवरी साइट से परिचालन बहाल करने का परीक्षण किया जाएगा। अगर ट्रायल सफल रहा तो साइबर अटैक, सर्वर क्रैश जैसी विषम परिस्थितियों में प्राइमरी प्लेटफॉर्म से ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी साइट पर आसानी से स्विच किया जा सकेगा। पहले सत्र का संचालन प्राइमरी प्लेटफॉर्म से होगा, दूसरे सत्र का संचालन डिजास्टर रिकवरी साइट से होगा। 24 फरवरी 2021 को एनएसई में तकनीकी गड़बड़ी के कारण निवेशकों को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। ट्रेडिंग कई घंटे बाधित रही थी। इस दौरान कानपुर के ट्रेडर्स को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी थी।

# सीमा विस्तार के लिए 32 गांवों में सर्वे कार्य चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम की नौ सदस्यीय कमेटी ने सीमा विस्तार के लिए शहर सीमा से जुड़े क्षेत्रों में 32 गांव चिह्नित किए हैं। इनमें बिठूर और उन्नाव सीमा के गांव शामिल हैं। पहले 59 गांवों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव बना था। सीमा विस्तार के बाद 32 गांवों की पांच लाख से ज्यादा आबादी शहरी क्षेत्र में शामिल हो जाएगी।

सीमा विस्तार के लिए अपर नगर आयुक्त प्रथम की अध्यक्षता में गठित कमेटी में मुख्य वित्त और लेखाधिकारी, मुख्य अभियंता, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, प्रभारी अधिकारी संपत्ति, संबंधित जोनल प्रभारी, प्रभारी अधिकारी जनगणना, सचिव नगर निगम और नक्शा अधीक्षक को शामिल किया गया है। कमेटी संबंधित गांवों में सर्वे करेगी कि कितने मकान पक्के और कितने कच्चे हैं, व्यावसायिक निर्माण कितने हैं। सड़कों की स्थिति कैसी है। इन गांवों से नगर निगम को कितनी आय होगी और विकास कार्यों पर कितना खर्च आएगा। सीमा विस्तार वाले गांवों में सड़क, नाली, खड़ंजा, के साथ पार्क विकसित किए जाएंगे। भूमिगत बिजली की लाइन, पेयजल, सीवर लाइन, गैस पाइप लाइन, मार्ग प्रकाश व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी।

# क्षेत्रीय भाषा में तकनीकी व बिजनेस कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी टेक्नोलॉजी और बिज़नेस कोर्स उपलब्ध होंगे। इसके लिए आईआईटी कानपुर में स्थापित फाउंडेशन फार एडंवास्ड कंसल्टिंग, एजूकेशन एंड ट्रेनिंग ने एचसीएल ग्रुप एडटेक कंपनी जीयूवीआई के साथ गुरुवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। अब दोनों संस्थाएं मिलकर अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलगू भाषा में उद्योग क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोर्स डिजाइन करेंगी।

आईआईटी के निदेशक प्रो. एस गणेश ने बताया कि मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर इस कार्ययोजना को लागू किया गया है।


आईआईटी कानपुर में एमओयू दिखाते संस्थाओं के प्रतिनिधि। अमृत विचार

● आईआईटी कानपुर का एचसीएल ग्रुप की कंपनी के साथ शैक्षणिक समझौता

इसके तहत बिजनेस इंटेलीजेंस व डिजिटल मार्केटिंग और फुल स्टैक डेवलपमेंट के साथ डेटा साइंस और डेटा इंजीनियरिंग में प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा युवाओं को दी जाएगी। करार के दौरान जीयूवीआई के संस्थापक अरुण प्रकाश ने कहा कि 2011 में एक सूचनात्मक यूट्यूब चैनल से की गई शुरुआत आज कई भाषाओं में तकनीकी शिक्षा का माध्यम बन चुकी है। अब आईआईटी का साथ मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के लक्ष्य को आसानी से पाया जा सकेगा।

## रेलवे स्टेशनों पर तेज करें काम

**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के तहत आने वाले रेलवे स्टेशनों को अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ मेला के पहले आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस करने के लिए चल रहे विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। यह बात प्रयागराज मंडल की समीक्षा बैठक में कही गई। मंडल में जिन 15 स्टेशनों का पुर्नविकास किया जा रहा है, या अमृत भारत योजना में शामिल हैं, उनमें कानपुर सेंट्रल, अनवरगंज, गोविंदपुरी और पनकी धाम स्टेशन भी हैं। इन स्टेशनों में प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, प्लेटफार्म विस्तार, पार्किंग के साथ कियोस्क सुविधा प्रमुख रूप से उपलब्ध कराई जानी है।

# इरफान मामला: पुलिस के दबाव में पलटा था गवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आगजनी कांड में गुरुवार को बचाव पक्ष की ओर से बहस जारी रही। बचाव पक्ष ने कोर्ट में कहा कि सपा विधायक इरफान की ओर से पेश गवाह पुलिस के दबाव में आकर बदल गया। तर्क दिया कि अभियोजन अब तक यह कोर्ट को बता नहीं पाया कि इरफान अपना मोबाइल किसको देकर गए थे, जबकि बचाव पक्ष साबित कर चुका है कि सपा विधायक व उनके भाई घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने मामले में बहस जारी रखी। अधिवक्ता शिवाकांत ने कोर्ट में कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से लगातार आरोप लगाया जा रहा है कि घटना के समय विधायक अपना मोबाइल किसी को देकर घटनास्थल पर गए थे, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि किसे मोबाइल देकर गए थे। बचाव पक्ष ने यह साबित कर दिया कि घटनास्थल पर विधायक व उनके भाई रिजवान मौजूद नहीं थे। कोर्ट को बताया कि विधायक की ओर से ऋषभ गुप्ता को गवाह के रुप में पेश किया गया था।

## खेती बनेगी रोजगार

### सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि की ओर से किसानों को दिया गया खेती का प्रशिक्षण

# किसान बनेंगे मशरूम उद्यमी और कमाएंगे मुनाफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि मशरूम की खेती छोटी भूमि पर अधिक मुनाफा दे सकती है। अनूपपुर गांव में हुए प्रशिक्षण में केंद्र प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि मशरूम की खेती कृषकों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। यह छोटे व भूमिहीन किसानों तथा गृहणियों के लिए उपयुक्त व्यवसाय हो सकता है।

मशरूम खेती के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि इसे अपनाकर बेरोजगारी दूर करने के साथ पोषण और औषधीय गुणों को आम लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। मशरूम का उत्पादन फसल काटने के बाद बचे हुए भूसे पर किया जाता है। अनुमान है कि भारत में प्रति वर्ष लगभग 30 से 35 मिलियन टन कृषि अवशेष उत्पन्न होता है। मशरूम और अन्य सूखे मशरूमों में 20 से 30 प्रतिशत तक प्रोटीन होती है। वैज्ञानिक डा.निमिषा अवस्थी ने बताया कि मशरूम में फॉलिक एसिड तथा विटामिन बी काम्प्लेक्स के साथ आयरन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मशरूम के बीज को स्पॉन कहा जाता है। इनका उत्पादन कीटाणुरहित अवस्था में वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक द्वारा छत्रक से प्राप्त कवक जाल से किया जाता है। मशरूम के बीज को सरकारी या गैर सरकारी मशरूम बीज उत्पादक संस्थाओं से ही प्राप्त करना चाहिए। वैज्ञानिक डॉ राजेश राय ने बताया कि मशरूम का बीज गेहूं के दानों पर बनाया जाता है। ढिंगरी की खेती गेहूं के उपचारित भूसे पर की जाती है। इसके लिए 100 लीटर पानी में 10 से 12 किलो सूखे भूसे को ड्रम में भिगोया जाता है। 10 लीटर पानी में 7.5 ग्राम बाविस्टीन तथा 125 मिलीलीटर फार्मेलिन घोलकर इसे भूसे में मिलाया जाता है।


मशरूम की खेती करना सिखाते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### कम लागत में ज्यादा उपज का प्रशिक्षण देंगे जापानी विशेषज्ञ

■ **कानपुर।** जापान के विशेषज्ञ सीएसए आकर किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती के गुर सिखाएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय में तैयारी शुरू हो गई है। जापानी विशेषज्ञ इसी माह के अंतिम सप्ताह में एमओयू साइन करने शहर आ रहे हैं। जापानी विशेषज्ञों से प्रशिक्षण लेने के लिए दिलीप नगर स्थित केंद्र में जगह तलाशी गई है। यहां जापानी कंपनी कुबोटो अपने कृषि उपकरणों व तकनीक का प्रदर्शन करेगी और फसलों में सटीक तकनीकी प्रयोग से उत्पादन बढ़ाने संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। फसलों की बीज बोआई, दवा छिड़काव और तैयार फसल की कटाई भी आधुनिक उपकरणों के जरिए सिखाई जाएगी। एमओयू के तहत पहले चरण में जापानी विशेषज्ञ अत्याधुनिक तकनीक से कम लागत में उत्पादन और आय बढ़ाने का तरीका बताएंगे। दूसरे चरण में खेतों में श्रम व श्रमिकों को कम करने का तरीका बताएंगे। सीएसए विवि के शोध निदेशक डॉ. पीके सिंह ने बताया कि जापानी कंपनी के विशेषज्ञ इसी माह विश्वविद्यालय आ रहे हैं। उनके प्रवास के दौरान एमओयू साइन किया जाएगा।

# नेपाल के साथ उच्च शिक्षा में रिश्ता जोड़ मेधावियों को मुकाम देगा सीएसजेएमयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में चल रहे भारत नेपाल उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नेपाल के साथ विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। सीएसजेएमयू अपनी वैश्विक पहचान के अंतर्गत मेधावी छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापर शिक्षा के साथ शोध और अनुसंधान की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

सम्मेलन में कुलपति ने विश्वविद्यालयों की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शैक्षिक, सांस्कृतिक व अनुसंधान के प्रगाढ़ सम्बन्धों के साथ सीएसजेएमयू नेपाल के साथ उच्च शिक्षा के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में कार्य करेगा। उन्होने कहा कि भारत की नई शिक्षा नीति के तहत अनेक पाठ्यक्रमों में नेपाल के छात्र-छात्राएं शिक्षित होकर रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के उपाध्यक्ष व सीएसजेएमयू कुलपति की महत्वपूर्ण भूमिका है। सम्मेलन के पहले दिन नॉर्थ जोन वाइस चांसलर समिट में प्रतिनिधित्व कुलसचिव डॉ अनिल यादव, अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रकोष्ठ से एसो. प्रोफेसर डॉ. प्रभात द्विवेदी, एसो. प्रोफेसर डॉ राजीव मिश्रा ने प्रतिभाग किया। कुलसचिव ने कहा कि सीएसजेएमयू में नेपाल के छात्रों को वरीयता और फीस में छूट दी जाएगी।



काठमांडू में उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में सीएसजेएमयू के प्रतिनिधि। अमृत विचार

● काठमांडू में भारत-नेपाल उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन

## एक नजर

### आज आएंगे केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

**कानपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उप्र के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को शहर आएंगे और पनखा बहादुर नगर व जाजमऊ स्थित सीईटीपी और एसटीपी का निरीक्षण करेंगे। दोनों मंत्री सुबह 9.30 बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से कानपुर क्लब आएंगे और 11 बजे जाजमऊ जाएंगे। वहां फिर शहर पनखा बहादुर नगर जाएंगे और प्लांट का निरीक्षण करेंगे।

### शिक्षामित्र पर महिला मेट को धमकाने का आरोप

**मंगलपुर।** ब्लाक संदलपुर की ग्राम पंचायत ररौख में शिक्षामित्र पर आरोप है कि मनरेगा का कार्य कर रही अनुसूचित जाति की महिलाओं व पुरुषों को अपमानित करते हुए गालियां दी और धमकी दी। विरोध करने पर महिला मेट अंजू मिश्रा को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। महिला मेट के पति अवधेश मिश्रा की सूचना पर डायल 112 पुलिस के पहुंचने पर शिक्षामित्र फरार हो गया।

### बाला जी धाम धनीरामपुर से रूरा तक कलश यात्रा

**रूरा।** श्री बाला जी कामधेनु समिति रूरा द्वारा आयोजित होने वाली श्रीराम कथा एवं पंच कुंडीय श्रीविष्णु महायज्ञ को लेकर गुरुवार को बालाजी धाम से कस्बा रूरा तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

# 26 को पीएम करेंगे स्टेशन और रिंग रोड का शिलान्यास

## जीटी रोड और उन्नाव-लालगंज हाईवे का लोकार्पण भी करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- अनवरगंज और गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन का विकास किया जा रहा है

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को वर्चुअल प्रोग्राम में विभिन्न कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री जीटी रोड और उन्नाव-लालगंज हाईवे का लोकार्पण करेंगे इसके साथ ही रिंग रोड और अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे। कानपुर-अलीगढ़ जीटी रोड लगभग बनकर तैयार हो गया है। सिर्फ मंधना के पास फ्लाईओवर का काम बाकी है जो जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

अमृतभारत योजना के तहत बनाए जा रहे अनवरगंज और गोविंदपुरी समेत 10 स्टेशनों का शिलान्यास भी वे करेंगे। कार्यक्रम की तारीख निर्धारित हो जाने के बाद सरकारी अमला तैयारियों में जुट गया हैं। रेलवे अधिकारी भी कार्यों को लेकर सतर्क हो गए हैं। रेलवे में अनवरगंज स्टेशन और गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। शिलान्यास में प्रयागराज मंडल के 10 अमृत भारत रेलवे स्टेशन और 62 आरओबी व आरयूबी शामिल हैं। शहर के पनकी धाम स्टेशन का शिलान्यास बाद में किया जाएगा। इसकी वजह स्टेशन में अभी कई कार्य प्रस्तावित होना है। कार्यक्रम फाइनल होने के बाद डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह व सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष कुमार लिपाठी समेत रेलवे अधिकारियों की मॉनीटरिंग में कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। कानपुर- लखनऊ हाईवे पर उन्नाव से शुरू होकर लालगंज जाने वाले हाईवे को चार लेन बनाया गया है। इस हाईवे का लोकार्पण किया जाना है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसी तरह जीटी रोड का लोकार्पण भी उन्हें ही करना है। 93 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड का काम मंधना से सचेंडी के बीच चल रहा है।

10 हजार करोड़ की लागत से बनाई जा रही रिंग रोड के बन जाने से शहर में यातायात जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी। इस रिंग रोड का कुछ हिस्सा प्लास्टिक कचरे से भी बनाया जाएगा। छह लेन रिंग रोड का स्ट्रक्चर आठ लेन का होगा। इस परियोजना के आसपास औद्योगिक टाउनशिप भी बसाई जाएगी। इसके लिए केडीए, उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पत्नी और बेटी का हत्यारोपी पिता भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कई लोन चल रहे थे दस्तावेज पुलिस को दिये
- पुलिस वजह कुछ और होने का लगा रही अनुमान



हत्यारोपी अर्जुन जायसवाल।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के कांशीराम कालोनी में पत्नी निशा और बेटी आशवी की हत्या के मामले में जनरल स्टोर संचालक हत्यारोपी अर्जुन जायसवाल को गुरुवार को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में अर्जुन ने बताया कि उसने इंडसइंड बैंक से 65,000, मनीबॉक्स से 80,000, सुजीत फाइनेंस बैंक से 1,50,000, उज्जीवन बैंक से 18,000 रुपये लोन पर लिए थे। वह आर्थिक तंगी की वजह से कर्ज नहीं चुका पा रहा था, इसके अलावा भी दूसरे श्रोतों से लिया कर्ज भी नहीं चुका पा रहा था। जिसकी वजह से परिवार तनाव में चल रहा था। रोज-रोज के तनाव से परेशान होकर उसने पत्नी बेटी की जान लेने के बाद जान देने का निर्णय लिया था। पुलिस अधिकारी वारदात के पीछे की वजह कुछ और होने का अनुमान लगा रहे हैं।

वारदात की वजह तलाशने के लिए पुलिस अर्जुन के घर की तलाशी लेगी। आसपास वालों से बात करेगी। परिवार वालों को बुलाकर अर्जुन के जीवन में कब कब क्या क्या हुआ है, इसकी जानकारी करेगी। पुलिस सूत्रों की मानें तो अर्जुन बार-बार अपना बयान बदल रहा है। हत्यारोपी ने पुलिस को बताया कि वह कांशीराम कालोनी में लगभग दो वर्ष से रह रहा है। यह कालोनी उसकी मां स्व. श्यामवती देवी के नाम थी। उसका निशा जायसवाल के साथ प्रेम विवाह वर्ष 2019 को हुआ था। पत्नी खदरा डालीगंज जनपद लखनऊ की रहने वाली थी। उसका भाई राजेश जायसवाल व बहन संगीता व दूसरी बहन नीतू पत्नी उससे कोई संबंध नहीं रखते थे।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चकेरी ने बताया कि हत्यारोपी अर्जुन को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## खेल के मैदान से



विजयी काउंटी क्लब की टीम। अमृत विचार

### विश्वास व वंसुल के खेल से काउंटी सेमीफाइनल में

**कानपुर।** प्रथम राधा देवी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में पालिका मैदान में काउंटी क्लब व प्रताप इंटरनेशनल के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। काउंटी क्लब नेन विश्वास (41) व वंसुल (34) रनों की नाबाद पारी की मदद से प्रताप इंटरनेशनल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश पाया। आदित्य तिवारी ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) व पैरामाउंट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम राधा देवी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्वार्टर फाइनल मैच में काउंटी क्लब व प्रताप इंटरनेशनल का मुकाबला हुआ। प्रताप इंटरनेशनल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 154 रन बनाए। प्रताप इंटरनेशनल की ओर से प्रियांशु पाल ने सर्वाधिक 44 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में काउंटी की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर विजय पा ली।



मैन आफ द मैच पुरस्कार दिया गया। अमृत विचार

### जिमखाना ने बीवीएस पर दर्ज की बड़ी जीत

**कानपुर।** केसीए द्वारा आयोजित केडीएमए क्रिकेट लीग के तहत चार मैच खेले गए, जिसमें रिजर्व बैंक ने राइडर्स क्लब को 10 विकेटों से पराजित किया। वहीं दूसरे मैच में साउथ जिमखाना ने बीवीएस पर 252 रनों से जीत हासिल की। तीसरा मैच नेशनल यूथ और रोलैंड क्लब के बीच खेला गया, जिसमें नेशनल यूथ 33 रनों से विजयी रहा। लीग का आखिरी मैच श्याम नगर मैदान में तिलक सोसायटी व बीसीए के बीच खेला गया। तिलक सोसाइटी ने 19 रनों से बीसीए को हरा दिया।

### अनन्या तिवारी बनीं विजेता



**कानपुर।** नेशनल यूथ पार्लियामेंट के तहत जिलास्तरीय पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता में अनन्या तिवारी विजेता बनीं। प्रतियोगिता में चार जनपदों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नेहरू युवा केन्द्र कानपुर नगर के लेखा अधिकारी टीपी मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर खिजरा खान रहीं।



प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने दिखाए उत्पाद। अमृत विचार

# प्रदर्शनी में दिखाए गए हाथ के बने उत्पाद

**कानपुर।** सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में गुरुवार को प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने हाथों से बने चित्रों व क्राफ्ट को देखकर सभी आकर्षित हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर स्कूलस वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री पं. कृष्ण कुमार दुबे ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की ओर से प्रस्तुत की गई प्रभु रामलला की झांकी को सभी ने सराहा। इसी तरह अन्य प्रस्तुतियों में स्कूली बच्चों की ओर से गणित विषय की रोचकता भी परोसा गया। गणित के सवालों के रोचक तरह से उत्तर निकालकर बच्चों ने सभी को चकित कर दिया। समारोह के दौरान स्कूल के निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, प्रधानाचार्या मीनाक्षी सिंह, नीति शर्मा मौजूद रहीं।

# नशेबाजी में दो पक्षों में मारपीट

**कानपुर।** कैंट थानाक्षेत्र स्थित गोलाघाट बस्ती में नशेबाजी में दो पक्षों मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष ने बाहर से कुछ लोगों को बुला लिया। वहीं, इसके विरोध में मोहल्ले के लोग एकजुट हो गए। इस दौरान दोनों ओर से लात घूसे और पत्थर भी चले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष से तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

कैंट गोलाघाट बस्ती में बनें शौचालय में राहुल नाम का युवक परिवार के साथ रहकर संचालन करता है। यहीं पास में रहने वाले विशाल व शिवकुमार से उसका नशेबाजी को लेकर विवाद हो गया। इसपर दोनों युवकों ने अपने करीब दो दर्जन साथी बुला लिए। जिसका मुहल्ले के लोगों ने विरोध किया। कैंट थाना प्रभारी बृज मोहन सिंह ने बताया कि मामले में राहुल के साथ दूसरे पक्ष से गोलाघाट निवासी विशाल व शिवकुमार को पकड़कर लाया गया है। सभी पर शांतिभंग की कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व पार्षद के भाइयों ने पीटा, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घायल सुदीप सिंह भदौरिया। अमृत विचार

- बजरिया थानाक्षेत्र में मामूली विवाद में हुई घटना, जमकर हुआ हंगामा

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र में पानी बहाने को लेकर हुए विवाद में रामबाग के पूर्व पार्षद के भाइयों ने भतीजों के साथ मिलकर पड़ोसी को जमकर मारापीटा। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस के सामने आरोपियों पर पीटने का आरोप लगाया है। बजरिया थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हुए पीड़ित ने हंगामा काटा। सोशल मीडिया पर घायल की फोटो और घटना वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट, रंगदारी, मारपीट, जानलेवा हमला धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

रामबाग के रहने वाले सुदीप सिंह भदौरिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह घर पर ही गाड़ियों की धुलाई का काम करते हैं। उनके पड़ोस में पूर्व पार्षद के घर पर भी यही काम होता है। सुदीप के साले गगन ने बताया कि पूर्व पार्षद के लोग क्षेत्र में वर्चस्व बनाने के लिए आए दिन लोगों से मारपीट करते हैं। आरोप है कि गुरुवार शाम उनके बहनोई सुदीप घर पर थे तभी दो पुलिसकर्मी घर आए और उन्हें बाहर बुलाया। पुलिसकर्मी बात कर रहे थे तभी राम प्रकाश अग्निहोत्री ने चंद्र प्रकाश, विजय प्रकाश व उसके भतीजे ध्रुव, आदित्य व अंकुर ने 4-5 साथियों के साथ मिलकर दुनाली बंदूक की बट से सुदीप को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और जमकर मारपीटा। आरोप लगाया कि आरोपियों ने सुदीप का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और गाली-गलौज कर धमकी देते हुए भाग निकले। परिजनों को सूचना मिली तो वह बजरिया थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा काटा। पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया और चलता करने लगी इस पर पीड़ित परिवार ने आक्रोशित होकर सड़क पर जाम लगा दिया। इंस्पेक्टर बजरिया अजय कुमार सिंह ने पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ। देरशाम पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर आरोपितों के खिलाफ लूट, रंगदारी मांगने, मारपीट, धमकी, गालीगलौज संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

# वसंतोत्सव मनाया गया

**कानपुर।** ललित कला अकादमी में गुरुवार को वसंतोत्सव मनाया गया। संगीत जागरण मंच की ओर से गायन, वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। अशोक नगर स्थित अकादमी के सभागार में रामस्वरूप ग्रामोद्योग महाविद्यालय, पुखरायां के पूर्व प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र तिवारी और कथाकार राजेंद्र राव ने शुरुआत की। अकादमी के प्रशिक्षु साक्षी, अवधेश, शशांक और सलमा ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद शिवानी सिंह ने बसंत गीत 'उड़ी उड़ी जाये रे' से सभी को मंत्रमुग्ध किया। अकादमी के अध्यक्ष सुनील गुप्त, सुरेश अवस्थी, कमल मुसद्दी और प्रशिक्षुओं के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# ताज पैलेस के बेसमेंट में लगी आग, शादी समारोह में मची भगदड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घटनास्थल से लोगों हटाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार



आग की चपेट में आया ई-रिक्शा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अनवरगंज स्थित ताज पैलेस गेस्ट हाउस में गुरूवार रात शादी समारोह के बीच आग लगने से भगदड़ मच गई। मौके पर पहुंची दमकल ने लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं है।

अनवरगंज थानाक्षेत्र के आलम मार्केट इलाके में स्थित ताज पैलेस गेस्ट हाउस में गुरूवार को परेड निवासी महफूज की बेटी सना और फैज आलम का विवाह समारोह था। रात 11 बजे करीब अगवानी चल रही थी तभी बेसमेंट से उठा धुआं गेस्ट हाउस की दोनों फ्लोर और कमरों में भरने लगा। इसबीच बिजली सप्लाई भी रूक गई जिसके चलते गेस्ट हाउस के दोनों हाल में भगदड़ मच गयी। चीख पुकार के बीच लोग गेस्ट हाउस से बाहर भागने लगे। मौके पर एफएसओ कैलाश चंद्रा सबसे पहले पहुंचे और काबू पाकर स्थित संभाली।

इस बीच अनवरगंज थाने का फोर्स भी आ पहुंचा। घटना के समय गेस्ट हाउस में करीब 500 लोग मौजूद थे। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया आग की जानकारी 10:49 बजे मिली थी। लाटूश रोड समेत आसपास के सभी फायर स्टेशन से 8 गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। तीन गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया। आग लगने की वजह बेसमेंट में शॉर्ट सर्किट होना रही। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



जली कार। अमृत विचार

### लोगों को बचाने के लिए घुसी भीड़ ने की लूटपाट

आग लगने की घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को हुई तो करीब एक सैकड़ा बाहरी लोग मैरिज हॉल में पहुंच गई। लाइट कटने के कारण अंधेरे का फायदा उठाते हुए भगदड़ और अफरातफरी की स्तिथि में महिलाओं और युवती के सोने की जंजीर, कान के झाले, हार तक लूटने आ आरोप लगाया।

### भीड़ ने बढ़ाई दमकल की मुश्किल

आग लगने की घटना की जानकारी जैसे ही इलाके के लोगों को हुई तो मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान मैरिज हॉल में फंसे लोगों को निकालने के दौरान दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई बार लोगों को लाठी पटककर खदेड़ा। इसके बाद भी लोग अपने मोबाइल से वीडियो बनाते नजर आए।



मौके पर मौजूद भीड़ व पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

**अनदेखी** देर हुई तो डीएम की एनओसी जरूरी, नगर निगम में रोज लग रही है लाइन, सालों बाद प्रमाण पत्र बनवाने आ रहे लोग

# बालिग हुये तब जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की आई याद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** शासन ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के संबंध में मिल रही शिकायतों के चलते नियमों में बदलाव किया था। जिसके तहत एक साल के बाद प्रमाण पत्र बनवाने में डीएम की एनओसी अनिवार्य कर दी गई है। इसके तहत नगर निगम को ऐसे आवेदन जो एक साल या इसके बाद किये जा रहे हैं, उनके प्रपत्रों की जांच आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिये हैं। वर्तमान में नगर निगम में ऐसे लोगों की भीड़ लग रही है। नगर निगम के सभी जोन के रहने वाले लोग एनओसी के लिये नगर निगम में चक्कर लगा रहे हैं। जन्म प्रमाण पत्र में दो गवाह का शपथ पत्र, एक माता या पिता का शपथ, हॉस्पिटल के जन्म या मृत्यु के कागज, पहचान पत्र के साथ ही जन्म प्रमाण पत्र में शिक्षा का प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लगाना जरूरी है। आवेदक इन्हीं प्रपत्रों को पूरा करने में परेशान हो रहे हैं। सबसे समस्या पड़ोसियों के शपथ पत्र की आ रही है।

**केस 01** गुजैनी के जनित ने कहा कि मेरी उम्र पिछले सप्ताह ही 18 वर्ष हुई है, परिवार की ओर से जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया था, अब मुझे पढ़ाई के लिये जरूरत पड़ रही है। अप्लाई किया तो कहा गया एक साल के बाद जन्म और मृत्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिये डीएम की एनओसी जरूरी है। इसीलिये लाइन में लगा हूं।

**केस 02** यासिन ने बताया कि बेटा 6 साल का हो गया है। पहले पता नहीं था कि नगर निगम में जन्म प्रमाण पत्र बनवाना होता है। अब बच्चे का बड़े स्कूल में एडमीशन कराने के लिये आरटीई की तहत आवेदन करना है। ऐसे ही वर्षों बाद नगर निगम पहुंच रहे लोग जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की एनओसी पाने के लिये भटक रहे हैं।

### जांच में 10 फीसदी प्रपत्र मिल रहे गलत

नगर निगम में एनओसी के लिये प्रपत्रों की जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि रोजाना करीब 50 आवेदन एनओसी के आ रहे हैं। दो महीने में करीब 2500 आवेदन आ चुके हैं। इनमें से 10 फीसदी ऐसे आवेदन होते हैं जिनके प्रमाण पत्र पहले से ही बने हैं या फिर फर्जी आवेदन किया गया है। लोग उम्र और नाम बदलवाने के लिये सोर्स भी लगा रहे हैं।

**50** आवेदन रोजाना एनओसी के आ रहे

**2500** आवेदन आ चुके हैं दो माह में

**10** फीसदी आवेदन निकल रहे फर्जी

"जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में लोग परेशान तो हो रहे हैं। कई समस्याएं लेकर मेरे पास भी लोग आ रहे हैं। प्रमाण पत्र बनवाले में आ रही जटिलताओं को दूर करने के लिये जल्द शासन को पत्र लिखूंगी। जरूरत पड़ी तो लखनऊ जाकर मिलूंगी और नियमों को जनहित में करने की मांग करूंगी। – प्रमिला पांडेय, महापौर

# फर्जी मुकदमे कर रहे...मैं आ रहा आफिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कथित भाजपा नेता का डीसीपी साउथ से हुई बहस आडियो वायरल

**अमृत विचार।** बर्रा के हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर व उसके गुर्गों के समर्थन में एक कथित बीजेपी नेता ने कमिश्नर के मोबाइल पर फोन पर उनके पीआरओ से अभद्रता करते हुए कार्यालय पर चढ़ाई करने की धमकी दी। इसके बाद डीसीपी साउथ से जमकर अभद्रता की। गुरुवार देर शाम कथित नेता का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें वह बोल रहा है कि लाव लश्कर के साथ कार्यालय आऊंगा। पुलिस फोन करने वाले युवक की पहचान में जुटी है।

बर्रा के जरौली में 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर व उसके गुर्गे शिवांग ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने हमला कर पथराव कर दिया था। घटना में एक दर्जन से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हुए, जबकि चार लोग घायल हुए थे। आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसके बाद से सभी फरार चल रहे हैं। बर्रा निवासी किशोरी का नहाते हुए वीडियो बना वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी मांगने के मामले में भी हिस्ट्रीशीटर व उसके गुर्गों पर रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर 50 हजार जबकि अन्य पर 25 हजार का इनाम घोषित किया। बुधवार को पुलिस ने गुर्गों के घर दबिश दी, हालांकि नहीं मिले। देर शाम खुद को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का मंत्री बताते हुए गजेंद्र सिंह राजावत नाम के व्यक्ति ने कमिश्नर अखिल कुमार के सरकारी नंबर पर फोन किया। पीआरओ ने फोन उठाया और कमिश्नर के मीटिंग में होने की बात कही, इस पर गजेंद्र नाम के व्यक्ति ने कहा कि अब क्या कार्यालय में चढ़ाई करनी पड़ेगी। बर्रा में बेवजह मुकदमें दर्ज हो रहे हैं। इस पर पीआरओ ने डीसीपी साउथ का नंबर दे दिया। डीसीपी रविंद्र कुमार को फोन कर बोला कि आप लोग क्या चाहते हैं। हिस्ट्रीशीटर व उसके गुर्गों को बेगुनाह बताते हुए कहा कि सभी पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया। आप लोगों को संवैधानिक अधिकार है फिर भी आप लोग अंधे बने हुए हैं। अभय भदौरिया बच्चा है। मैं लाव लश्कर के साथ फुल तैयारी के साथ कार्यालय आऊँगा।

# विवाहिता से प्रेम प्रसंग में युवक ने ट्रेन से कट कर की आत्महत्या

## भवानीपुर गांव में हुई घटना, युवक के परिजनों ने प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया

संवाददाता, चौबेपुर

- युवती ने भी जहर खा कर जान देने का किया प्रयास

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भवानीपुर गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। वहीं घटना से घबराई शादीशुदा प्रेमिका ने भी जहर खाकर जान देने की कोशिश की। गंभीर हालत में प्रेमिका को कस्बे के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना में मृतक युवक के परिजन प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। देर शाम तक मामले की तहरीर थाना पुलिस को नहीं दी गई थी।



सलमान।

क्षेत्र के भवानीपुर गांव के निवासी लालता प्रसाद ने अपनी बेटी रीता की शादी घाटमपुर क्षेत्र के दिवली, पतरसा निवासी सतीश से की थी। बताया गया है कि इधर करीब दो साल से सतीश अपनी ससुराल भवानीपुर में ही मकान बनाकर पत्नी रीता, एक बेटी व बेटे के साथ रह रहा था। सतीश गांव के निवासी सलमान (25) के साथ पुताई का काम करता था। जिसके चलते सलमान का सतीश के घर आना-जाना रहता था। बताया गया है कि इधर करीब चार माह से सतीश बनारस जाकर शटरिंग का काम करने लगा था। सतीश की गैर मौजूदगी में सलमान का उसके घर आना जाना और उसकी पत्नी रीता से मिलना जुलना चलता रहा। बुधवार रात भी सलमान रीता से मिलने उसके घर गया था। जहां दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद से सलमान कहीं लापता हो गया। देर रात तक सलमान के घर वापस न लौटने पर पिता जहाँगीर व अन्य घर वालों ने रीता के घर जाकर उसके साथ गाली गलौच कर बेटे को गायब करने का आरोप लगाया था। गुरुवार सुबह भी सलमान के परिजनों ने रीता के घर जाकर उसे धमकाया था।



अस्पताल में भर्ती प्रेमिका रीता।

इस दौरान गुरुवार करीब 9 बजे भवानीपुर गांव के ठीक बगल में स्थित रामनगर गांव के सामने रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियां में युवक का शव पड़ा देख लोगों ने मामले सूचना बिठूर थाना पुलिस को दी। जिसके बाद जल्द ही मृतक की शिनाख्त लापता सलमान के रूप में हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के पिता जहांगीर ने बताया कि बेटा सलमान बुधवार को पुताई का बकाया अपना पैसा मांगने के लिए सतीश के घर गया था। आरोप लगाया कि रीता ने ही बेटे सलमान की हत्या कराई है। वहीं घटना से घबराई रीता ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसको उपचार के लिए कस्बा स्थित निजी अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी पर एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी थाना प्रभारी चौबेपुर संजय पांडे अस्पताल पहुंचे।

एसीपी ने बताया कि छानबीन मे मृतक युवक व शादीशुदा युवती के बीच प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। मृतक के परिजनों की ओर से देर शाम तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगी। परिजन तहरीर देंगे तो कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसे चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**घाटमपुर।** घाटमपुर के जवाहर नगर पूर्वी निवासी चन्द्रभान सचान ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह एक व्यक्ति मेरे घर में दीवार फांद कर घर के अदर कमरे में घुस गया। और अल्मारी खोल कर चोरी कर रहा था। तभी मेरी पत्नी पुष्पा सचान खटपट की आवाज सुनकर आंख खुल गई । लाइट जला कर देखने के बाद उक्त व्यक्ति के पैर तखत के नीचे दिखाई दिया । पत्नी के शोर मचाने पर मेरे किरायेदार धरम सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह निवासी मढ़ा थाना सजेती ने अपने साथी किरायेदार अनिल पुत्र रामजी विश्वकर्मा निवासी पचखुरा खुर्द थाना सुमेरपुर जिला हमीरपुर के साथ आकर उक्त व्यक्ति को तखत के नीचे से खींच कर निकाला । पकड़कर उसका नाम पता पूछा तो अपना नाम बाबूशाह पुत्र मुन्ना शाह निवासी जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर बताया । उसकी जेब से मेरे घर से चोरी किया गया।दो मोबाईल फोन मोटोरोला व इन्टेक्स का बरामद हुआ। पकड़े गये उक्त व्यक्ति बाबूशाह को बरामद दोनों मोबाइल फोन के साथ अपने सहयोगी किरायेदार धरम सिंह व अनिल के पकड़ कर थाने लाये हैं।

# सांसद और पूर्व विधायक का स्वागत



सांसद सुब्रत पाठक व पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए बिल्हौर के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर गुरुवार को रसूलाबाद जाते समय बिल्हौर विधानसभा की कई जगहों पर स्वागत किया गया इस मौके पर उनके साथ कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक भी मौजूद रहे और बिल्हौर विधानसभा प्रभारी जेपी कटियार ने भी कई स्थानों पर पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर के संग सांसद का स्वागत कराया बता दे की कन्नौज की एक जनसभा में बीते कुछ दिन पहले ही सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर ने भाजपा ज्वाइन की थी जिसके बाद लगातार अब राजनीतिक चर्चा आम हो गई है और बिल्हौर से लेकर रसूलाबाद विधानसभा में तरह-तरह की चर्चा चल रही है वहीं पूर्व विधायक की स्वागत में बिल्हौर क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए जिसमें चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला प्रमुख रूप से रहे राजेश शुक्ला के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अब लगातार कई सियासी चर्चा बनी हुई है और भविष्य में राजनीतिक किस करवट बैठेगी इसके भी गलियारे में चर्चे शुरू हो गए हैं। इधर सुब्रत पाठक अपनी सीट पक्की के साथ रसूलाबाद विधानसभा में जीत दर्ज करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं क्योंकि रसूलाबाद विधानसभा यादव बहुल्य है और रसूलाबाद विधानसभा में कमलेश चंद्र दिवाकर का प्रभाव भी ठीक-ठाक है। ऐसे में दिवाकर बिल्हौर या रसूलाबाद से अपनी किस्मत आजमाने के लिए तमाम प्रयास कर सकते हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू अग्निहोत्री ने अपने प्रतिष्ठान पर पूर्व विधायक व सांसद का स्वागत किया। जबकि का ककवन कस्बे में ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने सांसद व पूर्व विधायक का स्वागत किया। सोनू शुक्ला, संजय सिंह ,वीर बहादुर सिंह, रुस्तम कुशवाहा ,सर्वेश कुमार पाल , ग्राम प्रधान मानस मिश्रा, राजकरन यादव, अंकित कश्यप आदि रहे।

# कच्ची दीवार गिराते वक्त युवक की दब कर मौत

संवाददाता, भीतरगांव

- साढ़ थाना क्षेत्र के परौली गांव मे हुई घटना

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के परौली गांव मे कच्ची दीवार गिराते समय युवक की उसी की दीवार मे दब कर मौत हो गयी परिजनो ने अभी तक पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी है जब कि शव को अस्पताल से वापस लाकर घर पर रखा है।

जानकारी के अनुसार भीतरगांव चौकी क्षेत्र के परौली गांव निवासी राजू निषाद अपने तीन पुत्रों के साथ घर पीछे बनी कच्ची दीवार गिरा रहे थे गिराते समय अचानक दीवार पूरी तरह गिर गयी जिसमे राजू के बीच का पुत्र मोहन निषाद २१ दीवार मे दब कर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे निकाल कर परिजन आनन-फानन मे पहले सीएचसी भीतरगांव लेकर पहुंचे जहां से डाक्टरों ने घाटमपुर के लिए रिफर कर दिया जहां पहुचते ही डाक्टरों ने मोहन को मृत घोषित कर दिया जिसके बाद परिजन देर शाम शव को बिना पुलिस को सूचना किए घर परौली वापस ले आए।

साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार की घटना की कोई जानकारी नहीं है न ही किसी प्रकार की कोई तहरीर प्राप्त हुई है अगर तहरीर आती है तो आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# सांड़ ने बुजुर्ग को पटक-पटक कर अधमरा किया, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, बिधनू

- चेहरे व सीने में आयी चोट बिधनू सीएचसी में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** घर से दुकान आ रहे बुजुर्ग को एक सांड़ ने उठाकर सड़क पर पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह राहगीरों ने बुजुर्ग को सांड़ के चंगुल से बचा कर बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया।

बिधनू निवासी अमर सिंह के बेटे अजीत की सीएचसी गेट के पास चाय की दुकान है। रोज की तरह अमर सिंह सुबह दुकान आ रहे थे। इसी बीच अस्पताल के दूसरी तरफ खड़े सांड़ ने अचानक से आकर उन्हें पीछे से आकर जमीन पर पटक दिया। इस बीच बेटे अजीत और राहगीर डंडा लेकर सांड़ की तरफ दौड़े तो वो नहर की तरफ भाग निकला। इधर सांड़ के हमले के बाद वृद्ध के चेहरे व सीने में गंभीर चोट आई है। जिनका इलाज बिधनू सीएचसी में चल रहा है।



घायल अमर सिंह। अमृत विचार

### शोपीस बना पड़ा है कैटल कैचिंग वाहन

अन्ना मवेशियों की समस्या को देखते हुए सरकार ने 20 लाख रूपये की लागत का कैटल कैचिंग वाहन को बिधनू ब्लॉक को दिया है, लेकिन वो शोपीस बनकर रह गया है। ग्रामीण शिवम शर्मा ने बताया कि बिधनू थाना परिसर के आसपास काले सांड़ का आतंक कई महीने से है। उसके हमले से एक वृद्ध की जान जा चुकी है वहीं एक अन्य वृद्ध की बैक बोन में फैक्चर हो गया था। कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी अनुज मिश्रा ने बताया काले साड़ को 15 दिन पहले गौशाला में बंद कराया गया था लेकिन वह भाग गया।

# एबीवीपी घाटमपुर की नगर कार्यकारिणी गठित की गई

**घाटमपुर।** विद्यार्थी परिषद घाटमपुर की नई कार्यकारिणी का गठन कर चुनाव अधिकारी अमोल सिंह, डॉ एच एन द्विवेदी ने अध्यक्ष एवं मंत्री के नाम की घोषणा की है। राहुल राजावत नगर अध्यक्ष, कृष्णा वाजपेई नगर मंत्री, अरविंद कुमार भास्कर त्रिवेदी, दीपक त्रिपाठी नगर उपाध्यक्ष एवं तहसील संयोजक अनमोल व अनुराग चौहान एवं प्रांजल तिवारी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अवनीश चौहान, हरिओम त्रिवेदी, स्वामी शुक्ला नगर मंत्री बने, नगर एफएचडी संयोजक अभिषेक परमार, नगर से संयोजक प्रेम, आकाश सोनी,करण सिंह, सोशल मीडिया संयोजक सचिन सचान, खेलो भारत संयोजक विवेक पांडे राष्ट्रीय कला मंच संयोजक बने।

## सार-संक्षेप

### साढ़ क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत

**भीतरगांव।** साढ़ क्षेत्र के महनीपुर मजरा साढ़ गांव के पास ग्रामीणों ने तेंदुआ देखे जाने का दावा किया है। कुछ युवकों ने इसकी तस्वीर और वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इससे लोग सहमे हुए हैं हालांकि वन विभाग ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। ग्रामीणों की सूचना के आधार वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब दस दिनों से तेंदुआ क्षेत्र में है। बीते दो दिन से उसकी सक्रियता बढ़ गई है। महनीपुर निवासी मनोज यादव ने बताया कि बुधवार देर रात्रि वह अपने गांव के कुछ लोगों के साथ एक शादी समारोह से वापस आ रहे था। तभी गांव के किनारे रोड पर तेंदुआ को बैठे देखा चार पहिया वाहन की लाईट देख वह खड़ा होकर एक तरफ चला गया। जिसके बाद तेंदुआ एक पेड़ के नीचे इधर-उधर टहलने लगा। वाहन मे साथ मे बैठे श्यामजी ने तेंदुआ का वीडियो भी बना लिया जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी राजेश पाण्डे ने बताया कि साढ़ गांव के पास महनीपुर में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना उन्हें मिली है। विभागीय टीम को गांव में भेजा गया है। उन्होंने ग्रामीणों को आगाह किया कि रात में घरों में रहें और दरवाजे बंद रखें रात मे खेतों के आसपास जाने से बचें।



घूमता दिखा तेंदुआ।




स्कूल में कार्यक्रम पेश करती छात्राएं। अमृत विचार

### शाश्वत चार्मिंग ब्वॉय व मारिया फातिमा चार्मिंग गर्ल

**घाटमपुर।** कस्बे से तीन किलोमीटर दूर स्थित मूसानगर रोड पर चीना पब्लिक स्कूल में 15 फ़रवरी दिन गुरुवार को कक्षा 9 के बच्चों के द्वारा कक्षा 10 के बच्चों के लिए गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन पंकज चीना गुप्ता व प्रधानाचार्या शुभांगी सिंह जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का संचालन किया गया। बच्चों के द्वारा अपने सीनियर्स के लिए गीत संगीत से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में चेयरमैन पंकज जी के द्वारा बच्चों को संबोधित कर आगमी बोर्ड परीक्षाओं की सफलता हेतु शुभाशीष प्रदान किया गया। कक्षा 10 के छात्र शाश्वत सिंह को चार्मिंग ब्वॉय व छात्रा मारिया फातिमा को चार्मिंग गर्ल का खिताब दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्पोर्ट इंचार्ज हिमेश यादव, नपेंद्र सचान,व छात्र-छात्राओं जिसमे की कनिष्क गुप्ता, नितिन सचान, सिमरन दुबे,व प्रियांशी पाल द्वारा किया गया। ज्योति श्रीवास्तव, अंकित अवस्थी, आकाश कौशल, अजय मिश्रा आदि रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कोऑर्डिनेटर मनीष द्विवेदी ने किया।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**घाटमपुर।** घाटमपुर के अंतर्गत सुक्खीलाल ग्राम चंवर घाटमपुर निवासी ने पुलिस को बताया कि करीब 7 बजे दरवाजे पर गांव के ही रामसिंह व लखन सिंह ने भद्दी -भद्दी गाली व मारपीट करने लगा बीच बचाव करने मेरे पुत्र अमन कुमार व पुत्री लक्ष्मी आए तो उनके साथ भी मारपीट की व जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया।मुझे व मेरे बच्चो को भी चोट आई है। जिसको लेकर प्रार्थी भयभीत हैं। थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि उक्त प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर तहसील महाना के दरबार में

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** लगातार कई दिनों से शहर की पांचवी तहसील बनाने को लेकर चर्चा तेजी से हो रही है। जिसके चलते बिल्हौर बार एसोसिएशन और लायर्स एसोसिएशन की ओर से कई दिनों से कलम बंद हड़ताल का आवाहन भी वकीलों द्वारा किया गया है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर के नेतृत्व में लायर्स एसोसिएशन व बार एसोसिएशन के संयुक्त के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से बिल्हौर तहसील के अस्तित्व को बचाए रखने की अपील की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा वकीलों को आश्वासन दिया गया है कि उनके जनभावना का सम्मान करते हुए कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाया जाएगा जिससे वकीलों की भावना आहत हो। बता दें कि बिल्हौर तहसील के 144 गांव कानपुर की नई तहसील में जोड़े जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। हालांकि शासन को प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के ही कहने पर भेजा गया है लेकिन विरोधाभास की स्थिति में अब पूरी गेंद महाना के पाले में पहुंच गई है। गुरुवार को दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने विधानसभा अध्यक्ष के साथ अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार से भी भेंट की और उनको ज्ञापन सौंपा।



विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना से मिलने पहुंचा वकीलों का प्रतिनिधि मंडल।

लगातार कई दिनों से वकीलों के हड़ताल के चलते वादकारी अपने कामकाज को निपटने के लिए भटक रहे हैं। जबकि तहसील के अस्तित्व बचाने को लेकर दोनों संगठनों के वकील सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण

**घाटमपुर।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पतारा विकासखंड संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 9 फरवरी से 13 फरवरी तक प्रशिक्षण दिया गया। जिसका समापन गुरुवार को किया गया।

पतारा विकास खंड में दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र में 9 फरवरी से 13 फरवरी तक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश आरपी इंद्रवीर त्रिपाठी की देखरेख में हुआ। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सौ नोडल अध्यापकों का समावेशी शिक्षा हेतु 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर स्पेशल एजुकेटर गरिमा सचान व अनिल कुमार पांडे ने दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की जल कर मौत

घाटमपुर

- पिता की तहरीर पर पति पर लिखा गया मुकदमा
- महिला का पति भी आग से झुलस गया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम रायपुर में प्रवीण कुमार उर्फ़ राजू प्रजापति पुत्र महावीर ने अपनी पत्नी चुन्नी को घर में आग लगाकर जलाने का प्रयास किया गया है। उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची तो उक्त युवक की पत्नी घायल अवस्था में मिली जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी घाटमपुर इलाज हेतु भेजा गया था। जहां से उक्त घायल महिला को रात्रि में ही उर्सला हॉस्पिटल कानपुर रेफ़र कर दिया गया था। उसके महिला लगभग 85 प्रतिशत जल चुकी है। जिसे इलाज हेतु लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई।

मौके पर जांच से पारिवारिक कलह के चलते महिला के पति राजू प्रजापति के द्वारा घर में आग जलाकर मारने की नियत से पत्नी को आग में जलाना पाया जा रहा है।

वाद विवाद में राजू का चेहरा भी झुलस गया है। महिला के पति राजू को हिरासत में ले लिया गया है। उसका भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। महिला की शादी को लगभग 12 वर्ष हो चुके है। एक 10 वर्ष का बेटा और दो छोटी बेटिया है । पीड़िता के पिता रति राम की तहरीर पर घाटमपुर पुलिस ने धारा 498ए, 307, 326 आईपीसी का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले की जांच की जा रही है।

# एसीपी कार्यालय के पास दो पक्षों मे मारपीट

संवाददाता, बिल्हौर

- कचहरी चेंबर के बाहर दोनों पक्ष में हुई हाथापाई, एक पक्ष के एक दर्जन लोगों पर मुकदमा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के दधिका गांव निवासी अंकुर कटियार के अनुसार गुरुवार दोपहर कुछ लोगों ने उसके घर पर जाकर गाली गलौज किया था। घटना के बाद वह मामले की शिकायत करने के लिए कोतवाली पहुंचा था और अधिवक्ता राजकुमार भदौरिया के बस्ते पर एप्लीकेशन लिखवा रहा था तभी घर पर गाली गलौज करने वाले लोग रिंकू कटियार, मनीष कटियार, अमन वर्मा, अर्जुन दिवाकर, नीरज कटियार, मोनू ठाकुर, अजीत कटियार , अंकित वर्मा, अंकुर वर्मा, शिवम कटियार, हिमांशु कटियार, नितिन कटियार व एक दर्जन अज्ञात लोग बस्ते पर आ गए और बस्ते से खींचकर उनके साथ मारपीट करने लगे। कई अधिवक्ताओं को मौके पर आते देख उक्त लोग मौके से भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो दर्जन ज्ञात व अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि वह लोग कोतवाली परिसर में चेंबरों के बीच गली से गुजर रहे थे तभी प्रथम पक्ष में हमला कर दिया और उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई और उन्हीं लोगों के द्वारा उनपर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। उन्होंने भी तहरीर दी है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि अनुसार एक अधिवक्ता के चेंबर पर बैठे व्यक्ति पर दो दर्जन लोगों ने अचानक हमला कर दिया।

# महाराजपुर में घर से चोरों ने किया लाखों का माल पार

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के महोली गांव में बुधवार रात शातिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और नकदी एवं जेवरात सहित लाखों का माल लेकर फरार हो गए।

महोली निवासी किसान महेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार रात परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। गुरुवार सुबह जब परिवार जागा तो कमरे में रखी अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। महेंद्र सिंह ने अंदेशा जताया कि चोर छत के रास्ते से घर में दाखिल हुए होंगे। उनके मुताबिक चोर सोने और चांदी के लगभग 3 लाख के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की पड़ताल की। एसओ महाराजपुर अभिषेक शुक्ला ने बताया कि मामले की पड़ताल जारी है। जल्द चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**घालमेल** जल जीवन मिशन के तहत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकी का निर्माण करा रही

# पानी टंकी की बाउंड्री में घटिया ईंट का प्रयोग, हंगामा

शिवराजपुर, संवाददाता

**अमृत विचार।** ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और ग्रामीण क्षेत्र में पानी टंकी का निर्माण जल जीवन मिशन के तहत करा रही है। इसी के तहत सदिकामऊ गांव में पानी टंकी निर्माण हो रहा है। पानी टंकी निर्माण के दौरान आसपास बनाई जाने वाली बाउंड्री में बनाए जाने वाली बाउंड्री में घटिया ईंट और उन सामग्री का का प्रयोग मानक विहीन किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर वहां पहुंचकर हंगामा काटा और उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या न हो इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और ज्यादातर गांव में पानी टंकी का निर्माण कर रही है। सदिकामऊ गांव में पानी टंकी निर्माण में होने वाली ईंट और अन्य सामग्री घटिया लगाई जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीण लगातार हंगामा कर रहे हैं। ग्रामीण ताहिर, शिवराम, श्रीकृष्ण, अनिल सिंह, शैलेंद्र सिंह, अशोक, स्नेहा सिंह, उपेंद्र दीक्षित, अशोक दीक्षित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि टंकी निर्माण की बाउंड्री में पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। जो ठेकेदार बनवा रहा है उसको कई बार इसके लिए कहा गया है। ब्लॉक के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्राम प्रधान से भी इस विषय में कई बार बताया गया है लेकिन अभी तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं आया है।



बाउंड्री में प्रयोग की जा रही ईंट दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

> पानी टंकी निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जिसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों के साथ उच्चअधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने जांच का आश्वासन दिया है।
>
> **-रीतू प्रदीप सिंह, ग्राम प्रधान**
>
> ग्रामीणों द्वारा उनके पास सूचना आई है की पानी टंकी निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जांच कराई जाएगी।
>
> **-सच्चिदानंद मिश्रा, खंड विकास अधिकारी**

# टंकी का पता नहीं, पाइप लाइन डालने को खोद डाली सड़कें

## हर घर नल योजना के तहत सुबेदारखेड़ा गांव में लगनी है पानी की टंकी

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** हर घर में नल के माध्यम से पानी देने की योजना के तहत गांव कुसुम्भी में खोदी गई सड़कें इन दिनों जानलेवा साबित हो रही हैं। लोगों का इन संपर्क मार्गों पर चलना तक मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने पाइप लाइन डालने के दौरान खोदी गईं सड़कें सही कराने की मांग की है।

बता दें कि हर घर नल योजना के माध्यम से सभी 1200 घरों को पानी देने के लिये सुबेदारखेड़ा गांव में पानी की टंकी लगनी है और गांव में पाइप लाइन डाली जानी है। जिससे सभी को पानी मिल सके। इसके लिये ठेकेदार ने बिना प्रधान से वार्ता किये गांव में बनी सड़कों को खोदना शुरू करवा दिया है। जबकि, अभी पानी की टंकी का निर्माण तक नहीं हुआ है। गांव के आंबेडकर मोहल्ले के साथ लोधनहार, हरिजन बस्ती और मकूर रोड पर सड़क खोद कर पाइप डाले गये हैं। लेकिन, इन सड़कों को दोबार सही नहीं किया गया। जिससे गांव के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान पति मनोज पाण्डेय ने बताया कि उनके पास इसकी कोई जानकारी नहीं है। ठेकेदार अपने मन से काम कर रहे हैं। सड़कें ध्वस्त होने से काफी दिक्कतें हो रही हैं। गांव के लोगों ने सड़क सही कराने की मांग की है।


ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के लिये खोदकर डाली गईं सड़क।

# टूटी पुरानी पाइप लाइन, दो हफ्ते से पानी की किल्लत

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर गांव में हर घर जल योजना के तहत कुछ माह पूर्व भूमिगत पाइप लाइन डाली गई थी। जिससे मंडी व कालेज रोड पर पड़ी पुरानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे अभी भी सप्लाई का पानी बह रहा है और पेयजल की आपूर्ति अधिकांश घरों में नही हो रही है। बीते दो सप्ताह से लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। जल निगम के एक्सईएन अजीत कुमार ने बताया कि जल्द ही लीकेज सही करा आपूर्ति शुरू की जाएगी।

परियर गांव का पानी इतना खारा है कि इसे जानवर तक नहीं पीते हैं। जिससे मजबूरन ग्रामीण गांव से एक किलोमीटर दूर व दूसरे गांव से खाना बनाने व पीने के पानी का इंतजाम साइकिल, बाइक व ठेलिया आदि से करते है। गांव के अरुण, राजू, वीरेंद्र, रविशंकर, शिवप्रकाश, शशी, परवेश, कुवारे, नाजमा, शिबू, मोहसिन, डा. उमर सिद्दीकी, सुनील पाल, पंकज पाल ने बताया बीते दो सप्ताह से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। इससे गांव के लोग परेशान हैं।


परियर स्थित जल निगम की टंकी।

# पहले खाया था जहर फिर फांसी लगा कर दे दी थी जान

**उन्नाव।** आम के पेड़ में गमछे से लटके मिले अधेड़ का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें अधेड़ के पेट में जहरीला पदार्थ मिला । इसके बाद मामला संदिग्ध देख बिसरा सुरक्षित किया गया है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सदमपुर गांव निवासी पप्पू (44) पुत्र भीमा सिंह बीते बुधवार को गांव के बाहर अपने बाग में खड़े आम के पेड़ में गमछें से लटका मिला था।

मौके पर पहुंचे परिजनो व गांव वालों ने उसे नीचे उतारा। उसकी सांसे चलती देख परिजन उसे पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां जांच करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया था। सूत्र बताते हैं कि गुरुवार को हुए शव के पोस्टमार्टम के दौरान उसके पेट में जहरीला पदार्थ मिला है। इससे उसके इसे निगलने की संभावना जताई गई है। वहीं परिजनों ने पहले बताया था कि वह पेड़ चढ़ कर कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से उसके गले में पड़ा गमछा डाल में फंस गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से चार बच्चे और पत्नी रो-रोकर बेहाल रही।


फाइलों की जांच करता पालिका कर्मी। अमृत विचार

# 5 साल बाद खोला गया लेखा लिपिक का कमरा

संवाददाता,शुक्लागंज, उन्नाव

- बिना चार्ज दिये लेखा लिपिक ले रहे पेंशन

**अमृत विचार।** नगर पालिका गंगाघाट में करीब पांच साल पहले लेखा लिपिक सेवानिवृत्त हो गये थे। इस दौरान वह अपने कक्ष में ताला जड़कर चले गये। बगैर चार्ज दिये उनकी पेंशन भी शुरू हो गई। पांच साल बाद उनके कमरे का ताला खोला गया। जिस पर कमरे में मौजूद फाइलों की सूची बनाने का काम पालिका कर्मी कर रहे हैं। पूर्व सभासद की माने तो तमाम प्रकार के फर्जीवाड़े की फाइलें थी। यदि सही से जांच कि जायेगी तो लंबा गोलमाल प्रकाश में आ सकता है।

नगर पालिका गंगाघाट में लेखा लिपिक रहे आईसी मिश्रा 21 मई 2021 को सेवानिवृत्त हो गये थे। रिटायर होने के बाद उन्होंने अपने कक्ष में ताला लगा दिया और बिना चार्ज दिये कमरे की चाभी लेकर चले गये। जानकारों की माने तो तत्कालीन ईओ सुनील कुमार मिश्रा ने बिना चार्ज और कक्ष की चाभी लिये बगैर उनकी पेंशन भी चालू करा दी। वर्षों से कमरा बंद होने पर पालिका के कुछ सभासदों ने इसकी जांच कराने के लिये डीएम से लेकर सीएम को पत्र भेजा। इधर पालिका ने लेखालिपिक के कमरे का ताला खुलवा दिया है। वर्तमान लेखा लिपिक लालता प्रसाद सैनी ने बताया कि कमरा खुलने के बाद फाइलों की लिस्ट बनाई जा रही है। यदि कोई फाइल गायब मिलती है और कुछ भी मामला प्रकाश में आता है तो इसकी जानकारी आलाधिकारियों को दी जायेगी।

# तीन तलाक देने पर महिला ने चार पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ निवासी एक युवक ने अचानक अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। इससे क्षुब्ध विवाहिता ने कोतवाली में पति समेत चार ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव हयात नगर भौरा निवासी इकरार ने करीब दो साल पहले अपनी बेटी सदफ बानो का विवाह क्षेत्र के गांव मऊ निवासी जुबेर पुत्र मेराज से किया था।

एक सप्ताह पूर्व जुबैर ने अचानक सदफ को तीन तलाक दे दिया। सदफ का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर जुबैर ने तलाक दिया है। सदफ बानो ने पति जुबेर, सास हुस्ना, देवर अजीम व ससुर मेराज के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं ससुरालियों की माने तो जुबेर को सदफ बानो के चरित्र पर शंका थी। इसके चलते जुबेर ने तलाक दिया है। उनका कहना है कि सदफ की एक बहन जुबेर के दूसरे भाई जब्बार को ब्याही है और वह हंसी-खुशी अपने घर में रह रही है। बांगरमऊ थाना प्रभारी का कहना है कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# मौसम में बदलाव से बढ़े खांसी व बुखार के मरीज

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मौसम के करवट लेते ही स्वास्थय केंद्र में सर्दी, खांसी व बुखार के मरीजों की भीड़ लग गई। ओपीडी में गुरुवार को 319 मरीज देखे गये। मरीज कई दिन से बीमार बताते रहे।

बता दें कि कि लगातार तीन दिनों से मौसम मे उतार-चढ़ाव हो रहा है। दिन में गर्मी लगने के साथ ही शाम को सर्दी लगने लगती है। जिससे लोगों को काफी दिक्ततें हो रही है। इससे की गुरुवार सुबह से ही मरीजों की कतारे लग गयी। स्वास्थ्य केंद्र खुलते ही मरीज पंहुच गये सबसे ज्यादा भीड़ बच्चों के चिकित्सक डा. शैलेंद्र अस्थाना के पास रहे। वहां पर आज 77 बच्चों को देखने के साथ उनको दवा लिखी गयी। इसके साथ ही डां रविशेष और महिला चिकित्सक के साथ आंखो के चिकित्सक के पास भी मरीज रहे। चिकित्सक डां. शैलेन्द्र अस्थाना ने बताया की गुरुवार को कुल 317 मरीजों को देखा गया जिसमें 200 मरीज केवल सर्दी जुकाम और बुखार के रहे। बताया की अचानक मौसम में बदलाव होने से मरीजों की संख्या बड़ी है। उन्होंने लोगों को हिदायत भी दी की इस समय सभी लोग सर्दी से बचाव करें और अभी गरम कपड़े पहने रहे।

# युवती को ले जाने का लगाया आरोप

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती के पिता ने थाने में दी तहरीर मंव बताया कि बीती 13 फरवरी की देरशाम उसकी बेटी गांव के बाहर गई थी। देर रात तक वह वापस नहीं आई। बेटी दही थानाक्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी सुशील से फोन पर बात करती थी। कई बार दोनों को मिलते भी ग्रामीणों ने देखा था। इसकी शिकायत जब उसने युवक के पिता राधे से की थी तो उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया था। पुलिस ने सुशील, उसके पिता राधे और भाई सुनील के विरुद्ध युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर की है। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सड़क हादसों में दो गंभीर घायल

उन्नाव। अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में किशोर समेत दो लोग गंभीर घायल हो गए। मौरावां-मोहनलालगंज मार्ग पर खड़े डपंर में पीछे से दूसरे डंपर के टकरा जाने से रोड पर भीषण जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया। वहीं आसीवन में हुए हादसे में घायल किशोर व युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है।

**केस 01**

पुरवा : मौरावां-मोहनलालगंज मार्ग पर असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा कस्बे में सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से गिट्टी लादकर आ रहा डंपर घुस गया। जिससे डंपर का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि चालक को चोट नहीं आई। डंपर चालक लक्ष्मण प्रसाद निवासी डोमनपुर कानपुर नगर ने बताया कि वह कानपुर से गिट्टी लादकर लखनऊ जा रहा था। डंपर के क्षतिग्रस्त होने से मार्ग पर जाम लग गया। जाम के चलते लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर सड़क किनारे करवाकर जाम खुलवाया। इस दौरान करीब दो घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा। एसओ राजबहादुर ने बताया कि खड़े डंपर में पीछे से एक डंपर घुस गया था। जिसके चलते जाम लगा था। डंपर हटवाकर जाम खुलवा दिया गया है।

**केस 02**

**आसीवन।** थानाक्षेत्र के गांव अजमत नगर निवासी अरुण पुत्र विमलेश (16) उन्नाव-संडीला मार्ग पर गांव के सामने पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार कठिगरा निवासी छोटेलाल ने किशोर को टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी और दोनों गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने उनकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।


क्षतिग्रस्त डंपर।

# किसान ने विधायक पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

संवाददाता पाटन उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासी सुषमा पत्नी राजेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि सुमेरपुर बस स्टॉप के पास स्थित उनकी दुकान पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर रखा है। इसी बात को लेकर बीती 5 जनवरी को सराय मनिहार गांव निवासी एक युवक व सुमेरपुर गांव निवासी जिले के एक विधायक के करीबी कार्रवाई करवाने का आश्वासन देकर उसके पति को उन्नाव शहर स्थित एक विधायक के आवास पर बहाने से लिवा ले गए थे। जहां विधायक ने डरा धमकाकर जबरदस्ती उसे रुपयों से भरा एक पैकेट दिया और उससे सादे कागज में हस्ताक्षर करा लिए। आरोप है कि विधायक ने उससे कहा कि पेट्रोल पंप के बगल की जमीन का यह 5 लाख रुपया बयाना दे रहा हूं। धमकी दी थी कि चुपचाप जमीन का बैनामा कर दो नहीं तो परिवार सहित तुम्हें जान से मरवा दूंगा। आरोप है कि विधायक ने ऐसा न करने पर उसे फर्जी मुकदमे में फंसवाने की भी धमकी दी। बताया कि तभी से पीड़िता व उसका पति विधायक से लगातार उनके रुपये वापस लेने की मिन्नतें कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें डरा धमका कर लौटा दिया जाता है।

# कुत्ते के भौंकने पर दो पक्षों में विवाद, नौ पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी गांव में बुधवार शाम कुत्ता काटने के लिये दौड़ा और भौंकने लगा। इसी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों में ईंट पत्थर और लाठी डंडें चले। जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने दोनों की तहरीर पर नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सहजनी निवासी दिनेश ने बताया कि बुधवार शाम वह घर जा रहे थे, तभी पड़ोसी दारा सिंह पत्नी शिव देवी का पालतू कुत्ता काटने के लिये भौंकने लगा। जिसकी उन्होंने शिकायत की। आरोप है कि शिकायत करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे कई लोगों को चोटें आई। वहीं दारा सिंह पत्नी शिव देवी ने बताया कि देर रात दिनेश की ओर से गाली गलौज और ईंट पत्थर चलाये गये। जिसमें कई लोगों को चोटें आई। घायलावस्था में दोनों पक्ष गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा। इस दौरान दोनों पक्ष ने एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाते हुये तहरीर दी।


मारपीट में घायल महिला व युवक। अमृत विचार

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले पर एफआईआर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से गांव के युवक ने कई बार दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना लीं। इसके बाद से वह उसे बराबर धमकी दे रहा है। जिस पर किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। पीड़िता के पिता ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने उस पर दुष्कर्म व पास्को एक्ट में मामला दर्ज किया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी डेढ़ साल पहले दुकान में सामान लेने गई थी। तभी पड़ोसी नीलू उर्फ राजू यादव उसकी बेटी को जबरन सुनसान जगह ले गया और उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। डर के कारण बेटी ने किसी को नहीं बताया। दिसंबर माह में बेटी गांव छोड़कर शहर में रहने गई थी। जहां युवक ने उससे दोबारा दुष्कर्म किया और मारने की धमकी दी।

# पालिका ने नवीन पुल पर चलाया सफाई अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** नवीन पुल के फुटपॉथ पर सब्जी मंडी लगने के कारण गंदगी का अंबार था। जिसे देखते हुए गुरुवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पुल पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया।

गुरुवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मियों की फौज सुबह के समय नवीन गंगा पुल पर पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने शुक्लागंज की ओर से लेकर कानपुर की ओर तक झाड़ू लगाई। इसके साथ ही जगह-जगह कूड़ा एकत्र उसे उठवाया।

## सार-संक्षेप

### भटकते-भटकते प्रभु मैं तो हारा, मुझको लगा ले अपनी चरण चाकरी में...

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में बुधवार रात श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। जहां पूरी रात भजन गायकों ने बाबा के एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये। महोत्सव का शुभारंभ करते हुये भजन गायक ने बाबा यह नैया कैसे डगमग डोली जाए बिन मांझी तू ही पर लगाए, भटकते भटकते प्रभु मैं तो हारा मुझको लगा ले अपनी चरण चाकरी में, जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम महोत्सव के समापन के बाद प्रसाद बांटा गया। इस दौरान पवन, महावीर, भुल्लन, राजकुमार आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।


श्याम महोत्सव में बाबा का हुआ श्रंगार।

### मुख्यमंत्री को देंगे राजस्व के हो रहे नुकसान की जानकारी

विधायक ब्रजेश रावत ने बताया कि जो रायल्टी दिखाई जा रही है वहां से केवल असोहा ब्लाक में ही मिट्टी डाली जा सकती है। नवाबगंज ब्लाक में अवैध रूप से मिट्टी डाली जा रही है जिससे राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। कहा कि इसकी शिकायत डीएम व एसडीएम से की है। अगर कार्यवाही नहीं होती है तो वे इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करेगें और राजस्व के नुकसान की जानकारी देंगे।


विधायक ब्रजेश रावत।

**आक्रोश** भाकियू ने किसानों की रुकी सम्मान निधि जारी करने की मांग की

# धरने पर बैठे गुस्साए अन्नदाता

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सम्मान निधि खातों में न पहुंचने से परेशान किसान गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंच गए और धरना शुरू कर दिया। इसके बाद तहसील परिसर में को भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक हुई। इसमें कार्यकर्ताओं ने गांव मुस्तफाबाद के काश्तकारों की रुकी हुई किसान सम्मान निधि तत्काल जारी करने की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन के तहसील उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं ने फसलों की सिंचाई के लिए नहर का पानी माइनरों के जरिए टेल तक पहुंचाने की मांग की। कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम अतुल कुमार को छह सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में शिकायत की गई कि गंजमुरादाबाद ब्लॉक अंतर्गत गांव भिक्खनपुर में स्थापित गौशाला के कर्मचारी रात में आवारा मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। जिससे दर्जनों गौवंश किसानों की फसल चट कर जाते हैं। मांग की गई कि गौशाला की जांच कराई जाए और दोषी कर्मियों को दंडित किया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में तेज चल रहे विद्युत मीटरों को बदलने की भी मांग हुई। बैठक में रूप नारायण, रघुबीर सिंह यादव, रामसनेही गौतम, राम प्रसाद मौर्य व सतीश कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।


तहसील परिसर में धरने पर बैठे किसान। अमृत विचार

# पीएम में जहर की शंका होने पर बिसरा सुरक्षित

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा के पास सोमवार दोपहर एक अज्ञात महिला का शव मिला था। जहां नाक से खून निकलने पर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही थी। चार दिन बीतने के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिस पर गुरुवार को उसका पीएम कराया गया। पीएम में जहर मिलने से उसका विसरा सुरक्षित रखा गया है।

जाजमऊ चौकी क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा के पास सड़क के किनारे सोमवार को एक 32 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पड़ा अमरुद बेच रहे लोगों ने देखा। मृतका के शरीर में कई चोट के निशान भी दिख रहे थे। इसके साथ ही नाक से खून निकल रहा था। जिस पर मौजूद लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की थी। गुरुवार को उन्नाव में महिला के शव का डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। डॉक्टरों के मुताबिक जहर देकर हत्या किये जाने की आशंका पर विसरा सुरक्षित कर लिया गया।


आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बर्तन देतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे।। अमृत विचार

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बर्तन बांटे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- बर्तनों का अभाव होने से वहां बच्चों को खाना खिलाने और पकाने में दिक्कत हो रही थी

**अमृत विचार।** गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र में लगभग तीन दर्जन आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। केन्द्रों पर बर्तनों का अभाव होने के कारण वहां पढ़ने वाले बच्चों को खाना खिलाने और पकाने में दिक्कत हो रही थी। जिस पर गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र में शासन की ओर से आये बर्तनों को पालिकाध्यक्ष ने हॉट कुक्स मील योजना के तहत बांटे। नगर पालिका क्षेत्र में 28 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। केंद्रों पर बच्चों के खाने-पीने व भोजन पकाने के लिये बर्तनों का अभाव होने के कारण रसोइयों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। जिस पर लोकेटड एवं नॉन लोकेटड आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने कुकर, भगौना, ढक्कन सहित लोहे के तवा, लोहे की कढ़ाई, चम्मच, चमचा, चाकू, बेलन, चकला, थाली, कटोरी, गिलास आदि का वितरण गया। इस मौके पर सभासद अभिषेक शुक्ला, अतुल अग्निहोत्री, अशोक सविता, नंद किशोर मिश्रा, प्रत्यय गुप्ता, चंद्रपाल निषाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दलित को पीटने पर चार साल की सजा

**उन्नाव।** जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दलित के संग मारपीट के केस में कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए चार साल कारावास के साथ पांच हजार जुर्माना भी लगाया।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सुप्पापुर निवासी ताराशंकर ने पुलिस को बताया था कि गांव के नरेंद्र ने उससे मारपीट की थी जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं थी। जिस पर पुलिस ने 3 दिसंबर-23 को रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी नरेंद्र को जेल भेजा था। तत्कालीन सीओ सफीपुर अनिल कुमार ने जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की अंतिम सुनवाई गुरुवार को विशेष न्यायालय एससी-एसटी एक्ट में पूरी हुई। न्यायाधीश मो. असलम सिद्दकी ने शासकीय अधिवक्ता जगन्नाथ कुशवाहा व मनोज पांडेय द्वारा पेश किए गए साक्ष्य व दलीलों के आधार पर नरेंद्र सिंह को दोषी ठहराते हुए चार साल कैद व 5 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# लखनऊ तक पहुंची सर्राफ लूट कांड की गूंज, आईजी ने की जांच

## मौरांवा में सराफा व्यापारी से बुधवार रात को हुई थी लाखों के जेवर व नकदी की लूट

(फालोअप)

संवाददाता पुरवा उन्नाव



जांच के दौरान एसपी से जानकारी करते आईजी रेंज तरुण गाबा। अमृत विचार

- पांच टीमें लुटेरों की तलाश में जुटीं, लेकिन अभी हाथ खाली
- लुटेरों के हमले में घायल व्यापारी एसजीपीजीआई में भर्ती

**अमृत विचार।** मौरावां में हुए सर्राफ लूट कांड की गूंज लखनऊ तक पहुंची है। आईजी रेंज तरुण गाबा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ वे सर्राफ की दुकान भी पहुंचे। आईजी ने अधीनस्थों को घटना के जल्द से जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। एसओजी सहित पांच टीमें लुटेरों की तलाश में जुटी हैं। वहीं घायल सर्राफ का एसजीपीजीआई के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। तमंचे की बट से हुए हमले की वजह से उसकी माथे की हड्डी में फ्रेक्चर हुआ है।

मौरावां थानांतर्गत मोहिद्दीनपुर गांव निवासी सर्राफा व्यवसाई अमित उर्फ विक्की पुत्र राजीव सोनी की असगर गंज चौराहा पर सोने-चांदी की दुकान है। बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर के लिए निकला था। इसी दौरान रास्ते में उसे गांव का युवक फुरकान मिला और वह भी उसकी बाइक में पीछे बैठ गया। दुकान से करीब 200 मीटर दूर रास्ते में एक कार खड़ी थी। जिसके पीछे से निकले बदमाशों ने उसे रोककर जेवर व नगदी से भरा बैग छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर लुटेरों ने उसके माथे पर तमंचे की बट से वार कर दिए। इससे वह अचेत हो गया और लुटेरे जेवरात व नगदी से भरा बैग लूट ले गए। घटना की सूचना पर मौरावां एसओ भवन सिंह मौर्य मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे लखनऊ के एसजीपीजीआई के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

सीओ सोनम सिंह और बाद में एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना भी पहुंचे और पीड़ित के साथ पीछे बैठे गांव निवासी फुरकान से जानकारी ली। बताया जाता है कि बैग में नौ किलो चांदी, 300 ग्राम सोना व 20 हजार रुपया नगद रखा थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए आईजी लखनऊ रेंज तरुण गाबा ने भी गुरुवार सुबह घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। आईजी ने घटना के खुलासे के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। आईजी तरुण गाबा ने बताया कि खुलासे के लिए पांच टीमें बनाई गई है जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा।

### दुकान से दो छोटे भाई पहले चले गए थे घर

सर्राफ अमित व उसके दो छोटे भाइयों की सोने-चांदी की अलग-अलग दुकानें हैं। घर पर सभी साथ रहते हैं। बुधवार को छोटे भाई राजन व अंकित पहले घर आ गए थे। काम की वजह से अमित को देर हो गई थी।

# दबंगों ने युवक को घर में घुसकर पीटा, तोड़े दांत

**सफीपुर उन्नाव।** बल्ब जलाने से नाराज दबंगों ने घर में घुसकर युवक को जमकर पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं। परिजन पुलिस को सूचना देकर उसे एंबुलेंस से सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर के मजरा उनवा निवासी पुत्तीलाल पुत्र भिखारी देरात गांव में हुए तिलक समारोह से होकर अपने घर पहुंचा तो उसके घर का बल्ब गायब था। जिससे वह शोर मचाने लगा। जिससे नाराज पड़ोसी झब्बू पुत्र दल्लू प्रसाद, चंद्रपाल पुत्र बिन्दा प्रसाद व संगीत पुत्र भवानी ने उसके घर में घुसकर उसे जमकर पीट दिया। जिसमे उसके दांत टूट गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर उसे एंबुलेंस से सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू की। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लोगों को गुलाम बनाने के लिए दिया जा रहा मुफ्त राशनः अन्नू टंडन



सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पुरवा विधान सभा के असोहा ब्लाक के ग्रामीणों से मिली पूर्व सांसद

**अमृत विचार।** सरकार का रवैया आप लोगों को छोटी-छोटी मुफ्त की सुविधायें देकर आने वाली पीढ़ियों को मानसिक रूप से गुलाम बनाने का है। इसीलिए मुफ्त में राशन जैसी सुविधायें दी जा रही हैं।

यह बात सपा से लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने पुरवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत असोहा ब्लाक के दरेहटा अचली, लच्छीपुर, गोमापुर, चौपाई, असोहा, समाधा, बरवा, मुबारकपुर, बरौली क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से कहीं। उन्होंने कहा कि याद रखियेगा कि जो तानाशाही रवैया इस सरकार का है यदि आप लोगों ने एकजुट होकर मौजूदा केंद्र सरकार को सत्ता में आने से नहीं रोका तो आपको अगले चुनाव में मत देने का भी अधिकार नहीं रहेगा।

आरोप लगाया कि सरकार काम कम और विज्ञापनों में ज्यादा रुपया खर्च कर रही है। क्योंकि उन्हें मालूम है कि सरकार अब चुनाव हारने जा रही है। पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन ने सभी से सपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर व टोलियां बनाकर घर-घर जाकर लोगों को सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए कहें। क्योंकि इस सरकार ने लोगों को पांच-पांच किलो मुफ्त का राशन देकर इतना दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

जिससे आमजन में एक भय सा बैठ गया है। इस दौरान पूर्व विधायक उदयराज यादव, राजकुमार रावत, बीतेन्द्र यादव, सीएल यादव, कुलदीप यादव, सुनील रावत, हरिकेश यादव प्रधान आदि मौजूद रहे।

# अधेड़ शख्स के सीने में मां और हाथ में गुदा मिला पूनम

(फालोअप)

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 72 घंटे बाद भी शिनाख्त न होने पर अज्ञात में हुआ अधेड़ के शव का पोस्टमार्टम

**अमृत विचार।** असोहा थानांतर्गत कालूखेड़ा रोड पर सड़क किनारे झाड़ियों में मिले अधेड़ के शव की पहचान 72 घंटे मोर्चरी में रखने के बाद भी नहीं हो पाई। इसके बाद गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अधेड़ के सीने में मां और दाहिने हाथ में अंग्रेजी में पूनम गुदा मिला है। मौत का सही कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा-असोहा मार्ग पर अजयपुर गांव के मोड़ पर सोमवार सुबह गोकरन रैदास के खेत के पास सड़क किनारे झाड़ियों में अधेड़ का शव पड़ा मिला था। पुलिस को जामातलाशी में उसकी जेब से पहचान संबंधी कुछ नहीं मिला था और वहां मौजूद ग्रामीण भी उसकी पहचान नहीं कर पाए थे।

वह नीले रंग का ट्रैक सूट व पीला स्वेटर पहने था। पहचान न होने पर शव मोर्चरी में रखा गया था। सोशल मीडिया से शिनाख्त के प्रयास सफल नहीं हुए तो गुरुवार को असोहा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत के सही कारण पता नहीं लगने पर बिसरा सुरक्षित कराया गया है।

# ताजिया दफनाने के स्थान पर हो रहा कब्जा, मुस्लिम समुदाय में रोष

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कर्बला की जमीन पर अवैधानिक ढंग से कब्जा करने को लेकर मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। करीब आधा सैकड़ा लोगों ने गुरुवार को एसडीएम से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कब्जेदारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की।

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत गांव भगवंतपुर गोटपाली के मजरा काजीपुर के मुस्लिम समुदाय द्वारा एसडीएम अतुल कुमार को दिए शिकायतीपत्र में कहा गया कि गांव से कुछ दूर स्थित बंजर भूमि पर कर्बला है। उनके पूर्वज इसी कर्बला में ताजिया दफनाते चले आ रहे हैं। चकबंदी के दौरान संबंधित लेखपाल द्वारा अभिलेखों मंर हेराफेरी कर यह भूमि अवैधानिक ढंग से कुछ काश्तकारों के नाम दर्ज कर दी गई। उनका आरोप है कि करीब एक हफ्ता पूर्व तीन-चार लोग रात में जेसीबी लेकर आए और कर्बला की जमीन खोदकर समतल करने लगे। जिससे मुस्लिम समुदाय में आक्रोश व्याप्त हो गया। गुरुवार को गांव निवासी शमशुद्दीन, शीबू, रिजवान, खुशनूर, इरफान, चांद आलम, रफीक शाह व राजा आदि तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया है।

# जागरूकता में लगी टीमों को हरी झंडी दिखा रवाना किया

**नवाबगंज।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 व ओडीएफ प्लस-टू कार्यक्रम के तहत गावों में नुक्कड नाटक, स्वच्छता मेला, पेयजल व स्वच्छता समिति बैठक के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिसमें विकासखंड नवाबगंज में सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर टीमों को ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया।

इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के जिला समन्वयक अनिकेत वर्मा, सहायक समन्वयक धर्मेंद्र वर्मा व सभी स्वच्छ भारत मिशन कि टीम और ब्लाक के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए बीडीओ व पंचायत सहायक।

# स्वच्छ भारत मिशन को सार्थक करने को रवाना किया प्रचार वाहन

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** ब्लाक बिछिया में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता अभियान चलाने को हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रवाना किया गया।

विकासखंड बिछिया परिसर में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम के तहत खंड विकास अधिकारी कुलदीप मिश्रा व पंचायत सहायक विकास अधिकारी उदयवीर सिंह ने टीमों को वाहन सहित हरी झंडी दिखाकर गावों को रवाना किया। जिसे लेकर बीडीओ ने बताया कि नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, पेयजल व स्वच्छता समिति को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन जिला समन्वयक अनिकेत वर्मा, सहायक समन्वयक धर्मेंद्र वर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# 9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, निपटेंगे हजारों वाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रवाना करतीं जिला जज। अमृत विचार

- राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण चला रहा मुहिम

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरूकता वाहन को जिला जज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण हो और लोगों को कोर्ट के चक्कर काटने न पड़ें इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को प्रस्तावित है। जिसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इसके लिए कचहरी परिसर से गुरुवार को जागरूकता वाहन रवाना किया गया। जिला जज व अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव ने वाहन को हरी झंडी दिखाई।

एडीजे व प्राधिकरण सचिव मनीष निगम ने बताया कि वाहन शहर के बड़ा चौराहा व अन्य प्रमुख मार्गो से होकर सार्वजानिक तहसीलों, रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर जायेगा। इस दौरान जिला न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जूस की दुकान से 70 हजार का माल चोरी

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत एक जूस की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब 70 हजार का सामान पार कर दिया। दुकान स्वामी के अनुसार चोरों ने टीन काटकर घटना को अंजाम दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइन निवासी रामू शहर के हरदोई ओवर ब्रिज के पास सड़क किनारे फलों के जूस बेचने की दुकान किए है। रोज की तरह वह बुधवार देरशाम दुकान बंद कर घर लौट गया।

गुरुवार सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो उसमें लगी टिन कटी देख उसके होश उड़ गए। अंदर देखा तो जूस बनाने वाली मशीन, फल सहित अन्य कीमती सामान गायब था। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कर्रवाई की मांग की है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि अभी उन्हें चोरी की जानकारी नहीं है।

# महिला से टप्पेबाजी कर चार महिलाओं ने पार किये जेवरात

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- ई-रिक्शा पर सवारी बनकर महिला के साथ बैठ गई थीं चार टप्पेबाज महिलाएं

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा पर बैठीं चार महिला टप्पेबाजों ने बगल में बैठी एक महिला के बैग से सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। जेवरात गायब देख महिला के होश उड़ गए। तभी चारों महिला टप्पेबाज भागने लगीं। महिला की गुहार पर लोगों ने तीन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। जबकि एक भागने में सफल रही। जेवर मिलने से पीड़ित महिला ने राहत की सांस ली।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतासिया के मजरा भगवंतपुरवा निवासी देशराज की पत्नी शांती बीते बुधवार अपनी भतीजी के विवाह में शामिल होने नगर के मोहल्ला कटरा आई थी। गुरुवार को वह बांगरमऊ के नानामऊ मार्ग तिराहे से ई-रिक्शा से अपने गांव जा रही थी। ई-रिक्शा पर महिला के साथ चार अन्य महिलाएं भी आकर बैठ गईं।

तभी रास्ते में चारों टप्पेबाज महिलाओं ने निगाह बचाकर शांती के बैग से सोने का हार, अंगूठी, चांदी की हाफ पेंटी व पायल आदि पार कर दिये। शक होने पर शांती ने बैग खोलकर देखा तो उससे जेवर गायब थे। पीड़ित महिला ने तुरंत ई-रिक्शा रुकवाया तो चारों टप्पेबाज भाग खड़ी हुईं।

महिला के शोर मचाने पर लोगों ने दौड़कर तीनों को पकड़ लिया जबकि एक भागने में सफल रही। चोरी किया गया जेवर मिलने से महिला ने राहत की सांस ली। लोगों ने टप्पेबाज महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस महिलाओं से पूछताछ कर रही है। महिलाएं कानपुर जिले की बताई जा रही हैं।

## सार-संक्षेप



ग्राम सभा छूलामऊ के कोटे की जांच करते एसडीएम रनवीर सिंह।। अमृत विचार

### एसडीएम ने कोटेदारों के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश

**पुरवा।** तहसील सभागार में गुरुवार को एसडीएम रनवीर सिंह ने तहसील क्षेत्र के सभी कोटेदारों के साथ बैठक की। एसडीएम ने कोटेदारों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने-अपने क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राशन वितरण करते समय मशीन से निकलने वाली पर्ची में मतदान संबंधित स्लोगन लिखी मोहर लगाएं। इसके बाद एसडीएम ने छूलामऊ व दरहेटा राशन दुकान का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कोटेदारों को दी गईं नए इलेक्ट्रानिक कांटा व ई-पॉश मशीन के संचालन की भी जानकारी ली। एसडीएम ने कोटेदारों को पारदर्शिता के साथ वितरण करने के निर्देश दिए।

### आज आठ घंटे बंद रहेगी नगर की बिजली

**शुक्लागंज।** सरैयां स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शुक्लागंज में आज मरम्मत कार्य होना है। जिसको लेकर शुक्रवार सुबह से शाम छह बजे तक बिजली बंद रहेगी। बिजली बंद होने के दौरान सब स्टेशन में पावर परिवर्तक एवं स्वीचयार्ड में मरम्मत कार्य किया जायेगा। जानकारी अवर अभियंता विष्णु कुमार शुक्ला ने दी।

अवैध खनन | विधायक ने कहा कि इस मामले में डीएम व एसडीएम से कर चुके हैं शिकायत, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई

# वेयर हाउस में पड़ रही मिट्टी की सीएम से शिकायत करेंगे

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव



वेयर हाउस में अधिकारी की गाड़ी के पीछे से निकलता ओवरलोड मिट्टी भरा डंपर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर के पास निर्माणाधीन एक वेयर हाउस मे पड़ रही मिट्टी अवैध खनन व परिवहन कर डाली जाने की शिकायत विधायक ने डीएम व एसडीएम से की है। उन्होंने बताया कि मिट्टी असोहा ब्लाक से आ रही है। जिसे असोहा ब्लाक में ही डाले जाने के नियम है। ऐसे में राजस्व की भारी क्षति हो रही है। वे इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे।

सोहरामऊ क्षेत्र में वेयर हाऊस 82 बीघा में बन रहा है। जिसमें हजारों घन मीटर मिट्टी का भरान किया जाना है। सूत्र बताते हैं कि इसके लिये कहीं से कोई खनन का आदेश नहीं हुआ है। इसके बावजूद अवैध रूप से मिट्टी लाकर वहां डाली जा रही है। बड़ी बात यह है कि इसे लेकर पुलिस-प्रशासन के अलावा खनन विभाग के अधिकारी भी रायल्टी के साथ मिट्टी डाले जाने की बात कह पल्ला झाड़ रहे हैं। सूत्रों की मानें तो वेयर हाउस में जो मिट्टी लाकर डाली जा रही है वह असोहा ब्लाक के एक गांव से आ रही है।

खनन विभाग के अधिकारी कहते हैं कि एक डंपर में 9 घन मीटर मिट्टी की रायल्टी हो सकती है और डंपर में उससे दोगुनी मिट्टी का परिवहन हो रहा है। लोगों का कहना है कि इसकी नाप वेयर हाउस में पड़ी मिट्टी से हो सकती है कि कितनी रायल्टी जमा हुई और कितनी मिट्टी पड़ी है। लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत से पड़ रही अवैध मिट्टी को लेकर सभी मौन हैं।

# जानलेवा लोहे के टूटे क्रास की हुई मरम्मत

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



रेलवे पुल के नीचे होता क्रास मरम्मत का कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिश्रा कॉलोनी मुख्य मार्ग रेलवे पुल के नीचे का लोहे का क्रास पिछले कई माह से टूटा होने के कारण आएदिन बाइक सवार गिर रहे थे। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे ईओ ने संज्ञान में लिया और गुरुवार को टूटे क्रास की मरम्मत शुरू कराई।

रेलवे पुल के नीचे नाले पर पालिका ने लोहे के पाइप का क्रास बनवाया है। जो कई माह से क्षतिग्रस्त पड़ा है। क्रास के स्थान पर कई जगहों पर पाइप टूट गये थे। जिससे बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। रात को पुल के नीचे अंधेरा रहता है। जिससे मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, गोताखोर, मनसुख खेड़ा, राजीव नगर, कर्बला, हुसैन नगर, गगनी खेड़ा के अलावा पश्चिमी क्षेत्रों की ओर आने जाने वाले लोग गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं। साथ ही कार, टेंपो, ई-रिक्शा चालक भी इसकी चपेट में आ रहे थे। इस मुद्दे को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिस पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने संज्ञान में लिया। गुरुवार को टूटे लोहे के पाइप हटाकर नये पाइप लगाकर उनकी वैल्डिंग कराई गई।

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद : श्रियो वध : ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया : शत्रवस्त्रय : ।।

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव,उतावलापन और आत्मप्रशंसा-ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

## संपादकीय

# समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूवी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

# कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन


सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा,लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है,जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

## प्रसंगवश

# क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गईं हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खिथां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर",यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे,ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मागें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा।

इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

# दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रदर्शनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए,क्योंकि प्रदर्शनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए,किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।

13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैस के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता,बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया,लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है,समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

## सोशल फोरम

# हरि के सामने हर


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब ध्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी-जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।

-फेसबुक वॉस से

# पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी,अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई,पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है,पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं,जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए,आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

# कुलकामधेनु : श्रीविद्या


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे,प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था,किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया,वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते,एक दिन तीर्थ पर जाते,किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक,फिर त्रैमासिक,फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि,सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं,देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं,न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं,किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है,पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं,अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं,जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है,उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।

# फैसला तो आ गया, पर नफरत अभी भी नहीं गई

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- बेहमई और गुढ़ा का पुरवा के बीच सड़कें और पुल तो बना पर दिलों की दूरियां कम नहीं हुईं
- कहीं गज़ब की नफरत तो कहीं फूलन का मंदिर बना कर उसकी पूजा की जाती है

**43** साल में बहुत कुछ बदल गया, मगर बुजुर्गों की जहन में उस नरसंहार तस्वीर आज भी वैसी ही



बीहड़ छोड़ने के बाद भी फूलन देवी को असलहों का शौक बरकरार रहा। (**फाइल फोटो**)

**अमृत विचारः** अब से 43 साल पहले कानपुर देहात के बेहमई गांव में डकैत फूलन देवी और उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था, उसका फैसला तो आ गया, लेकिन दो गांवों के बीच नफरत की दीवार नहीं गिर सकी है । आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव ) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं।

बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के बीच कोई चार किलोमीटर की दूरी है लेकिन दिलों की दूरी ऐसी कि कोई आज तक नहीं पाट सका । मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया, तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे । फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं, पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। इतनी नफरत थी फूलन से बेहमई से । गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगार को मारा होता तो कोई बात नहीं, लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया । उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं। कैसे माफ़ कर दें।

बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा (कालपी ) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं कि अपने ऊपर अत्याचारों से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी ।

उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम -श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था । पूरे गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएं के पास एकत्र किया और फिर मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी । इसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी । उस समय वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे । इस नरसंहार से सरकार हिल गई थी । इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया। इस नरसंहार के बाद बेहमई और गुढ़ा का पुरवा के बीच नफरत की ऐसी खाई बनी जो अभी तक नहीं पट सकी है । फूलन के गांव वाले अभी भी बेहमई जाने से घबराते हैं । फूलन की हत्या से पहले तक तो अगर कोई फूलन के गांव वाला बेहमई में दिख गया तो उसकी शामत आ जाती थी । कई बार घर कर पीटा भी गया । एक -दूसरे के गांव में शादियां भी नहीं करते । एक दूसरे के गांव के बारे में बोलने से भी कतराते हैं लेकिन नफरत आँखों में साफ झलकती है ।



गुढ़ा का पुरवा में फूलन की प्रतिमा।

## वहां जाने से डरते हैं...

- मुझे बेहमई के पास सड़क बनाने का काम मिला था पर मैंने बिल्कुल मना कर दिया । बहुत डर लगता है । पता नहीं क्या कर दें । कई बार बेहमई में हमारे गांव वालों को घेरकर उन्हें अपमानित किया जा चुका है ।

### मोहन (गुढ़ा का पुरवा )

- **बस बगल के गांव तक गए.... :** मैंने अपनी बेटी की शादी बेहमई के बगल के गांव खोजा में की है । उस गांव का रास्ता बेहमई होकर जाता है तो उधर से गुजरते जी घबराता है लेकिन कभी कुछ नहीं हुआ ।

### सिद्धनाथ (गुढ़ा का पुरवा )

- हम क्यूं जाएं गुढ़ा का पुरवा : हम कभी फूलन के गांव नहीं गए, क्यूं जाएं । उसने तो यहां निर्दोष लोगों का खून बहाया । उसे कैसे माफ़ी दी जा सकती है । बुजुर्गों ने वह मंज़र देखा है, नई पीढ़ी क्या जाने दर्द । जिनके सुहाग उजड़ गए, उन्हें कैसे दिलासा मिलेगी ।

### इधर स्मारक तो उधर मंदिर

बेहमईकांड में मारे गए 20 ठाकुरों की याद में गांव में ही उस स्थान पर स्मारक बनवाया गया है जहां फूलन देवी ने 14 फरवरी 1981 को नरसंहार किया था । इसे देख फूलन देवी की क्रूरता याद की जाती है । हर साल यहां श्रद्धांजलि सभा होती है । दूसरी तरफ गुढ़ा का पुरवा में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित कर मंदिर का रूप देकर वहां उसकी पूजा की जाती है । गांव के लोग कहते हैं कि उसने अत्याचार के खिलाफ बंदूक उठाई और न जाने कितनी लड़कियों की प्रेरणा बनी ।

# खुद को बेकसूर साबित करने में लग गए 43 बरस

## इंसाफ की लड़ाई में विश्वनाथ की बिक गई पांच बीघा जमीन, दोषमुक्त होने के 14 दिन पहले ही चल बसी थी विश्वनाथ की पत्नी

मोहम्मद तस्लीम, राजपुर



अपनी बात कहते रो पड़े विश्वनाथ।



महेशपुर गांव में लोगों के बीच बैठे बेहमई कांड से बरी हुए विश्वनाथ। **अमृत विचार**

**अमृत विचारः** बेहमई कांड में आरोपी बने सिकंदरा थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के रहने वाले विश्वनाथ उर्फ पुतानी उर्फ कृष्ण स्वरूप को आखिर न्याय के मंदिर से इंसाफ मिल गया। बुधवार को अदालत ने अपने फैसले में विश्वनाथ उर्फ पुतानी को दोष मुक्त कर दिया, लेकिन उन्हें अपने को बेकसूर साबित करने में पूरे 43 साल लग गए। कानूनी लड़ाई जीतने के बाद विश्वनाथ पूरी दास्तां सुनाते-सुनाते भावुक हो गए और अपने आंसू नहीं रोक पाए।

अदालत से इंसाफ पाने के बाद गुरुवार को अपने घर के बाहर गांव वालों के बीच बैठे विश्वनाथ ने बताया कि जब उन्हें गिरफ्तार किया गया, तब 16 साल की उम्र थी। कुंवरपुर इंटर कालेज में हाईस्कूल की पढ़ाई कर रहे थे। बेहमई कांड के बाद उन्हें पुलिस ने स्कूल की कक्षा से पूछताछ के लिए गांव बुलवाया था और लोगों से । पहचान कराने के बाद थाने ले गई थी। इसके बाद बेहमई गांव से करीब 15 लोगों को बुलाकर उन्हें पकड़े जाने की सूचना दी थी। तीन दिन तक कड़ाई से पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

करीब तीन महीने जेल में गुजारने पड़े। जेल से छूटने के बाद तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता रहा और खुद को बेकसूर साबित करने के लिए करीब पांच बीघा जमीन बिक गई। परिजनों का भरण पोषण के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ा। बीते दिनों को याद करते हुए विश्वनाथ भावुक हो गए और उन्होंने बिलखते हुए बताया कि अदालत का फैसला आने से 14 दिन पहले ही पत्नी शीला देवी की मौत हो गई। निधन होने के बाद पिछली 12 फरवरी को पत्नी की तेरहवीं थी और 14 फरवरी को कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

### पड़ोसी विश्वनाथ था फूलन देवी गिरोह का सदस्य, जो आज भी फरार है

निर्दोष विश्वनाथ बताते हैं कि बेहमई कांड में उनके पड़ोस का रहने वाला विश्वनाथ शामिल था। पुलिस उसकी खोजबीन कर रही थी। उसके नहीं मिलने पर पुलिस ने विश्वनाथ नाम होने के कारण उन्हें ही पकड़ लिया था। हालांकि बाद में तत्कालीन थाना प्रभारी एके सिंह ने दूसरे आरोपी विश्वनाथ को भी पकड़ा और जेल भेज दिया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया, जिसे आज तक पुलिस ढूंढ नहीं पाई है। विश्वनाथ कहते हैं कि पुलिस ने एक ही गांव और एक ही नाम होने के कारण उन्हें आरोपी बना दिया था, जबकि नरसंहार के दौरान वह नाबालिग थे।

- **16 साल की उम्र में जेल गए थे विश्वनाथ, अब आ गया बुढ़ापा**
- **स्कूल की कक्षा से पुलिस ने बुलाया और साथ ले गई थी**

### दोषमुक्त हुए विश्वनाथ के घर में लगा तांता

- बेहमई कांड में दोषमुक्त किए गए महेशपुर गांव निवासी विश्वनाथ के घर में दूसरे दिन गुरुवार को भी लोगों की काफी आमद रही। गांव के अधिकांश लोग विश्वनाथ के घर के बाहर दिखाई दिए। उन्होंने लंबी कानूनी प्रक्रिया के दौरान हौसला न डिगने पर विश्वनाथ की तारीफ की।

**12** फरवरी को थी विश्वनाथ की पत्नी की तेरहवीं

**14** फरवरी को विश्वनाथ कोर्ट से बरी किए गए

### समय से फैसला होता तो खुशी अलग ही होती

नरसंहार के मामले में आधे से अधिक आरोपियों की मौत हो चुकी है। केवल एक आरोपी को ही अदालत से सजा मिल सकी है। पूर्व में फैसले के ऐन वक्त के पहले मूल केस डायरी से फैसला आने में और भी देरी हुई। अगर समय रहते फैसला आता तो पीड़ितों समेत पूरे गांव के लोगों को संतोष होता।



–गांधी सिंह, पूर्व प्रधान बेहमई

# एकलौते बेटे को गोद से हटा बरसाई थीं गोलियां



बाबू सिंह चंदेल।

**राजपुर।** बेहमई कांड में पिता हिम्मत सिंह व चचेरे भाई हरिओम सिंह और हुकुम सिंह को गंवाने वाले बाबू सिंह चंदेल बताते हैं कि 14 फरवरी 1981 को वह पिता की गोद में ही थी। उस दौरान गांव आए डकैतों ने पिता से पूछा था कि कितने बेटे हैं। उनके पिता ने एक पुत्र के होने की जानकारी दी थी। इसके बाद डकैतों ने उन्हें पिता की गोद से उतार कर घर भेज दिया था। कुछ देर बाद उन्हें गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई गई। मौके पर जाकर खूनी मंजर नजर आए, जो आज भी उनकी आंखों में घूमता रहता है। बाबू सिंह ने बताया कि बेहमई कांड में 43 साल बाद आया फैसला भी अधूरा है। केवल एक आरोपी को सजा हुई है। जबकि अभी तक तीन आरोपी फरार चल रहे हैं और एक दोषमुक्त कर दिया गया। उनकी मांग है कि फरार तीनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। तभी उन्हें व सभी पीड़ितों को पूरा न्याय मिल सकेगा।

# कानूनी दांव-पेच में उलझा रहा कांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- **जनवरी 2020 में फैसले के ऐन वक्त से पहले गायब हो गई थी मूल केस डायरी**

**अमृत विचारः** बहुचर्चित बेहमई नरसंहार कांड के मामले में बुधवार को भले ही अदालत ने फैसला सुना दिया हो, लेकिन घटना से लेकर 43 साल तक लगातार उलझाव की स्थिति बनी रही। ऐसे में लंबी चली कानूनी प्रक्रिया के चलते कई आरोपियों से लेकर वादी व गवाहों की मौत तक हो गई।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को दस्य सुंदरी फूलन देवी ने गिरोह के साथ बीस लोगों का नरसंहार किया था। मुकदमा लिखे जाने के बाद 7 अप्रैल 1981 से 31 अक्तूबर 1982 के बीच आठ चार्जशीट दाखिल हुई। इसके बाद से ही उलझाव की शुरू हो गया था। वर्ष 1995 में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने फूलन पर लगा मुकदमा वापस ले लिया था। लेकिन तत्कालीन विशेष न्यायाधीश डकैती एसके सक्सेना ने सरकार के इस फैसले को खारिज कर दिया था।

इसके बाद मामला हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने के बाद अगस्त 2012 में फरार तीन डकैतों की पत्रावली अलग कर सुनाई कराई गई। वर्ष 2012 में ही मौजूदा जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बेहमई कांड के मुकदमे की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद आरोपी भीखा, पोसा, श्यामबाबू, विश्वनाथ व राम सिंह की फाइल अलग कर अगस्त 2012 में आरोप तय किए गए। घायलों समेत पंद्रह गवाहों के बयान कराकर 2014 में गवाही भी खत्म कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान महेशपुर के आरोपी विश्वनाथ ने 23 नवंबर 2015 में नाबालिग होने का प्रमाण पत्र लाकर मामले में फिर से पेंच फंसा दिया था। जिसका समाधान होने के बाद जनवरी 2020 को फैसले के ऐन वक्त से पहले मुकदमे की मूल केस डायरी गायब होने से मामला फिर से लटक गया। एडीजीसी प्रशांत मिश्रा बताते हैं कि बेहमई कांड की सुनवाई के दौरान कई बार पीठासीन अधिकारियों के स्थानांतरण के चलते फिर से बहस शुरू की गई।



महेशपुर गांव में फूलन देवी की ससुराल वाला घर। अमृत विचार

# फूलन की संपत्ति पर मेरा हक, मैं ही पतिः पुत्तीलाल

संवाददाता, राजपुर



फूलन देवी के पति पुत्तीलाल।

**अमृत विचारः** बेहमई कांड में फैसला आने के बाद फूलन देवी की चर्चा फिर शुरू हो गई है। खासतौर पर यमुना बीहड़ पट्टी के गांवों में बीच दिन भर फूलन के ही किस्से सुनाए जाते रहे। महेशपुर गांव के रहने वाले फूलन के पति ने फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

अमराहट क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी पुत्तीलाल से वर्ष 1962 में फूलन देवी की शादी हुई थी। पुत्तीलाल की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। फूलन से दूसरी शादी हुई थी। करीब छह साल फूलन पति पुत्तीलाल के साथ रही। पुत्तीलाल का कहना है कि फूलन से कोई संतान न होने पर उसने ही तीसरी शादी कराई थी। इसके बाद वह छोड़क़र चली गई थी। वह जाने की वजह स्पष्ट नहीं बताते। यह जरूर कहते हैं कि फूलन से उनका कभी विवाद नहीं हुआ। तीसरी शादी और बच्चे होने पर वह परिवार में व्यस्त हो गए। इस बीच फूलन से कोई संपर्क नहीं रहा। फूलन की जब दिल्ली में हत्या हुई तब वह अंतिम संस्कार के लिए गए थे, लेकिन शामिल नहीं होने दिया गया। फूलन ने जेल से बाहर आने के बाद उम्मेद सिंह से शादी की थी और साथ दिल्ली में रहती थी, लेकिन पुत्तीलाल इसे नहीं मानते हैं।

### फूलन ने कई बार बुलाया पर नहीं गए पुत्तीलाल

- पुत्तीलाल का कहना है कि सांसद बनने के बाद फूलन ने उन्हें कई बार बुलावा भेजा था, लेकिन वह नहीं गए। वहीं महेशपुर से जाने के बाद फूलन भी कभी लौटकर नहीं आईं। पड़ोस की महिलाओं ने कहा कि फूलन बहुत शांत रहती थी। पुत्तीलाल ने दबी जुबान कहा कि बेहमई कांड में नाम आने के बाद दूरी काफी बढ़ गई थी।

### फूलन की संपत्ति पर हक का मामला कोर्ट में

- वर्ष 2001 में फूलन की हत्या के बाद पुत्तीलाल ने संपत्ति पर हक जताया था। वहीं उम्मेद सिंह पति होने का दावा कर रहे हैं। पुत्तीलाल का कहना है कि फूलन का पति मैं ही हूं। संपत्ति में हक का केस कानपुर नगर की अदालत में चल रहा है। वकील पारसनाथ पैरवी कर रहे हैं।

## चित्रकूट

# बारूदी विस्फोट के मंजर ने हर किसी को हिलाया

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचारः** चित्रकूट इंटर कालेज में बुधवार को हुए बारूदी विस्फोट के मंजर ने हर किसी को हिला कर रख दिया है। विस्फोट में चार छात्रों की मौत से सुरक्षा इंतजामों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हर कोई यही चाहता है कि दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले। परिजनों का कहना है कि मुआवजा उनके बच्चों को तो वापस नहीं ला देगा। जो भी दोषी हैं, उन्हें सख्त सजा दी जाए। गुरुवार को दो बच्चों के शवों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम होने के दौरान परिजनों की चीख-पुकार से हर किसी की आंखें नम हो गईं। दो बच्चों का पोस्टमार्टम प्रयागराज में हुआ है।



मोहित।

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन वाले दिन बुधवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज के मैदान पर म्यूजिक नाइट के बाद रात में इलेक्ट्रानिक आतिशबाजी का कार्यक्रम होना था। आतिशबाजी के लिए मैदान पर पैनल लगाए गए थे। अपराह्न लगभग तीन बजे अचानक हुए बारूदी विस्फोट में चार बच्चों की मौत हो गई थी। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि चारों बच्चे लगभग 30 फीट ऊपर उछल गए थे और एक बच्चा कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा था। दो बच्चों की मौके पर और दो की प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। जिस जगह विस्फोट हुआ, वहां चार से पांच फीट गहरा गड्ढा हो गया था।



मोहित के पिता मुकेश।



मोहित की दादी सुमित्रा। **अमृत विचार**

### उछलकर तीसरी मंजिल पर गिरा था मोहित

- बड़े बेटे मोहित को खोने से मां, दादी और भाइयों के आंसू थम नहीं रहे थे। बेटे की अंतिम झलक पाने के लिए मां राजकुमारी और दादी सुमित्रा पोस्टमार्टम हाउस के बाद अंत्येष्टि स्थल पहुंच गईं। इनके रुदन ने हर किसी को हिला दिया। विस्फोट में उछलकर मोहित कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा था और उसके दोनों पैर टूट गए थे। पिता मुकेश ने सवाल उठाया कि मनोरंजन के ऐसे कार्यक्रम में इतनी खतरनाक आतिशबाजी का कार्यक्रम क्यों रखा गया? कॉलेज को धर्मशाला बना दिया गया है। उसने कहा कि मुआवजे से हमारा बेटा तो वापस नहीं आ जाएगा। सरकार दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे।

### साले के बयाने में गए थे मोहित के माता-पिता

- विस्फोट का शिकार हुए मोहित के पिता मुकेश श्रमिक हैं। मोहित सीआईसी परिसर में ही स्थित बाल विद्यालय में कक्षा छह का छात्र था। कर्वी माफी विद्यानगर निवासी मुकेश किसी तरह मजदूरी करके परिवार का पेट पालते हैं। उन्होंने बताया कि वह बुधवार को पत्नी राजकुमारी और बेटे शोभित के साथ पास के गांव दहलापुरवा में साले के बयाने में गए थे। घर में दादी सुमित्रा के साथ मोहित और उसका भाई था। वहीं पर मोबाइल के जरिए शाम लगभग छह बजे हादसे की सूचना मिली तो जिस हालत में थे, वैसे ही कर्वी के लिए दौड़ पड़े। यहां आए तो सब कुछ लुट चुका था।



मोहित की मां राजकुमारी बिलखती रही। **अमृत विचार**

इस विस्फोट में मोहित (14) पुत्र मुकेश, प्रभात (11) पुत्र धर्मेंद्र सिंह, पारस (12) पुत्र कंशराज और यश (11) पुत्र विश्वप्रधान की जान चली गई थी। चारों बच्चों के घर आसपास ही हैं और वे खेलने के इरादे से सीआईसी के मैदान गए थे। इस बारूदी विस्फोट का मंजर जिसने भी देखा और सुना, वह प्रशासन और आयोजकों के सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़ा करता रहा। हर किसी का यही कहना है कि जहां आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे, वहां सुरक्षा इंतजाम किए जाने चाहिए थे। लापरवाही बरतरने वाले दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। बड़े जिम्मेदारों को बचाने में किसी छोटे को बलि का बकरा न बना दिया जाए।

**पड़ोसियों में भी दिखा गुस्साः** मुकेश के पड़ोसी देवशरण और शिवशंकर फौजी ने कहा कि बारूदी विस्फोट में चार परिवारों ने अपने बच्चे खो दिए। इन सभी परिवारों की खुशियां छिन गई हैं। दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

# मेरी तो अब जीने की चाह खत्म हो गईः विश्वप्रधान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- **एकलौते बेटे की मौत से टूट गया परिवार, मां के साथ बहन के नहीं थम रहे आंसू**

**अमृत विचारः** हादसे ने विश्वप्रधान के इकलौते बेटे यश को छीन लिया। विश्वप्रधान मिश्रा पहाड़ी में ग्राम विकास अधिकारी हैं। उनको जैसे ही हादसे की सूचना मिली, रोने लगे। जैसे तैसे लोगों ने समझाया और उनको और परिवार को लेकर प्रयागराज गए। पर वहां भी बेटे का शव मिला।



यश।

मासूम के शव से मां-पिता लिपटकर रोये तो परिजन भी खुद को संभाल न सके। भाई को खोने से बहन गौरी और बेटे को खोने से मां ऋचा बेसुध थीं। विश्वप्रधान ने घटना के लिए आयोजकों को दोषी ठहराया। कहा, बिना अनुमति के यह आयोजन सीआईसी में क्यों हुआ, इसकी जांच होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए थी कि बच्चे वहां न जाएं। मेरी तो जिंदगी ही खत्म हो गई। जीने की आस नहीं रही..कहकर वह बिलखने लगे। सीआईसी मैदान में मिली स्पोर्ट्स साइकिल यश की ही थी।



विस्फोट के दौरान आतिशबाजी स्थल पर मिली थी यश की साइकिल।

# सोनिया की भावुक अपील से उठ सकती सहानुभूति की लहर

राजनीतिक विश्लेषण
गौरव अवस्थी

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी द्वारा राजस्थान से राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल करने के बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नेहरू-गांधी खानदान की एक और पीढ़ी की विदाई की इबारत लिख गई। विदाई के पहले सोनिया ने रायबरेली के निवासियों के नाम एक भावुक अपील जारी की है। इस अपील में परिवार के पीढ़ियों पुराने संबंधों की याद दिलाते हुए परिवार के नए सदस्यों का साथ देने का आग्रह भी शामिल है। लेकिन,सवाल यह है कि क्या इस भावुक अपील से सोनिया या गांधी परिवार के प्रति रायबरेली में सहानुभूति की लहर आसन्न लोकसभा चुनाव में उठ पाएगी? अपने अपील में उन्होंने दो दशक के चुनावी सफर में दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया है। बताया है कि रायबरेली से परिवार का रिश्ता कायम रहेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोनिया गांधी ने अपने ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही अपने दो दशक के प्रतिनिधित्व काल में रायबरेली के विकास की चिंता की। वर्ष 2006 में उपचुनाव में उन्होंने कुल पड़े मतों का 80 प्रतिशत वोट प्राप्त कर इंदिरा गांधी की लोकप्रियता को भी पीछे छोड़ दिया था। जनता के इस प्यार को उन्होंने विकास के रूप में लौटाने की कोशिश भी अपने दो दशक के कार्यकाल में पूरी शिद्दत से की। दो दशक में करीब 15000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं रायबरेली के लिए मंजूर कराई। रेल कोच कारखाना, रेल पहिया कारखाना, आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), 5-5 राजमार्गों की स्वीकृति, रायबरेली लखनऊ फोरलेन आदि विकास के कार्य सोनिया गांधी की ही देन हैं।

सोनिया गांधी रायबरेली में सांसद के रूप में कम गांधी परिवार की बहू के रूप में में ही ज्यादा आती-जाती रहीं। जब तक उनका स्वास्थ्य साथ देता रहा वह अपने लोकसभा क्षेत्र में हर तीन महीने में एक बार भ्रमण के रिवाज को जारी रखे रहीं। बहुत कम मौके ऐसे आए होंगे जब सोनिया को सार्वजनिक सभा में सिर पर पल्लू के बिना किसी ने देखा या सुना होगा। उनकी संजीदगी यहां के आम लोगों के दिलों पर राज करती है। लेकिन पिछले चुनाव के बाद से क्षेत्र में न आना भाजपा को चुनाव के लिए मुद्दा जरूर देता है। पर्चा दाखिले के बाद से ही स्थानीय भाजपा नेता हमलावर हैं। भाजपा नेता इस पराजय के डर से मैदान छोड़ना कहकर प्रचारित करना शुरू कर चुके हैं। सोनिया के भावुक अपील पर सहानुभूति उठने का दावा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी भी कर रहे हैं। विनय ने कहा कि रायबरेली के लोग गांधी परिवार के उत्तराधिकारी को भी वैसे हाथों-हाथ लेंगे जैसे उन्होंने सोनिया को दो दशक पहले लिया था। अब यह आने वाला लोकसभा चुनाव परिणाम बताएगा कि इस भावुक अपील का असर हुआ या भाजपा का सोनिया के खिलाफ प्रचार परवान चढ़ पाया।

# हर गोवा वासी को कराएंगे अयोध्या का दर्शन : प्रमोद

## गोवा के मुख्यमंत्री बोले - देव दर्शन योजना में अयोध्या को जोड़ा जाएगा

अयोध्या कार्यालय

कहा- अयोध्या का राम मंदिर नहीं बल्कि यह राष्ट्र का मंदिर है

**अमृत विचार :** मैं अपने आपको बहुत खुश नसीब समझता हूं कि मुझे रामलला का साक्षात दर्शन करने का मौका मिला। अब गोवा सरकार मुख्यमंत्री देव दर्शन योजना के तहत हर गोवा वासी को अयोध्या दर्शन कराएंगी। इसके लिए अयोध्या को भी योजना में शामिल किया गया है। यह अयोध्या का राम मंदिर नहीं बल्कि राष्ट्र मंदिर है। ये बातें गुरुवार को यहां गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता में कहीं।

वे अपनी कैबिनेट के साथ गुरुवार को यहां रामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे। दोपहर करीब एक बजे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में कैबिनेट की 51 सदस्यीय टीम महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंची। यहां प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सभी स्वागत किया। एयरपोर्ट से ई-बसों के माध्यम से विधायक व मंत्रियों के साथ उनका काफिला राममंदिर के लिए रवाना हुआ। मुख्यमंत्री व उनके कैबिनेट को वीवीआईपी गेट-11 से परिसर में प्रवेश कराया गया।


राम मंदिर में कैबिनेट के साथ गोवा के मुख्यमंत्री ने खिंचवाई फोटो। अमृत विचार

### आज से दोपहर में एक घंटे विश्राम करेंगे रामलला

**अयोध्या :** राम मंदिर में विराजमान रामलला अब दोपहर में एक घंटे विश्राम करेंगे। शुक्रवार दोपहर से 12:30 बजे से 1:30 बजे तक रामलला को आरती भोग लगाने के बाद गर्भगृह का पट बंद कर दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पुजारी की सहमति के आधार पर दोपहर में रामलला को विश्राम कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोपहर 12:30 के बाद श्रद्धालुओं को प्रवेश को रोक दिया जाएगा। 1:30 बजे के बाद श्रद्धालु को रामलला का दर्शन कर सकेंगे। बता दें कि 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक अनवरत श्रद्धालुओं का रामलला का दर्शन कराया जा रहा था। जिसको लेकर साधु-संतों की आपत्ति के बाद ट्रस्ट महासचिव ने कहा ने इसे उचित बताते हुए कहा था कि रामलला को लगातार 15 घंटे तक जगाए रखना उचित नहीं है।

जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी का स्वागत किया। राम मंदिर में सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में फोटो भी खिंचवाई। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री, स्पीकर व कैबिनेट के साथ रामलला का दर्शन कर मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। एक सवाल के जवाब में कहा कि यदि प्रदेश सरकार भूमि दी तो यहां गोवा भवन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गोवा के लोग भी यहां आकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इस दौरान ट्रस्ट महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने उन्हें राम मंदिर मॉडल भेंट किया।

# रामवनगमन पथ होते अयोध्या पहुंची राम उत्सव यात्रा

अयोध्या कार्यालय

▸▸ यात्रा में शामिल लोगों ने किए रामलला के दर्शन

**अमृत विचार :** रामेश्वरम से निकली राम उत्सव यात्रा रामवनगमन पथ होते हुए बुधवार शाम अयोध्या पहुंची। यात्रा में शामिल सोशल मीडिया पर प्रभाव रखने वाले 150 लोगों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।

यात्रा का अगुवाई कर रहे इंफ्लुएंसर मोहित कुमार ने बताया कि एक महीने पहले रामेश्वरम से यात्रा शुरू हुई थी। यह यात्रा रामवनगमन पथ तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए यहां पहुंची है। उन्होंने बताया कि रामवनगमर पथ का एक डॉक्युमेंट तैयार किया जा रहा है। इसे सरकार को सौंपा जाएगा, ताकि इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जिस प्रकार 12 ज्योतिर्लिंग व चार धाम का दर्शन करते है, उसी तरह उन्हें रामवनगमन पथ का भी दर्शन करना चाहिए।

मोहित ने बताया कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर मेरा भारत, मेरा गौरव के नाम से एक कैंपेन भी चलाया जा रहा है। यात्रा में करीब 300 लोग शामिल रहे। यात्रा में शामिल गायिका स्वाति मिश्रा ने कहा कि यात्रा से जुड़ कर खुद को गौरवांवित महसूस कर रही हूं।

# हनुमंत लला को चढ़ने लगा देसी घी के लड्डुओं का चढ़ावा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में विराजमान हनुमंत लला को अब देसी घी से निर्मित लड्डू प्रसाद का चढ़ावा चढ़ने लगा है। दुकानदार ने पूर्व घोषित निर्णय के तहत बसंत पंचमी के दूसरे दिन गुरुवार से देसी घी से बने लड्डू प्रसाद की बिक्री शुरू कर दी है। अयोध्या धाम दौरे पर बीते दिनों आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी दर्शन के दौरान इसके लिए मंदिर प्रशासन और दुकानदारों को प्रेरित किया था। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंथ गद्दीनशीन प्रेम दास की अध्यक्षता में साधु संतों के साथ परिसर के आसपास के दुकानदारों की बैठक हुई थी। उसके बाद मंदिर प्रशासन की ओर बैठक कर बसंत पंचमी के दूसरे दिन से यह व्यवस्था प्रारम्भ करने की घोषणा की थी।

हनुमानगढ़ी में देसी घी से निर्मित लड्डू प्रसाद के चढ़ावे की खबर 'अमृत विचार' ने ही अपने 31 जनवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे लेकर हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन और स्थानीय दुकानदारों की ओर से अमृत विचार की सराहना करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया था।

# लखनऊ से बाराबंकी चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने गुरुवार को यहां कहा कि बाराबंकी और लखनऊ के बीच में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएगी। लखनऊ बाराबंकी के बीच नगर बसें इसलिए बंद की गई थीं क्योंकि इससे काफी प्रदूषण फैल रहा था।

परिवहन मंत्री भाजपा के पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह के नवनिर्मित होटल का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर पूरे बहुमत के साथ केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में सरकार बनेगी। पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है। इस बार भाजपा पहले से ज्यादा सीटें जीतेगी। चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का आलम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब आम जनता भाजपा की कार्यकर्ता बनकर 2024 के चुनाव में काम करेगी।

यह पूछे जाने पर की क्या स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा के संपर्क में हैं उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य छोटे आदमी हैं।


परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का स्वागत करते हुए पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह।

### फिसली जुबान

परिवहन मंत्री से जब इंडिया गठबंधन के बारे में सवाल किया गया। तो उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन टूट रहा है। कई दलों ने साथ छोड़ दिया है। चुनाव आते-आते यह गठबंधन पूरी तरह टूट कर बिखर जाएगा।

# राशन के साथ बाजरा भी मुफ्त मिलेगा

**लखनऊ।** अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 28 फरवरी तक इस माह के राशन का वितरण किया जाएगा। मुफ्त खाद्यान्न वितरण के तहत राज्य के 41 जिलों में बाजरा का वितरण भी किया जाएगा। इन जिलों में लाभार्थियों को अंत्योदय कार्ड पर नौ किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल और पांच किग्रा बाजरा (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) का मुफ्त वितरण किया जाएगा। प्रदेश के शेष जिलों में अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा गेहूं और 21 किग्रा चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा। बाजरा वितरण के लिए जिन जिलों को शामिल किया गया है उनमें बांदा, प्रतापगढ़, जौनपुर, चंदौली, वाराणसी और बलिया, बुलंदशहर आदि जिले शामिल हैं।

# अभ्यर्थी बोले- भविष्य के साथ खिलवाड़

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

- आरओ/एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा-2023 पेपर लीक मामला
- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आंतरिक कमेटी ने शुरु की जांच

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) की रविवार को हुई प्री परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अभ्यार्थियों की तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि कोई पहले बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई बार पेपर लीक हुये है। परीक्षा में हुई गड़बड़ी हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

वहीं, पेपर लीक होने का आरोप लगने के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इस मामले की जांच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से कराने का निर्णय लिया है। इसकी जांच के लिए आयोग ने आंतरिक कमेटी भी बनाई है। बता दें कि 58 जिलों में परीक्षा कराने के लिए 2387 केद्र बनाए गए थे। जिसमें 10,76,004 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 64 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल किये गये थे। इस मामले में आरोप यह लगा था कि पहली पाली की परीक्षा में सोशल मीडिया पर साल्वर पत्र वायरल किया गया था। इसको लेकर गाजीपुर में छात्रों ने हंगामा भी किया था। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर वीडियो भी साझा की थी। हलांकि मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने भी आवाज उठाना शुरू कर दिया है। बुधवार को लोक सेवा आयोग के गेट के बाहर अधिकाधिक अभ्यर्थी बैठकर विरोध-प्रदर्शन भी करते दिखे। अभ्यर्थी आराधना सिंह ने कहा कि पेपर लीक मामले में आयोग लीपापोती कर सकता है। सरकार इसकी सही जांच कराए तो पूरा मामला साफ हो जाएगा। अजय यादव ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है। हम सालों-साल मेहनत करते हैं। लेकिन, पेपर लीक हो जाता है। इस बार की घटना से जीवन अंधकारमय से हो गया है। इस मामले कि सही तरीके से जांच कराई जाये। नरेश कुमार ने कहा कि अगर इसी तरह से होता रहा तो हम कैसे परीक्षा देंगे? सरकार नौकरी देने का दावा करती है और यहां पर पेपर लीक हो जाता है। इस मामले में लोकसेवा आयोग प्रयागराज के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### पेपर लीक के बाद हो रहा प्रदर्शन

रविवार को परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद सोमवार को आयोग गेट पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता हरेंद्र कुमार की अगुवाई में कई प्रतिभागियों ने प्रदर्शन और हंगामा किया था। उस दौरान भी यही कहा गया कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस मामले में हज़ारों अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

### जांच कर जल्द ही रिपोर्ट देगी एसटीएफ

लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया आज कई बिंदुओं पर एसटीएफ से जांच कराई जाएगी। जांच के लिए शासन से आदेश लेना है। इस मामले में आयोग की आंतरिक कमेटी का गठन कर जांच शुरु करा दी गई है। ने भी इसकी जांच शुरू कर दी है।

# जालौन में पलटा लोडर 16 मजदूर हुए जख्मी

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार :** चुर्खी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने में लोडर गड्ढे में पलट गया, जिसमें 15 महिलाओं समेत 16 लोग जख्मी हो गए।

चुर्खी-आटा ग्रामीण मार्ग पर एक लोडर 35 महिला श्रमिकों को लेकर आटा जा रहा था। तभी नूरपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में लोडर गड्ढे में पलट गया। हादसे में लोडर पर सवार राम सखी, लीलावती, रज्जन, बबली समेत 15 महिलाएं जख्मी हो गईं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। एसओ कमलेश प्रजापति ने बताया घायलों को भर्ती कराया गया।


घायल सवार। अमृत विचार

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सिकंदरा।** जगन्नाथपुर के पेट्रोल पंप के पास बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सधवापुर निवासी दीप सिंह (30) व देवेंद्र कुमार (40) गुरुवार को बाइक पर सवार होकर सामान खरीदने सिकंदरा आ रहे थे। तभी जगन्नाथपुर पेट्रोल पंप के पास बोलेरो कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सीएचसी सिकंदरा लाया गया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व एमएलसी तिलकराम को सजा

अयोध्या कार्यालय

- मजिस्ट्रेट को धमकी देने का मामला, दो हजार का जुर्माना

**अमृत विचार :** सर्किट हाउस का कमरा न बुक करने पर पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा को धमकी देने के मामले में सपा के पूर्व एमएलसी तिलक राम वर्मा को कोर्ट ने छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 2000 जुर्माना भी किया है। फैसला एमपी एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार शुक्ला की अदालत से गुरुवार को हुआ।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संजय दुबे व एपीओ आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि घटना 21 जून 2013 की है। तत्कालीन सपा सांसद प्रत्याशी तिलक राम वर्मा ने पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा के सीयूजी नंबर पर फोन कर उन्हें चुनाव प्रचार के लिए सर्किट हाउस में लगातार एक कमरा आवंटन के लिए कहा। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा लगातार रहने के लिए सर्किट हाउस का आवंटन नहीं किया। तिलकराम वर्मा आग बबूला हो गए और कहा कि तुम्हारा दिमाग खराब है। तुम्हारी औकात मेरी गाड़ियों के टायर के बराबर नहीं है। सिटी मजिस्ट्रेट को भद्दी-भद्दी गालियां भी दी। इस घटना से सिटी मजिस्ट्रेट का परिवार काफी सदमे में था। यह मामला उसे समय काफी चर्चित हुआ और मीडिया में उछलने के बाद सपा से सांसद प्रत्याशी तिलकराम वर्मा का टिकट काट दिया गया था। हालांकि बाद में ये एमएलसी बने थे। रिपोर्ट लिखे जाने के बाद विवेचक ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तिलकराम वर्मा को सजा दी। कोर्ट ने सजा सुनाए जाने के बाद तिलकराम वर्मा की ओर से प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का भी आदेश दिया। सजा सुनाए जाते समय काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता तथा सुरक्षा बलों की मौजूदगी रही।

# हाई कोर्ट के आदेश पर केडी सिंह बाबू का बंगला किया गया सीज

**बाराबंकी :** प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे बाबू केडी सिंह का पुश्तैनी बंगला गुरुवार को हाई कोर्ट के आदेश पर सीज कर दिया गया। बंगला सीज करने के लिए हाई कोर्ट द्वारा गठित की गई कमेटी भारी पुलिस बल के साथ जैसे ही बाबू केडी सिंह के बंगले पर पहुंची पूरे शहर में हड़कंप मच गया। लोग यह जानने के लिए उत्सुक थे कि बंगला क्यों सीज किया जा रहा है। बाबू केडी सिंह को पूरे जिले में बेहद सम्मान की नजर से देखा जाता रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बैरमपुर विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रूखाबाद**

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर/ प्रकाशन-2023-2024/ दिनांकः 15/02/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 **बैरमपुर** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक **16/02/2024 से 23/02/2024** तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक **23.02.2024** सायं 5:30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | हरीराम के घर से खडंजा तक नाली व इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 1.12लाख | 2% | 500/ |

**नियम एवं शर्तें** – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी।

**विमल कुमार यादव,** प्रधान — **दिलीप कुमार,** सचिव
ग्राम पंचायत बैरमपुर ,विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रूखाबाद

सियासत — भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत के लिए सड़कों पर लगाई होर्डिंग्स व पोस्टर

# होर्डिंग में राहुल गांधी को बताया जिगर वाला

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 18 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेगी। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में होर्डिंग्स और बैनर लगाना शुरु कर दिया है। राहुल गांधी की इस न्याय यात्रा को लेकर स्थानीय कांग्रेसी नेताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

संगम नगरी में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को शहर के सिविल लाइंस के चौराहो पर राहुल गांधी के स्वागत को लेकर कांग्रेसियों ने जगह-जगह पोस्टर और बैनर लगाना शुरू कर दिया है। जिसमें राहुल गांधी को जिगरवाला, हिम्मतवाला और दिलवाला बताया गया है। पोस्टर लगाने वाले कांग्रेसी नेता हसीब अहमद ने कहा कि राहुल गांधी ने बड़ा दिल दिखाते हुए हर वर्ग को अपने साथ जोड़ा है। इसलिए वह दिलावला है, राहुल गांधी सभी तबके को अपने साथ लेकर चल रहें हैं, जो बेहद हिम्मत का काम है इसीलिए उन्हे पोस्टर में हिम्मतवाला दिखाया गया है। साथ ही पोस्टर में राहुल गांधी को जिगरवाला भी संबोधित किया गया है। क्योंकि इकलौते राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जो देश के सभी तबके के लोगों की बात सदन में मजबूती से रखते हैं।



कांग्रेस द्वारा लगाई गई होर्डिंग। अमृत विचार

# होम्योपैथिक अस्पतालों में डॉक्टर-फार्मासिस्ट बढ़ेंगे

**लखनऊ।** होम्योपैथी विभाग में चिकित्सा अधिकारियों और फार्मासिस्टों की प्रोन्नति के बाद रिक्त पदों पर नई नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। जल्द ही होम्योपैथी विभाग 240 डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए उप्र लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेजेगा। होम्योपैथी निदेशक डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि 1182 चिकित्साधिकारियों से विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक के लिए जिलों से रिपोर्ट मांगी गई थी। बैठक में 240चिकित्साधिकारियों को वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद प्रोन्नति मिली है। जिसके बाद चिकित्साधिकारियों के पद रिक्त हो चुके हैं, शासन से अनुमति मिलने के बाद इन पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा जाएगा। डीपीसी के बाद 397 फार्मासिस्टों के पद रिक्त हो चुके हैं।

### देश बायोमेट्रिक अटेंडेंस देने पर मिलेगा वेतन

निदेशक डॉ.अरविंद कुमार ने बताया कि होम्योपैथी विभाग में कार्यरत चिकित्सक, फार्मासिस्ट व कर्मचारियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस देना अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देश दिए जा चुके हैं, फरवरी माह का वेतन उन्हीं अधिकारियों व कर्मचारियों को जारी किया जाएगा, जो बायोमेट्रिक अटेंडेंस दे रहें हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत संतोषापुर, विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रूखाबाद**

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर/ प्रकाशन-2023-2024/ दिनांकः 15/02/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

एसबीएम/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 **संतोषापुर** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक **16/02/2024 से 20/02/2024** तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक **20.02.2024** सायं 5:30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एसबीएम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आरआरसी) | बिल आफ क्वांटिटी | 4.68 | 2% | 500/ |
| 02 | राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त | प्राथमिक विद्यालय तेजापुर में टाइलीकरण | बिल आफ क्वांटिटी | 2.26 | 2% | 500/ |

**नियम एवं शर्तें** – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी।

**गुड्डी देवी**, प्रधान — **अरुन कुमार**, सचिव
ग्राम पंचायत संतोषापुर,विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद-फर्रूखाबाद

## एक नजर

### अन्नदाता का अपमान सरकार को पड़ेगा भारी : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। किसानों की मांगों को मानने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसायी जा रही है। अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा। पार्टी मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से कई झूठे वादे किए, बड़े-बड़े सपने दिखाए। भाजपा के झूठे वादों से किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है। किसानों को अब भाजपा सरकार के झूठे वादे नहीं चाहिए। भाजपा किसान के हितों के बजाय पूंजीपतियों के हितों का संरक्षण कर रही है। किसान को बिचौलियों का बंधक बनाकर रखना चाहती है। सपा प्रमुख ने कहा कि देश का किसान अब एकजुट होकर भाजपा को सबक सिखाएगा।

# समाज सेवा को लेकर उद्योग घराने करेंगे कई घोषणाएं

**जीबीसी**

## समाज की जिम्मेदारी उठाने को लेकर अरबों का फंड जुटाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने बनाई गरीबों की मदद को लेकर नायाब कार्य योजना
- कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद करेगी शीर्ष अधिकारियों की टीम

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने जीबीसी के दौरान 10.15 लाख करोड़ के करीब 15 हजार निवेश प्रस्तावों को धरातल उतारने के साथ उद्योग घरानों से गरीबों की मदद के लिए भी एक नायाब कार्य योजना तैयार की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनसे शासन के शीर्ष अधिकारियों से संवाद करके समाज की जिम्मेदारी से जुड़ी कार्य योजनाएं साझा करेंगे। उम्मीद है कि कुल लाभ पर दो फीसदी सीसीआर के रूप में दिग्गज कंपनियों के पास हर साल अरबों की धनराशि से राज्य को बड़ा फंड हासिल होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी से आयोजित तीन दिनी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में दूसरे दिन कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद के लिए हाल तैयार हो रहा है। कई विभागों ने उद्योग घरानों को सीसीआर फंड देने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। समाज सेवा पीपीटी समेत आडियो-वीडियो प्रदर्शन के साथ जरूरत पड़ने पर लाइव जोड़ने की भी पूरी तैयारी है।

दअरसल, भारत में कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) संशोधन नियम- 2022 कंपनियों को सामाजिक उत्तरायित्व से जोड़ता है। इसके लिए कंपनियों को मौजूदा वित्तीय वर्ष से पहले के तीन वित्तीय वर्षों से अपने औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सीएसआर के जरिए सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल पर खर्च करना होता है। ज्यादातर प्रतिष्ठित कंपनियां सीएसआर के तहत करोड़ों रुपए सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहलों पर खर्च करते हैं।

### छह विभागों के शीर्ष अधिकारी देंगे प्रजेंटेशन

20 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जीबीसी में सक्रिय प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों के बीच संगोष्ठी के दौरान सीधे संवाद होगें। महिला एवं बाल विकास, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दुग्धशाला विकास विभाग और खेल विभाग के शीर्ष अधिकारी प्रदेश में सीएसआर से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स से अवगत कराएंगे। साथ ही सीएसआर उद्देश्यों के अनुरूप सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से भी कॉर्पोरेट्स को परिचित कराएंगे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी को लेकर बनायी जा रही मुख्य सड़क। अमृत विचार

## आईजीपी की मुख्य सड़कें बना रहा एलडीए

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) को सजाया और संवारा जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को एलडीए ने आईजीपी की मुख्य सड़कों को बनाने का काम शुरू कर दिया। मेहमानों के स्वागत में प्रतिष्ठान को जगह-जगह फूलों और लाइटिंग से सजाया जा रहा है। प्रवेश द्वार पर उद्यान विभाग ने वर्टिकल गार्डेन लगाकर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया है। इसके अलावा गमले और पौधे भी लगाए हैं। बिल्डिंग और गमलों को भी पेंट किया गया है। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। सचिव विवेक श्रीवास्तव और संयुक्त सचिव एसपी सिंह की देखरेख में ओएसडी राजीव कुमार और रविनंदन सिंह की इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियां की जा रही हैं। अधिशासी अभियंता संजय जिंदल सिविल कार्य और उद्यान अधीक्षक कर्ण सिंह द्वारा औद्यानिक कार्य कराए जा रहे हैं।

# वैश्विक समुदाय को नया संदेश दे रहा वनवासी समाज

## सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण में बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वनवासी समाज देश के अतीत की परंपराओं का वाहक है। अगर प्रकृति और परमात्मा के बीच में समन्वय नहीं होगा तो प्रलय जरूर आएगा। इससे बचना है तो हमें वन परंपरा के साथ जुड़ना होगा और कहीं न कहीं अरण्य संस्कृति को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित भी करना पड़ेगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एचपीसीएल के सीएसआर फंड के सहयोग से सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण एवं सारंग धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के साथ गोरखपुर में श्री राम वनवासी छात्रावास की स्थापना 1984 में हुई थी। पूर्वोत्तर के राज्यों में जहां पहले कोई जा नहीं सकता था। उस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सानिध्य में संचालित सेवा समर्पण संस्थान के श्री राम वनवासी छात्रावास में यहां के बच्चों को लाकर भारत के साथ जोड़ कर उन्हें राष्ट्र और समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा गया। आज पूरा पूर्वोत्तर भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ जुड़ करके आत्म गौरव की अनुभूति करता है। भारत को जोड़ने का सबसे बड़ा कार्य प्रचारकों ने किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत भाग इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिये।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक संजीव, प्रांत प्रचारक कौशल, राजीव गोयल, जितेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।




मोहनलालगंज में धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास के दौरान मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

- एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिए : योगी

### महिला आत्मनिर्भर तो समाज सशक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अप्रैल से 25 हजार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है।

**इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-दुनिया का सफलतम मॉडल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। वे गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा :** गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## फाइलेरिया खात्मे के लिए जारूगकता बढ़ाए : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य टीम से कहा कि सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रदेशवासियों को सिर्फ दवा न खिलाएं बल्कि जागरूक भी करें। अगर, मात्र चार दिनों में लक्ष्य का करीब 20 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है तो 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत अच्छी है। फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने गुरुवार को बताया कि एमडीए अभियान में कुल तीन करोड़ 60 लाख 25 हजार 891 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके सापेक्ष सिर्फ चार दिन में ही 66 लाख 14 हजार 589 यानि करीब 20 प्रतिशत लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा खा ली है। उन्होंने बताया कि साल 2026 तक फाइलेरिया मुक्त प्रदेश बनाने के लिए जहां एक ओर घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर चिन्हित मरीजों को इलाज और दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी) का प्रशिक्षण व किट दी जा रही है।

# लामार्टिनियर में बनेंगे तीन हेलीपैड, चमकेगी सड़कें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 19 फरवरी से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर लामार्टिनियर स्कूल में तीन अस्थायी हेलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है।

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि लामार्ट विद्यालय में तीन अस्थायी हैलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन स्थल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने के लिए लामार्ट स्कूल से कालिदास चौराहा, 1090 चौराहा, समतामूलक चौराहा व लोहियापथ चौराहा एल-शेप उपरिगामी सेतु पर रंगाई-पुताई, फुटपाथ मरम्मत, डिवाइडर की रंगाई-पुताई संबंधी कार्य चल रहा है तथा मार्ग की साफ-सफाई का भी कार्य प्रगति में है। आवश्यकतानुसार समता मूलक चौराहे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले लोहियापथ पर सतह मरम्मत का कार्य कराया जा चुका है।

### वीआईपी मार्ग किया जा रहा तैयार

शहर में स्थित हैरीटेज जोन जाने वाले सम्बन्धित मार्गों पर भी आवश्यकतानुसार मरम्मत संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से अवध चौराहा होते हुए इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मेहमानों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वीआईपी मार्ग पर मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है।

## अयोध्या भेजी गयी डॉक्टर समेत 110 स्वास्थ्य कर्मियों की टीम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से रोजाना आने वाले विशिष्ट व सामान्य श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को भेजी है। इसके लिए स्वास्थ्य महानिदेशक ने लखनऊ, बाराबंकी, समेत विभिन्न जिलों से 40 डॉक्टर व 40 फार्मासिस्ट के अलावा 30 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने बताया कि अयोध्या में गत माह 15 जनवरी से एक माह के लिए डॉक्टर व फार्मासिस्टों की बड़ी टीम तैनात की गई थी। भीड़ अनवरत बनी हुई है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को अगले एक माह के लिए नियुक्त किया गया है। इसके लिए राजधानी समेत विभिन्न जिलों से डॉक्टर, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही एंबुलेंस पूर्व की भांति सक्रिय रहेंगी।



ईडी-सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में लखनऊ स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन करने जाते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस। अमृत विचार

## आप के व्यापार प्रकोष्ठ ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ट के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी, यूपी में महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर जीपीओ पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों से पहले ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। आप कार्यकर्ता गांधी प्रतिमा पर पुलिस फोर्स को देखकर जीपीओ के अंदर छिप गये। जानकारी होते ही पुलिस जीपीओ के अंदर पहुंच गई और वहीं से आप पार्टी के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना शुरु कर दिया। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।

## मिली लक्ष्मी तो आसान होगी शिक्षा की राह

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्रों को विद्या प्राप्त करने के लिए अब लक्ष्मी की कमी से दो चार नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश के ढाई लाख छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि चली गई है। जबकि 60 प्रतिशत केंद्रांश के लिए जल्द ही डाटा भेजा जाएगा और राशि की मांग की जाएगी। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जाना है। अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका लाख दिया जाता है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नवंबर से शुरू हुए थे और जनवरी में आवेदन के लिए दो बार तिथि बढ़ाई गई थी। इस बाद प्री मैट्रिक्स में पढ़ने वाले लगभग ढाई लाख छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। छात्रवृत्ति के लिए 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र की ओर से जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाती है। विभाग ने राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले राज्यांश के तहत 38 करोड़ की राशि बच्चों के खाते में भेज दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्रों का पूरा ब्योरा केंद्र को भेजा जाएगा। साथ ही केंद्र से 60 प्रतिशत शेष राशि का भुगतान करने के लिए बजट मांगा जाएगा।

## वर्ग पहेली-344

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना

4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।

5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।

6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।

7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।

8. पैर।

9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।

3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।

4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।



### वर्ग पहेली - 343 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठ | | 2 फ | | 3 चि |
| | ह | | ल | | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| | ना | | फू | | |
| | | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | | |
| | | ना | | 7 पै | रा |

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

**वृष** – आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

**मिथुन** – आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

**सिंह** – आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

**कन्या** – आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

**तुला** – आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।

**धनु** – आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

**मकर** – आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

**मीन** – आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 08.47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

**बागी**
सुबह : 09.19

**एजेंट विनोद**
रात : 07.58

**तू झूठी मैं मक्कार**
सुबह : 10.22

**ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान**
रात : 09.37

**जुमांजी**
सुबह : 10.53

**ब्राइटबर्न**
रात : 09.00

**मशीन**
सुबह : 10.30

**भीड़**
रात : 07.30

**ग्रेट गैंबलर**
दोपहर : 01.19

**शेरशाह**
रात : 10.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर
सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14000-14200 |
| अरहरस्पेशल1 | 11800-12000 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 5200-5300 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीति से निपटने में चुनौतियां

## गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

### नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

# निर्यात 3.12% बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जनवरी में व्यापार घाटा 9 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया



लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में कुल निर्यात 4.89 प्रतिशत घटकर 353.92 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान आयात 6.71 प्रतिशत घटकर 561.12 अरब डॉलर हो गया। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों में 207.2 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ जबकि अप्रैल-जनवरी, 2022-23 में यह 229.37 अरब डॉलर रहा था।

पिछले 10 माह में कच्चे तेल का आयात 15.91 प्रतिशत घटकर 146.75 अरब डॉलर रह गया जबकि सोने का आयात 301.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 38 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत ने लाल सागर संकट, विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और जिंस कीमतों में गिरावट के बावजूद 'जनवरी में उत्पाद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि' दर्ज की है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,225 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,100-47,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## भारतीयों के कनाडा चीन, अमेरिका और ब्रिटेन पंसदीदा स्थल

**नई दिल्ली।** बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किये1 उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीज़ा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

## सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया



दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

## ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# राष्ट्रीय

**सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर...**



जम्मू में गुरुवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर के दौरान महिला कलाकारों ने मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

## भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया। इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

# संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशाखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशाखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

### बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

## एक नजर

### भाजपा की आज से होगी राष्ट्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को यहां स्थित भारत मंडपम में शुरू होगी, जिसमें देश भर के करीब 11,500 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिनिधियों में देश भर से पार्टी के पदाधिकारी, वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक और निर्वाचित महापौर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा होगा।

### तमिलनाडु में भाजपा पदाधिकारी की हत्या

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मदुरै शहर में वंडियूर टोल प्लाजा के पास एक अज्ञात बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी की गुरुवार को बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान एम.पी. शक्तिवेल (40) के रूप में हुई है। वह मदुरै शहरी जिले के भाजपा के ओबीसी विंग के सचिव थे। जब वह मोटरसाइकिल चला रहे थे तो हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उनकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी राजाजी अस्पताल (जीआरएच) भेज दिया गया।

## गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

## एनआईए ने महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापे मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**आईएसआईएस षड्यंत्र मामला**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की साजिश से संबंधित एक मामले में महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापों के बाद बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में नौ जगहों पर अनेक संदिग्धों के आवासों पर छापों के दौरान मोहम्मद जोहेब खान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मामले से संबंधित अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि खान के खिलाफ मामला एनआईए मुंबई द्वारा इस जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था कि उसने और उसके साथियों ने आईएसआईएस खलीफा के लिए काम करने की शपथ ली थी।

# अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

**मुंबई, एजेंसी**

- विधानसभा अध्यक्ष राहुल ने खारिज की सभी याचिकाएं
- नार्वेकर बोले-संख्या के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी



महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।

उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिये जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी।

विधानसभा अध्यक्ष हुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार खेमे में ज्यादातर विधायक थे। उन्होंने कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राकांपा-शरदचंद्र पवार पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह शिवसेना में अयोग्यता मामले में दिये नार्वेकर के पूर्व के फैसले का ही दोहराव है।

## पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी खारिज

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात एवं रंगदारी के मामले में अभियुक्त बनाए गए पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत याचिका आज खारिज कर दी। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की विशेष अदालत के प्रभारी न्यायाधीश आशुतोष खेतान ने यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें जमानत पर मुक्त किए जाने से इनकार कर दिया। पूर्व सांसद श्री यादव की ओर से विशेष अदालत में 13 फरवरी 2024 को आत्म समर्पण सह जमानत याचिका दाखिल की गई थी लेकिन जमानत अर्जी पर बहस नहीं की गई थी।

## कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।

# भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

## राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी



**311** वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज

**312** वें खिलाड़ी चुने गए ध्रुव जुरेल

भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।

### पिता के सामने खेलना चाहता था: सरफराज

सरफराज का सपना पिता के सामने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना था। उनका सपना गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण से साकार हुआ। स्टेडियम में मौजूद उनके पिता नौशाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। सरफराज ने कहा कि मैदान पर आना और पिता के सामने कैप लेना और उनके सामने भारतीय टीम के लिए खेलूं। पिता के सामने भारत के लिए खेलने से अधिक रन और प्रदर्शन मायने नहीं रखते।

# टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।

### रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हों, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरू में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम आस्ट्रेलिया से 4-6 से हारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम के काम नहीं आए, जिसने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में 3 गोल गंवा दिए और 4-6 से हार गई। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 12वें और 20वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागे जबकि सुखजीत सिंह ने 18वें और मंदीप सिंह ने 29वें मिनट में मैदानी गोल से 4-2 से बढ़त बनाई थी। अंतिम क्वार्टर में मैच का रूख बदल गया। आस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने दूसरे मिनट दो गोल, अरान जालेवस्की ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से, लाचलान शार्प ने 52वें मिनट में, जैकब एंडरसन ने 55वें और जैक वेल्च ने 58वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। आस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में दो गोल करके भारत को हैरान कर दिया था।

### फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35 .63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब यह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

### कोलमैन को हराकर नागल क्वार्टरफाइनल में



बेंगलुरु ओपन

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के दूसरे वरीय सुमित नागल को गुरुवार को हांगकांग के कोलमैन वांग से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन वह एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले को जीतकर बेंगलुरू ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। नागल ने 6-2, 7-5 से जीत हासिल की। नागल ने पहले सेट में 2-0 की बढ़त बनाई। नागल को फिर आठवें गेम में एक और ब्रेक मिला, जिससे उन्होंने पहला सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में वोंग ने नागल को संघर्ष कराया। पहले चार गेम में दोनों ने अपनी सर्विस पर गेम जीते। कोलमैन ने पांचवें गेम में नागल की सर्विस तोड़ी, जिससे इस टूर्नामेंट में पहली बार नागला ने अपनी सर्विस 'ड्राप' की। नागल ने छठे गेम में सर्विस ब्रेक कर स्कोर 3-3 कर दिया। सातवें गेम में नागल 0-40 से पीछे थे और वोंग ने दो विनर जमा दिए। नागल ने खेल में सुधार करते हुए स्कोर 'ड्यूस' किया और 4-3 से आगे हो गए। नागला को 10वें गेम में मैच खत्म करने का मौका मिला लेकिन वोंग ने दोनों मैच प्वाइंट बचा दिए। नागल ने 12वें गेम में तीसरे मैच प्वाइंट में मौका नहीं गंवाया। वोंग ने 40-30 पर मजबूत वॉली लगाई पर नागल ने फोरहैंड क्रॉस कोर्ट विनर से मैच अपने नाम किया।

# रोहित और जडेजा के शतक से भारत संभला

## भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर गंवाए तीन विकेट

राजकोट, एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ



नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव एक रन पर खेल रहे थे।

रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में उन्होंने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने रेहान को निशाने पर रखा, लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित इस तेज गेंदबाज की एक और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद पर 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद पर अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक बनाया। उन्होंने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद पर 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह पहला टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा चारों तरफ शॉट लगाया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद पर छक्का मारकर 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान
- इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर लिए 3 विकेट, हार्टली ने लिया 1 विकेट

### जडेजा ने सरफराज से मांगी माफी

**राजकोट।** रविंद्र जडेजा ने तीसरे टेस्ट के पहले दिन रन के लिए बुलाने के गलत फैसले के लिए सरफराज खान से माफी मांगी, जिससे वह रन आउट हो गए। 1 रन के लिए बुलाने के जडेजा के गलत फैसले से सरफराज गेंदबाजी छोर पर रन आउट हो गए। जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'सरफराज के लिए बुरा लग रहा है। यह मेरा गलत फैसला था, आप अच्छा खेले।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | | | 326/5 (86 ओवर) |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा (खेल रहे) | 110 | 212 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड) | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव (खेल रहे) | 01 | 10 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी:** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

# डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

# भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

बीएटीसी



भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।

## बॉलीवुड हलचल

### शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

### आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।' पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है . वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।

### मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री



बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।

### एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा



फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

### शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

